

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 04 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 14 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'ज्ञानवापी का धार्मिक चरित्र तो देखना होगा'

### सुप्रीम कोर्ट ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर कहा, अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को

नई दिल्ली. ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्ष (अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी) की तरफ से हुजैफा अहमदी ने कहा कि मुख्य याचिका मेंटेनेबिलिटी की है, अगर ये मेंटेनेबिल नहीं रहा तो बाकी की याचिका का कोई मतलब नहीं रह जाएगा. शीर्ष अदालत ज्ञानवापी मामले में दाखिल कुल तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है.

हुजैफा अहमदी ने शीर्ष न्यायालय से कहा कि सुनवाई टाल दी जाए किसी रेगुलर मैटर वाले दिन सुनवाई की जाए क्योंकि आज का कोर्ट का वक्त समाप्त हो रहा है. सुनवाई के दौरान प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को लेकर भी बहस हुई. मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच कर रही है, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं.



सीजेआई ने मुस्लिम पक्ष के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि ये मामला 1992 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट की वजह से नहीं सुना जा सकता, लेकिन उसका धार्मिक चरित्र क्या था ये तो देखना होगा. इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने कहा कि हिन्दू पक्ष ने खुद ही कहा है कि वो मस्जिद थी, लेकिन हिन्दू पक्ष ने इससे इनकार दिया और कहा कि उसने ऐसा नहीं कहा है. फिर उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई को 16 अक्टूबर तक के लिए टाल दी.

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने गाजी किलर वीर चक्र विजेता कमांडर इंदर सिंह के निधन पर प्रकट की श्रद्धांजलि

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण**
**हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः गाजी किलर वीर चक्र विजेता कमांडर इंदर सिंह का 99 वर्ष की आयु में 9 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया था। उन्हें श्रद्धांजलि देने वाले लोगों का उनके झंग कालोनी स्थित घर पर आना लगातार जारी है। 12 अक्टूबर दोपहर बाद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ,रोहतक के वर्तमान विधायक भारत भूषण बत्रा, पूर्व विधायक संत



कुमार, पूर्व विधायक चक्रवर्ती शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देने झंग कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचे । उन्होंने उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनकी पवित्र आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रधान रहते हुए उनके कार्यों उनकी नेक दिली , कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी का जिक्र करते हुए उनको याद किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित उनके दामाद वॉइस एडमिरल नसीब सिंह नैन, उनके मझले पुत्र कैप्टन वेद प्रकाश मलिक और परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

## उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने की मेगा रोड शो की शुरूआत

### राजस्थान में जे जे पी ने विधानसभा चुनावों के लिए किया शंखनाद

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 13अक्टूबरः हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फेफाना से मेगा रोड शो की शुरूआत कर राजस्थान में जेजेपी की ओर से विधानसभा चुनावों का शंखनाद किया। जनसंकल्प यात्रा के रूप में आरंभ हुए इस मेगा रोड शो में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में सैंकड़ों गाडिड़्यों का काफिला शामिल हुआ।

यह संकल्प यात्रा अपने प्रथम चरण में फेफाना से होकर रावतसर, राजियासर, रघुनाथपुरा, सरदारपुरा, नोहर सिटी, बिरवाना, जैतसर व सूरतगढ़ शहर तक पहुंची। जिस जिस स्थान से यह जनसंकल्प यात्रा गुजरी। हजारों लोगों ने उपमुख्यमंत्री हरियाणा दुष्यंत चौटाला का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस दौरान हजारों लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी परिवार नवरात्रे के दौरान अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने पहले भी जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला को दिया है, इस बार भी यह स्नेह व सहयोग कायम रहेगा। उन्होंने दावा



किया कि राजस्थान में विधानसभा का ताला केवल जेजेपी की चाबी से ही खुलेगा। जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए का हिस्सा है फिर भी जेजेपी अपने दम पर 30 से 35 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी का मकसद है कि राजस्थान की सत्ता की कमान किसान के बेटे के हाथ मे ही। उन्होंने नारा दिया कि चाबी का निशान होगा, मुख्यमंत्री किसान होगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी का मकसद है कि राजस्थान की सत्ता की कमान किसान के बेटे के हाथ मे ही। उन्होंने नारा दिया कि चाबी का निशान होगा, मुख्यमंत्री किसान होगा। यह संकल्प यात्रा जहां जहां से गुजरी वहां वहां यात्रा में गाडिड़्यों का काफिला जुड़ता ही गया। इसके बाद हरियाणा के डिप्टी सीएम की अगुआई में जनसंकल्प यात्रा सूरतगढ़ विधानसभा में पहुंची। जेजेपी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पिरथीराज मील ने डिप्टी सीएम व अन्य नेताओं का स्वागत किया। जनसंकल्प यात्रा आज सूरतगढ़ शहर, से होती हुई राजियासर, बिडवाना, रघुनाथपुरा, जैतसर पुली, सरदारपुरा बिका आदि स्थानों पर पहुंची। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पृथ्वीराज मील को अधिक से अधिक मतों से जीतने की अपील की और राजस्थान में कांग्रेस को सता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। रोड शो में पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ के सी बांगड़, संगठन सचिव राजेंद्र लितानी , पार्टी के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला सहित अन्य नेता शामिल हुए।

## मुझे कप्तानी की परवाह नहीं... एक मैच के कारण इसे गंवाऊंगा नहीं, भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बाबर आजम की ललकार

नई दिल्ली. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम का कहना है कि उन्होंने कप्तानी करते समय कभी ये नहीं सोचा कि किसी एक मुकाबले की वजह से वह इस पद को गंवा देंगे. भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे विश्व कप में शनिवार को आमना सामना होगा. यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा जहां लगभग 1 लाख 30 हजार दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है. बाबर का कहना है कि इस मुकाबले में रिजल्ट पाकिस्तान के पक्ष में नहीं रहा तो, इसका ये मतलब नहीं कि वो कप्तानी से हाथ धो बैठेंगे.

## जल्द ही 350 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करेगा परिवहन निगम

### निर्णय के लिए बोर्ड में भेजा गया प्रस्ताव, 2028 तक 5 हजार इलेक्ट्रिक बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया जाना प्रस्तावित

लखनऊ, 13 अक्टूबरः उप्र परिवहन निगम द्वारा 100 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने तथा 250 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को जीसीसी मॉडल पर सीईएसएस के माध्यम से अनुबंध करने के लिए परिवहन निगम बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। इन बसों को भारत सरकार पीएमई बस सेवा के अंतर्गत अनुबंध पर लेने की कार्यवाही की जायेगी। जल्द ही बोर्ड द्वारा इस पर निर्णय लिया जायेगा। इन बसों के बेड़े में शामिल होने से प्रदेश के लोगों को यात्रा के लिए अच्छी और सुविधाजनक इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध होंगी।

**2028 तक 5 हजार बसों को निगम के बेड़े में शामिल करने का प्रस्ताव**

परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि 30 जून 2028 तक 5 हजार इलेक्ट्रिक बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। इन बसों



को एनसीआर क्षेत्र तथा प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों में संचालित किया जायेगा। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर संचालन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग के निदेशानुसार इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसों का ही संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक तथा पर्यटन स्थलों के इलेक्ट्रिक बसों से जोड़ने के लिए परिवहन निगम लगातार कार्य कर रहा है।

**100 बसों को लखनऊ-गाजियाबाद में चलाया जाएगा**

परिवहन मंत्री ने बताया कि 100 इलेक्ट्रिक बसों को लखनऊ व गाजियाबाद तथा 250 अनुबंधित बसों को गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर एवं लखनऊ में चलाया जायेगा। प्रदेश के लोगों को अधिक परिवहन सुविधाओं से जोड़े जाने की योजना पर परिवहन निगम कार्य कर रहा है।

## बेंगलुरु के घर में बिस्तर के नीचे मिले 42 करोड़ कैश, KCR की पार्टी ने कांग्रेस को घेरा, चुनावी फंडिंग से जोड़े तार

**समाज जागरण**

**हैदराबाद**. बेंगलुरु के एक घर में गुरुवार देर रात बिस्तर के नीचे 22 बक्सों में 42 करोड़ रुपए से अधिक नकदी छिपी हुई मिली. यह नकदी एक पूर्व महिला पार्षद और उसके पति पर आयकर छापे के बाद बरामद की गई है. तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव ने अब इस बरामदगी को अपने राज्य में चुनावी फंडिंग से जोड़ा है.

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता ने शुक्रवार को दावा किया कि यह धन तेलंगाना टैक्स के नाम पर बिल्डरों, स्वर्ण व्यवसायियों और ठेकेदारों से इकट्ठा किया गया था और मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की अगुवाई वाले राज्य में कांग्रेस के चुनाव अभियान की फंडिंग के लिए पड़ोसी राज्य से भेजे गए 1,500 करोड़ रुपए का हिस्सा था.



एनडीटीवी में प्रकाशित खबर के मुताबिक, हरीश राव ने आरोप लगाया, ह्लकांग्रेस यहां चुनाव जीतने के लिए तेलंगाना में पैसा लगाने की कोशिश कर रहे हैं. वे टिकट भी बेच रहे हैं, लेकिन वे यहां नहीं जीतेंगे.ह्व बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों में वोट खरीदने के लिए तेलंगाना में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सी.एन. अश्वथ नारायण ने भी कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह पैसा पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए धन जुटाने के वास्ते कमीशन के रूप में ठेकेदारों से इकट्ठा किया गया है.

उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप सबूतों के साथ साबित होते हैं. नारायण ने कहा कि यह तो वसूली की छोटी सी खेप है और ऐसी कई खेप मिल सकती हैं. नारायण ने अन्य ठेकेदारों से अपील की कि उन्होंने कथित रूप से जो धन दिया है, उसके बारे में खुलकर बताएं.

## डीएम से पंचायत सरकार भवनों को क्रियाशील करने हेतु जदयू नेता का अनुरोध।

### ठाकुरगंज प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत सरकार भवन का हाथी का दांत बनने का मामला।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता,**
**ठाकुरगंज (किशनगंज)**

"हैलो, डीएम सर, नमस्ते। हमारे प्रखण्ड के पंचायत सरकार भवनों को क्रियाशील कीजिए।" – उक्त बातों को डीएम,किशनगंज के फोन पर कहते हुए अहमद हुसैन, जदयू नेता जो जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भी हैं, ने बदहाल व्यवस्था से अवगत कराया और उनके व्हाट्सएप नम्बर पर लिखित आवेदन प्रेषित किया।

जदयू नेता ने डीएम को बताया कि प्रखंड क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में डाटा ऑपरेटर प्रतिनियुक्त किया गया है,लेकिन एक भी पंचायत में संबधित कर्मी नही पहुंचते है।जबकि सरकार ने पंचायत कार्यपालक सहायक के रूप में डाटा ऑपरेटर को बहाल किया गया है ताकि पंचायत के लोगों को आम सुविधा मिल सकें। डाटा ऑपरेटर के नही आने से गरीबों का काम अधर में लटका हुआ है। लोग बताते है कि पंचायत में नियुक्त डाटा ऑपरेटर,आवास सहायक एवं कर्मी का दर्शन भी दुर्लभ है। बताया जाता है कि सिर्फ नाम से ही इनकी प्रतिनियुक्ति पंचायतों में है। इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है।पंचायतों के पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत भवनों में ना तो डाटा ऑपरेटर आते है ना ही आवास सहायक, ना ही राजस्व कर्मचारी, ना ही कोई अन्य कर्मी ।ऐसे ही परिस्थिति में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र,राशन कार्ड,आय प्रमाणपत्र बनाने के लिए लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने-



जाने में पूरी दिन का बबार्दी एवं रूपयों की खर्च होती है।किसान सलाहकार से भी भेंट करने हेतु प्रखण्ड मुख्यालय ही जाना पड़ता है। जबकि प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग बिहार पटना के पत्रांक 8468 में सख्त निर्देश पारित है कि राजस्व कर्मचारी,पंचायत सचिव,ग्राम कचहरी सचिव,तकनीकी सहायक,लेखापाल सहायक, कार्यपालक सहायक,पंचायत रोजगार सेवक,आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, विकास मित्र, किसान सलाहकार सभी को उक्त पंचायत सरकार भवन में उपस्थित रहना अनिवार्य है। लेकिन सरकार के इस आदेश को भी स्थानीय प्रखंड प्रशासन एवं कर्मी नजरअंदाज कर आम जनता को परेशानी में डाल रहे हैं।

**अब देखना यह है कि जदयू नेता के इस मांग पर नवपदस्थापित डीएम कबतक व किस प्रकार की कार्रवाई करते हैं।**

## क्या है गाजा मेट्रो ? इजरायल के लिए बहुत बड़ा चैलेंज है हमास का अंडरग्राउंड नेटवर्क, जमीन के अंदर सुरंगों की भूलभुलैया

**यरुशलम**. फिलिस्तीन के आतंकवादियों के साथ चल रहे युद्ध के छठे दिन शुक्रवार को इजरायल ने हमास के आतंकियों को उनके ठिकाने से बाहर निकालने के लिए गाजा में सभी हथियार चलाने के अपने इरादे का संकेत दिया. इस बीच गाजा मेट्रो – शहर के अंतर्गत एक नेटवर्क – की चर्चा जोरों पर है. विशेषज्ञों के अनुसार, यह इजरायली सेना के लिए एक चुनौती है क्योंकि गाजा में जमीनी आक्रमण का अनिवार्य रूप से मतलब होगा कि इजरायली सेना को हमास द्वारा बिछाई गई



भूलभुलैया में चलना होगा. हालांकि, भूलभुलैया से बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इससे दोनों तरफ बड़े पैमाने पर लोग मारे जा सकते हैं. इजरायल इस अंडरग्राउंड नेटवर्क को गाजा मेट्रो कहता है. बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक ऐसे क्षेत्र के नीचे है जो केवल 41 किमी लंबा और 10 किमी चौड़ा है, लेकिन यह गुप्त सुरंग 41 किमी से भी अधिक लंबी है क्योंकि इसमें भूलभुलैया हैं. 2021 में, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया था कि उसने हवाई हमलों में 100 किमी से अधिक सुरंगों को नष्ट कर दिया. हमास का दावा है कि उसका ये नेटवर्क 500 किमी से अधिक लंबा है. फिलिस्तीनी इतिहासकार हरेल चोरेव ने सीएनबीसी को बताया कि वास्तव में कोई नहीं जानता कि अंडरग्राउंड क्या है.

## विलियम्सन - मिचेल के तूफान में उड़ा बांग्लादेश, वर्ल्ड कप में कीवियों ने लगाई जीत की हैट्रिक

नई दिल्ली. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का वनडे विश्व कप 2023 में धमाल जारी है. कीवी टीम लगातार तीसरी जीत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप पर पहुंच गई है वहीं साउथ अफ्रीका एक पायदान नीचे खिसक गई है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की.

# राजनीति : यथा राजा, तथा प्रजा

**दैनिक समाज जागरण**

क्या दुनिया युद्ध से मोक्ष पा सकती है ? क्या दुनिया के पास युद्ध के तर्पण कोई कोई विधि है ? जबाब मिलेगा शायद नहीं। अगर ऐसा कुछ होता तो धरती पर युद्ध होते ही नही। युद्ध को लेकर एक और तथ्य काबिले गौर ये है कि युद्ध के समय युद्धरत देश के राजा और प्रजा का रिश्ता भी एक जैसा होता है। यदि नेतृत्व कमजोर है तो युद्ध अवश्यम्भावी हो जाता है और यदि नेतृत्व मजबूत है तो न युद्ध होता है और न वाक्युद्ध। वाक्युद्ध को ' शीतयुद्ध ' भी कहते हैं।

फिलस्तीन और इजराइल के बीच युद्ध का कोई पहला मामला नहीं है। इजराइल भी भारत की तरह अपनी आजादी का अमृतकाल मना रहा है किन्तु उसे यहां तक आते - आते लगातार युद्धों का सामना करना पड़ा है। इजराइल अपने पड़ौसी देश के साथ 10 युद्ध लड़ चुका है। ये ग्यारहवां युद्ध है और शायद अब तक का सबसे ज्यादा विनाशकारी भी। इस विनाशकारी युद्ध में दोनों पक्षों के हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। ये सिलसिला थमने में कितना वक्त और लगेगा ,ये कोई नहीं जानता। इजराइल के मौजूदा प्रधानमंत्री नेतन्याहु के कार्यकाल का शायद ये चौथा युद्ध है।

इजराइल के साथ भारत के रिश्ते नए नहीं हैं लेकिन उनमें नरमी-गर्मी होती रहती है। भारत ने वर्ष 1950 में इजरायल को आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी थी, लेकिन दोनों देशों द्वारा 29 जनवरी, 1992 को ही पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित किये गए । भारत दिसंबर 2020 तक इजरायल के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले 164 संयुक्त राष्ट्र सदस्य राज्यों में से एक था।भारत ने अपनी पारम्परिक विदेशनीति पर चलते हुए इजराइल के पुश्तैनी शत्रु फिलस्तीन के साथ भी अपने रिश्ते बनाये और इजराइल से पहले बनाये। भारत फिलिस्तीन मुक्ति संगठन के अधिकार को "फिलीस्तीनी लोगों का एकमात्र वैध प्रतिनिधि" के रूप में समकालीन रूप से मान्यता देने वाला पहला गैर-अरब देश था। मार्च 1980 में पूर्ण राजनयिक संबंधों के साथ 1975 में भारतीय राजधानी में एक पीएलओ कार्यालय स्थापित किया गया था। भारत ने 18 नवंबर 1988 को घोषणा के बाद फिलिस्तीन की राज्यता को मान्यता दी थी हालांकि भारत और पीएलओ के बीच संबंध पहली बार 1974 में स्थापित हुए थे।

बात यथा राजा ,तथा प्रजा की हो रही थी । भारत के इजराइल और फिलिस्तीन से रिश्तों के बावजूद भारत की जनता हमेशा फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी। फिलिस्तीन के तत्कालीन प्रमुख यासर अराफात और भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की दोस्ती शायद इसकी वजह थी । मजे की बाते ये कि इंदिरा गाँधी और अराफात के घनिष्ठ रिश्तों के बावजूद कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री फिलस्तीन नहीं गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलस्तीन जाने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 10 फरवरी 2018 को वेस्ट बैंक का दौरा किया, जो एक भारतीय प्रधानमन्त्री द्वारा फिलिस्तीनी क्षेत्रों का पहला दौरा था।.फिलिस्तीन की यात्रा के दौरान, 10 फरवरी 2018 को नरेन्द्र मोदी को फिलिस्तीन के ग्रैंड कॉलर से सम्मानित भी किया गया ,लेकिन मोदी और इजराइल की नजदीकी ज्यादा रही।

मौजूदा इजराइल -फिलिस्तीन युद्ध में मोदी फिलिस्तीन के साथ खड़े दिखाई नहीं दे रहे,और शायद इसीलिए भारत में भी जनता इस मुद्दे पर विभाजित दिखाई दे रही है। मोदी के भक्त इजराइल के साथ हैं ,जबकि नृशंसता में फिलिस्तीन के आतंकी हमास और इजराइली सेना में कोई किसी से कम नहीं है। भारत इस समय इजराइल के साथ क्यों है ये समझने के लिए आपको दोनों देशों के पंत प्रधानों की तुलना करना पड़ेगी। दोनों में तमाम साम्य हैं और सबसे बड़ा समय ये है कि इस समय दोनों अमेरिका के प्रति आशक्त हैं। अमेरिका के प्रति आशक्ति दोनों देशों के पंत प्रधानों की मजबूरी है या आवश्यकता ये समझना भी आवश्यक है।

नेतन्याहू इजराइल के ऐसे नेता हैं जो सीधे प्रधानमंत्री नहीं बने। उन्हें देश के प्रतिपक्ष के नेता बनने का भी अनुभव है। वे अपने देश के वित्त मंत्री तथा विदेश मंत्री भी रहे । जबकि हमारे पंत प्रधान को केवल मुख्यमत्री पद का 15 साल का अनुभव है । उन्होंने संसद ही पहली बार 2014 में देखी। जबकि नेतन्याहू 1996 में ही अपने देश की बागडोर सम्हाल चुके थे । वे एक बार नहीं बल्कि तीन बार प्रधानमंत्री बने ,ये उनका शायद चौथा कार्यकाल है। हमारे पंत प्रधान भी नेतन्याहू बनना चाहते हैं। वे भी युद्धप्रिय है। उनके जमाने में भारत के एक भी पड़ौसी से रिश्ते अच्छे नहीं हैं। रिश्तों में कड़वाहट का आलम ये है कि जी-20 समूह का सदस्य कनाडा अब पी -20 से में आने को तैयार नहीं है।हमारे पंतप्रधान इसकी परवाह भी नहीं करते।

इजराइल -हमास संघर्ष के दौरान भारत सरकार अपना काम कर रही है । भारतीयों को युद्ध की आग में झुलसे इजराइल से बाहर निकलने के लिए भारतीय विमान लगातार उड़ाने भर रहे है। इसकी सराहना की जाना चाहिए । खुद पंत प्रधान कैलाश दर्शन पर हैं। वे वहां डमरू बजा रहे हैं। शंख फूंक रहे हैं। ये देखकर बहुत अच्छा लगता है ,क्योंकि ये सब एक बेफिक्र नेता की निशानियां हैं। हमारे पंत प्रधान की यही बेफिक्री देश -दुनिया ने तब भी देखी जब भारत का अभिन्न अंग मणिपुर जल रहा था,वहां भी मानवता तार-तार हो रही थी। जो बर्बरता हमास के आतंकियों ने इजराइली महिलाओं के साथ की वैसी ही बर्बरता मणिपुर की महिलाओं के साथ भी हुई थी। किन्तु स्थितिप्रज्ञ पंतप्रधान ने अपना मौन नहीं तोड़ा था।

भारत कभी भी हिंसा का ,आतंकवाद का समर्थक नहीं रहा। भारत की विदेशनीति का आधार गुट निरपेक्षता और पंचशील के सिद्धांत रहे हैं। आज की भारत की विदेशनीति में इन तत्वों का घोर अभाव है। हाल के रूस -यूक्रेन युद्ध में भी हमने इस बात को रेखांकित किया और आज इजराइल तथा फिलिस्तीन के बीच जारी जंग में भी भारत की विदेश निति को लेकर सम्भ्रम की स्थिति है। हम तय नहीं कर पा रहे हैं कि हमें किस पक्ष के साथ खड़ा होना चाहिए ? इस मुद्दे पर आज फिलिस्तीन के प्रति हमदर्दी दिखाने वालों को आतंकवाद का समर्थक कहकर उनकी निंदा की जा रही है। ये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। फिलिस्तीन का समर्थन हमास का स्मार्थन नहीं हो सकता। बहरहाल भारत के लिए ये समय है जब वो अपनी विदेशनीति की आंतरिक शक्ति को एक बार फिर से आंक ले। भारत का नेतन्याहू बनने के लिए हमारे पंत प्रधान को बहुत कुछ करना पडेगा। उन्हें अकेले शाखामृग तीसरी बार सत्ता तक नहीं पहुंचा सकते । इसके लिए पूरे देश के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। उन्हें चाहिए कि वे देश की जनता में किसी भी मुद्दे को लेकर विभाजन की रेखा खिचने न दें।

**@ राकेश अचल**

# बैठकी "नकाब उतर गया रे भाई !!"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं मुखियाजी बोले--"सरजी,आज केवनों विषेश न्यूज बा का!!"

मुखियाजी,7 अक्टूबर से हीं टीवी पर इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध हीं छाया रहता है।और देश के समाचार में पांच राज्यों के चुनाव संबंधित आंकड़े।--मास्टर साहब ने जवाब दिया।

ए भाई, इ फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन "हमास" त बाड़ा निर्दयी बाड़न स।--मुखियाजी दुखी दिखे।



मुखियाजी, इजरायली लोग सैबत के दिन छूटिंयां मनाते हैं सो उसी दिन 7अक्टूबर को, इजराइलियों पर फिलिस्तीनी आतंकवादी गिरोह "हमास"ने, 7000 से अधिक मिसाइलें दागे हीं, साथ-साथ हजारों आतंकी थल,नभ और जल के रास्ते इजराइल के शहरों में घुसकर 150 से अधिक सैनिकों की हत्या तो किये हीं कितने हीं अबोध बच्चों का गला काटे,स्त्रियोः को नंगा करके हत्या,बलात्कार किये,यहाँ तक की गर्भवतियों का पेट फाड़कर मां के साथ भ्रूणों की भी हत्या किये । लगभग 1600 से अधिक नृशंस हत्या का ऐसा नंगा नाच खेला कि मानवता शर्मसार हो गई। विश्व में अभी तक इतनी दारुण आतंकी बारदात नहीं देखी,सुनी गयी थी।--उमाकाका दुखी थे।

काकाजी,इसके अलावे 150 से भी अधिक इजरायलियों का अपहरण भी किया गया है। मै कल इन आतंकियों का वायरल विडियो देखा तो मेरे रोंगटे खड़े हो गये। विडियो में तीन-चार आतंकी जबरन एक इजरायली युवक को जमीन पर चीत लिटाया हैं और उसमें एक चाकू से उसका सीना चीर-कर कलेजा निकालता है फिर उस छटपटाते युवक के कलेजे को सभी खा रहे हैं। महाराज,ये आतंकी इन्सान नहीं,नरपिचाश हैं।--कुंवरजी के चेहरे पर घृणा झलक रही थी।

कुंवरजी, अभी आतंकवादी मुस्लिमों द्वारा जिस तरह की दरिंदगी, इजरायल में, उनके मासूम बच्चों,महिलाओं,जवानों,बुजुर्गों के साथ किया गया है वही सबकुछ मध्यकाल में महमूद गजनवी, मुहम्मद बिन कासिम, अल्लाउद्दीन खिलजी,अकबर, औरंगजेब जैसे दरिंदों ने, हिंदूओं के साथ किया था। ये वहशी, काफिरों अर्थात जो मुस्लिम नहीं हैं कि



महिलाओं के लाश के साथ भी बलात्कार करते हैं।जैसा कि हमास के दरिंदों ने इजरायल में किया। यही कारण था कि हजारों हजार हिंदू स्त्रियां जौहर कर लेतीं थीं मतलब आग में कूदक्रर जान दे देतीं थीं।--डा. पिंटूने मुंह बनाया।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर बहस में....

मोदीजी ने,इस आतंकी करतूत के विरुद्ध इजरायल का समर्थन करके, बहुत हीं अच्छा और मानवतावादी दृष्टिकोण दिखाया है।--पारसनेता बोल पड़े।

लिजिये! नेताजी,ये भारत है जहाँ कांग्रेस में पंडित रुपी छद्मधारी मुस्लिम




परिवार ने 65 बर्ष हिंदूओं को मूर्ख बनाया है और आज भी वे बाज नहीं आ रहे। चुनाव आते हीं त्रिपुंड लगाकर,मंदिर-मंदिर घुमना शुरू कर देतें हैं। सुना नहीं आपने, कांग्रेस ने "फिलिस्तीनी इस्लामिक आतंक" के समर्थन में प्रस्ताव पास किया है। इतना हीं नहीं,सभी विपक्षी पार्टियों के मुस्लिम नेता, वो चाहे कांग्रेस का हो या बसपा का, या सपा का हो चाहे ओवैसी हो,कम्युनिस्ट पार्टी का सीताराम येचुरी हो या लालू के राजद का हो या नितीश के जदयू का,सभी मुस्लिम आतंकी संगठन "हमास" के पक्ष में बयान दे रहें हैं। केवल भाजपा हीं इजरायल के साथ खड़ी है और फिलिस्तीनी हिंसा और आतंकी हमले की निंदा की है।--डा. पिंटूने सही कहा।

इतना हीं नहीं है, अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जेएनयू में "हमास" के राक्षसी कृत्यों के समर्थन में मुस्लिम छात्रों द्वारा प्रर्दशन किया गया।असल में हिंदूओं के टैक्स के पैसों पर चलने वाले इन यूनिवर्सिटीज को बंद कर देना चाहिए क्योंकि ये बस कट्टरवादी आतंकी और राष्ट्रविरोधी पैदा करने का अड्डा बन चूके हैं।--मास्टर साहब उत्तेजित लगे।




मास्टर साहब, अब भारत में आप भारत माता की जय भी नहीं कह सकते।अभी हाल की बात है,दिल्ली के मुस्लिम इलाके में एक बुजुर्ग ने "भारत माता की जय" बोला तो मुस्लिम लड़के मिलकर उस बुजुर्ग के साथ मारपीट किये जिसका विडियो भी वायरल है। वहीं अपने हीं देश में एक युवक ने "पाकिस्तान मुदार्बाद" कहा तो मुस्लिमों ने धुनाई कर दी। आज इजरायल पर जो बीत रही है,मुझे लगता है कि वो दिन दूर नहीं जब, वही यहाँ के हिंदूओं को झेलना पड़े।और इसके पिछे आजादी के बाद से हीं कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति जिम्मेदार है क्योंकि कांग्रेस ने राष्ट्रवाद और सेक्युलरिज्म के ठीक विपरीत हीं काम किया।--कुंवरजी, भी कांग्रेस से खार खाये दिखे।

कुंवर जी,आपके जो भी विचार हो लेकिन इतना तो स्पष्ट दिखता है कि भारत के लिये इजरायल और फिलिस्तीनी युद्ध, एनडीए और विपक्षी गठबंधन,इंडी एलायंस का युद्ध बन चूका है। जबकि भारत में मुस्लिम जितने सुख से जीवन गुजारते हैं,विश्व में और कहीं नहीं। चाहे इस्लामिक स्टेटस हीं क्यों न हो। सच कहिये तो "इस्लाम और हिंसा" प्रर्यायवाची शब्द बन चूके हैं।--पारसनेता मुंह बनाये।

मुखियाजी, अभी तक आपने जो कुछ भी सुना वो कुछ लोग समझ रहे हैं। लेकिन ये कहना कि हिंदुस्तान के सभी मुसलमान जिहादी सोंच रखतें हैं, गलत है। हाँ,इनमें धार्मिक आधार पर कहिये या समुदाय का डर, जिन मुस्लिमों को ये खून-खराबा पसंद नहीं या जिहादी मानसिकता नहीं रखते वे, ऐसी समाजद्रोही, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का मुखर विरोध नहीं करते जिससे पुरा मुस्लिम समुदाय, हिंसात्मक धार्मिक प्रवृति का नजर आने लगता है। लोग यह मान लेते हैं कि "चुप रहना स्वीकारोक्ति है"। असल में इस्लामिक हिंसा की प्रवृति के पिछे उनका बच्चों को कुरान की उन आयतों की शिक्षा देना है जो गैर इस्लामिकों के प्रति हिंसा करने की मानसिकता विकसित करती है। अब चाहे वो व्यक्ति कितना भी पढ़ा-लिखा क्यों न हो गैर इस्लामिकों के प्रति घृणा,हिंसा और अपराध करने की मानसिकता बनी रहती है। असल में सारे मुस्लिम कुरान को हीं फॉलो करते हैं और जो भी कुरान फॉलो करेगा वो हिंसा और जघन्य अपराध करेगा हीं या उसको मौन समर्थन देगा। विरोध करने का तो सवाल हीं पैदा नहीं होता। भारत के मुसलमानों को ऐसी शिक्षा से अपने बच्चों को बचाना चाहिए। --मैं चुप हुआ।

कुछ कहिये ए सरजी, ये युद्ध सिर्फ इजरायल और हमास का नहीं बल्कि विकास बनाम आतंकवाद का तो है हीं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है वोटबैंक के लिये उसे न देश से मतलब है और न यहां के हिंदूओं से। ये भारत की उतनी हीं बड़ी दुश्मन है जितना मुगल थे। कल जुमे के दिन भारत में भी चारों ओर




आतंकी "हमास " के समर्थन में मुस्लिमों द्वारा प्रर्दशन किया गया। लेकिन एक बात तो सत्य है कि हमास ने निरीह इजराइलियों की हत्या की तो जबाबी कार्यवाही में निरीह फिलिस्तूनी भी मारे जा रहे हैं लेकिन इजरायल इसे अपने अस्तित्व की रक्षा के रुप में मानता है। कोई रोक भी नहीं सकता क्योंकि हमास ने गलती हीं ऐसी कर दी है।लेकिन हिंसा किधर से भी हो,जायज नहीं ठहराया जा सकता।अच्छा अब चला जाय।--कहकर मास्टर साहब उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# शास्त्रीय नृत्य सांस्कृतिक धरोहर: डॉ. संदीप कुमार शर्मा


**दैनिक समाज जागरण**

प्राचीनतम कला, शिल्प कला, साहित्य, भित्तिचित्र, शिलालेख, मूर्तियां, भग्नावशेष, शवाधान, आभूषण, बीज, यंत्र और अन्य पुरातात्विक महत्व की सभी वस्तुओं को हम धरोहर कहेंगे। इन्हीं से हम अपने प्राचीन इतिहास का अवलोकन एवं मूल्यांकन करते हैं। मूल्यांकन के उपरांत हम इतिहास लिखते हैं। इसी क्रम में हम सभी कलाओं को धरोहर मानकर नृत्यकला, संगीतकला एवं गायनकला की परंपरा की प्राचीनता निर्धारित करते हैं। कला, ललितकला, चित्रकला, भित्तिचित्र, मृदाकला, काष्ठशिल्प इत्यादि कलाओं को कलात्मक परिवेश में रखते हैं।

पुरातात्विक स्थलों से प्राप्त अवशेषों से हमें यह जानकारी प्राप्त होती है कि सिंधु सभ्यता में नृत्य कला, संगीत, गायन एवं वादन की अनेक विधाओं को विकसित कर लिया गया था। यह भी संभव है कि सिंधु सभ्यता समाज से पूर्व ही ये तीनों कलाएं अस्तित्व में आ गई हैं और सिंधु सभ्यता में इन्हें पूर्णरूपेण विकसित किया गया है। वस्तुतः प्राचीन काल में मनोरंजन के प्रमुख साधनों में नृत्य और संगीत अत्यंत प्रमुख रहे। मनोरंजन के अन्य प्रमुख साधनों में नृत्य अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा सकता है। हड़प्पा से नृत्यांगना की खंडित मूर्ति इस ओर संकेत करती है कि तत्कालीन समाज में नृत्य लोकप्रिय और विकसित कला रही होगी। नृत्यांगना की एक ही मूर्ति का मिलना इस ओर भी संकेत करता है कि तत्कालीन समय में जब पहली बार राजा के सम्मुख नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया होगा तो उसके उपरांत नृत्यांगना को विशेष रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से राजमूर्तिकार से नृत्य करती युवती की मूर्ति का निर्माण करवाया गया होगा। इसके बाद एक विशेष आयोजन में नृत्य करती मूर्ति प्रथम नृत्यांगना को प्रदान कर सम्मानित किया गया होगा। यह भी संभव है कि मूर्तिकार को नृत्यांगना से प्रेम हो गया है और उसने नृत्यांगना की एक भाव-भंगिमा को मूर्ति के रूप में ढाल दिया है। मूर्ति निर्माण के कारण स्पष्ट नहीं हैं। अतः इतिहास सभी संभावनाओं को खोजता है। इसके अतिरिक्त भी अन्य प्रसंग हो सकते हैं।

यहां यह भी विचारणीय विषय है कि क्या सिंधु सभ्यता में नृत्यांगना की मूर्ति सजावट की वस्तु नहीं थी? संभवतः नृत्य प्रतिमाएं सजावट की वस्तु नहीं थी। यदि ऐसा होता तो आभूषण, वर्तन, औजार, रत्न आदि की तरह नृत्यांगना की अनेक मूर्तियां भी प्राप्त होंती। यह सब तथ्य इस ओर स्पष्ट संकेत करते हैं कि सिंधु सभ्यता में नृत्य कला विकसित हो गई थी। नृत्य के साथ-साथ कम-से-कम गायन और वाद्ययंत्रों को भी विकसित कर लिया गया था क्योंकि नृत्य बिना गीत, संगीत और वाद्ययंत्रों के संभव नहीं है।

आंचलिक आदिवासियों में एकता, सौहार्द, प्रेम, समानता, मनोरंजन और अपनी अलग पहचान प्रदान करने में लोकनृत्यों की भूमि सदैव ही महत्त्वपूर्ण रही है। लोकनृत्य बंधनमुक्त होते हैं। इसमें नृत्य नियम आदि नहीं हैं। यही कारण है कि लोकनृत्यों में सरलता,




संवेदना, सहकारिता, स्फूर्ति, रंगवैभव तथा शक्ति के संगम के दर्शन होते हैं।

इस बार डायमंड बुक्स आपके समक्ष लेकर आया है डॉ- संदीप शर्मा की पुस्तक पशास्त्रीय नृत्य सांस्कृतिक धरोहरय। अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य यह है हमारे देश में नृत्य कला का शुभारंभ दक्षिण भारत से हुआ है। जबकि सभ्यता का विकास हिमालय से हुआ। देवभूमि हिमालय को माना जाता है। दक्षिण भारत में महर्षि अगस्त्य के आगमन के उपरांत ही वहां आर्य सभ्यता का विकास हुआ। सभ्य समाज का गठन हुआ। शिक्षा का विस्तार हुआ। जीवन शैली बदली। विचार बदले और बदल गई दक्षिण भारत की दुनिया।

दक्षिण भारत में तमिलनाडु ने भरतनाट्यम और केरल राज्य ने कथकली एवं मोहिनीअट्टम शास्त्रीय नृत्य को विकसित किया। इसके अतिरिक्त आंध्र प्रदेश में कुचिपुड़ी नृत्य, ओडिशा में ओडिसी नृत्य, मणिपुर में मणिपुरी नृत्य, असम में सत्रिया या सत्त्रिया नृत्य एवं सत्रिया नृत्य और उत्तर प्रदेश में कत्थक नृत्य विभिन्न काल-खंड़ों में विकसित हुआ। यही कारण है कि आज हमें दो प्रकार के नृत्य देखने को मिलते हैं- लोकनृत्य और शास्त्रीय नृत्य। दोनों ही नृत्य विधाओं में गीत, संगीत और वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

नृतः केवल नृत्य है। जिस में शारीरिक मुद्राओं का कलात्मिक प्रदर्शन है किन्तु उन में किसी भाव का होना आवश्यक नहीं। यही आजकल का ऐरोबिक नृत्य है। नृत्य में भाव-दर्शन की प्रधानता है। जिस में नृत्य का प्रदर्शन करने वाले मुख, पद, हस्त मुद्राओं का प्रयोग कर भिन्न-भिन्न भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन करता है। नाट्य में वातार्लाप तथा संवाद को भी शामिल किया जाता है। सृष्टि के कल्याण और व्यवस्थित संचालन के लिए परमपिता परमेश्वर द्वारा सृष्टि के प्रारंभ से ही दिए गए ज्ञान के भंडार को वेद कहा जाता है।

नृत्य धरोहर को भी माना जाना चाहिए। निश्चित रूप से शास्त्रीय नृत्य कालांतर में विकसित हुआ लेकिन उससे पहले लोकनृत्य परिपक्व अवस्था में मिलता है। मैंने पहले लिखा है कि धरोहर केवल पुरातात्विक इमारतों, प्राचीन साहित्य और अन्य कलाकृतियां ही नहीं होतीं अपितु कुछ धरोहर सदैव गतिशील होती हैं। इसके अन्य उदाहरण भी हैं किन्तु हम विषय विस्तार में न जाते हुए केवल नृत्य कला की बात करेंगे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधन सभा उत्तर प्रदेश द्वारा अग्रसेन इण्टर कालेज में किया गया बैठक का आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधन सभा उत्तर प्रदेश द्वारा अग्रसेन इंटर कॉलेज लखनऊ में बैठक का आयोजन किया गया जहां पर प्रदेश भर के अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूल के प्रबंधक शामिल हुए स्कूल प्रबंधको की मांग है 1971 से पहले जो नियम था वह नियम लागू करें इस बैठक के माध्यम से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डा. अशोक बाजपेई ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रदेश मे शिक्षा का स्तर बढ़े विद्यालयों का रख रखाव ठीक से हो और विद्यालयों मे कर्मचारियों की कमी है विद्यालयों का भवन जर्जर है सरकार इसकी तरफ ध्यान दे तभी प्रदेश मे सही शिक्षा और सुविधा छात्रों को मिल सकेगी माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सुरेंद्र तिवारी अपर, निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशालय के प्रमुख के रूप में उपस्थित हुए और अवगत कराया संगठन के 20 सूत्री मांग पत्र में शासन व निदेशालय द्वारा 10 मांगों को मान लिया गया है। संगठन के अध्यक्ष डॉ अशोक वाजपेई राज्यसभा



सदस्य ने प्रबंधकों को अवगत कराया जल्द ही मुख्यमंत्री से भेंट वार्ता का समय लेकर प्रतिनिधिमंडल मंडल उनसे वार्ता करने जाएगा। इस कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द कुमार,महासचिव दिनेश चन्द्र सिंह,संयोजक मनमोहन तिवारी,मंत्री मनोज सिंह, मण्डल प्रभारी अयोध्या अरूण सिंह सहित पूरे प्रदेश से प्रबन्धक गण मौजूद रहे।

# पराली/फसल अवशेष जलाने पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

## जिलाधिकारी की जनपद के कृषकों से अपील, पराली/फसल अवशेष को अपने खेतों में न जलायें।

**पराली जलाने के बजाये पशुओं के लिए चारे में करे प्रयोग या खेत में ही डीकम्पोज करके कम्पोस्ट करे तैयार।**

उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में जनपद के वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने एवं पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में पराली/फसल अवशेष जलाने की घटना घटित न हो, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण हो सके इसके लिए जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा डीकम्पोजर का निःशुल्क वितरण करते हुए कृषकों को पराली/कूडा अवशेष न जलाने के बारे में भी अवगत कराये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसान भाईयों से अपील की जाती है कि पराली/फसल अवशेष को अपने खेतों में न जलायें। पराली जलाने के बजाये पशुओं के लिए चारे में प्रयोग करे या खेत में ही डीकम्पोज करके कम्पोस्ट तैयार की जाये, जिससे मृदा की उर्वरा शक्ति बढायी जा सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिये गये है कि अपने क्षेत्र में कार्यवाही करे की पराली जलने की घटनायें प्रकाश में न आये यदि कोई किसान बार-बार पूनार्वृत्ति करता है, तो उस पर अर्थ दण्ड के साथ मुकदमा भी लगाया जायेगा। उप निदेशक कृषि गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि आज मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में पराली अवशेष जलाने पर अंकुश लगाने को लेकर एन0आई0सी0 के माध्यम से बैठक भी सम्पन्न हुयी है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि जनपद में 4 घटनायें रिपोर्ट हुई है, जिसमें जेवर तहसील अन्तर्गत ग्राम असमदपुर चौरोली में 2 बेला खुर्द में 1, नंगला कंचन में 1 रिपोर्ट हुई है। असमदपुर चौरोली एवं नगला कंचन मे 1-1 कूडा जलाने की घटना रिपोर्ट दर्ज हुई है, साथ ही 2 फसल अवशेष/पराली जलाने की है हरिशचन्द्र सिंह पुत्र सुखवीर सिंह असमदपुर चौरोली विकास खण्ड जेवर एवं विजयपाल सिंह पुत्र शिवचरण सिंह ग्राम नंगला कचंन है, जिनका क्षेत्रफल 1 एकड से कम है। अतः दोनों कृषकों पर रू0 2500/- एवं 2500/- कुल 5000/- रू0 का अर्थ दण्ड लगाया गया है। जनपद में 16 जगहों पर होर्डिग, 22 न्याय पंचायतों में कृषक गोष्ठियॉ, चिन्हित ग्रामों में 90 वॉल पेन्टिंग, पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित यंत्र प्रदर्शन, डीकम्पोजर 9000 कृषकों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है तथा जनपद स्तर पर 1 पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित बृहद गोष्ठी का आयोजन कर प्रचार-प्रसार किया गया है। प्रचार वाहन द्वारा भी पूर्व में चिन्हित ग्रामों में पराली न जलाये जाने से सम्बन्धी प्रचार किया जा रहा है। ग्राम स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर, तहसील स्तर पर समिति बनाकर जनपद स्तर पर समीक्षा की जा रही है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं: सीएम योगी

## सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**सीएम योगी ने कहा- पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेजों में ठेके पर कराई जाती थी नकल**

**बोले सीएम- देश में नजीर बनी माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमिडिएट और हाईस्कूल की नकल विहीन परीक्षा**

13 अक्टूबर, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया।

सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर



अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है।

सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे। अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी। कार्यक्रम में माध्यमकि शिक्षा की राज्यमंत्री गुलाबो देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, शिक्षा विभागी के अधिकारी और चयनित प्रधानाचार्य मौजूद थे।

# जनपद में मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना संचालित।

## इच्छुक कृषक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करते हुये कर सकते है आवदेन।

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत गाय पालकों को साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा में गंगा तेरी नस्ल की गाय पालने पर उनके दैनिक दुग्ध उत्पादन क्षमता 7 लीटर से 12 लीटर तक या इससे अधिक दूध देने वाले गायों पर 10000 से ड्ट15000 की धनराशि प्रति गाय पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि यदि गाय 8 लीटर से 12 लीटर दूध देती है तोड्ट10000 प्रति गाय और यदि 12 लीटर से अधिक दूध देती है तो 15000 रुपए प्रति गाय प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। हरियाणा नस्ल की गाय के लिए 7 से 10 लीटर पर ड्ट10000 व 10 लीटर से अधिक दूध देने पर ड्ट15000 प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। गंगातीरी गाय के लिए 7 से 8 लीटर दूध देने पर ड्ट10000 एवं 8 लीटर से अधिक दूध देने पर ड्ट15000 प्रति पशु पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही चयनित लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार योजना का लाभ दिया जाएगा और गऊ पालक को अधिकतम दो पशुओं के लिए ही प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। पुरस्कार के लिए गायों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय ब्यात को ही लागू है। उन्होंने बताया कि योजना में आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 19 अक्टूबर हैं। इच्छुक कृषक अपना आवेदन पत्र गाय की ब्यात की तिथि से 45 दिन के अंदर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने योजना में आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए बताया कि लाभार्थी को अपने आधार कार्ड की छाया प्रति, गाय की पहचान के लिए ईयर टैगिंग का प्रमाण पत्र, गाय का क्रियाशील बीमा, बैंक खाते का कैंसिल चेक, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ गऊ पालक का गाय के साथ फोटोग्राफ लगाना अनिवार्य है। इसके साथ ही लाभार्थी को नोटरी शपथ पत्र देना होगा, जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि गाय को उसके जीवन काल में एक बार भी प्रोत्साहन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है एवं गाय प्रथम, द्वितीय, तृतीय ब्यात की है। साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना के तहत पशुपालकों को पशु की बीमा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि सामान्य/पिछड़ी जाति को पशु बीमा प्रीमियम का 25% एवं अनुसूचित जाति/जनजाति से केवल 10% बीमा का भुगतान लिया जाएगा,

# जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनर कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी अपना जीवित प्रमाण पत्र बैंक द्वारा या जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं प्रेषित।

**पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र किसी भी माध्यम से वर्ष में केवल एक बार ही करें प्रस्तुत।**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 सरकार के पेंशनरों के द्वारा वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था को सरलीकृत करते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में प्रचलित माह नवम्बर एवं दिसम्बर में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था को संशोधित करते हुये वर्ष में एक बार किसी भी पेंशनर द्वारा अपनी सुविधानुसार जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है, जो कि अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुये बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र बैंक द्वारा अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से भी प्रेषित किया जा सकता है, जो कि आगामी एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। यदि कोई पेंशनर उपरोक्त संसाधनों का प्रयोग नहीं करता है तो वह वर्ष के किसी भी माह में अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है, जोकि प्रस्तुत किये जाने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेगा। अतः जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनरों को अवगत कराना है कि वह अपना जीवित प्रमाण पत्र किसी भी माध्यम से वर्ष में केवल एक ही बार प्रस्तुत करें। साथ ही जीवन प्रमाण पत्र भरते समय पेंशनर/पा०पेंशनर द्वारा यह भी घोषणा/अंडरटेकिंग दी जाये कि उनके मृत्यु हो जाने की दशा में मृत्यु की सूचना कोषागार में तत्काल दी जायेगी। सूचना तत्काल न दिये जाने की स्थिति में पेंशन में हुये अधिक भुगतान की वसूली पेंशनर/पा०पेंशनर के उत्तराधिकारियों से की जाएगी। राकेश चौहान

# हम अपने परिवारजनों, मित्रों को पानी व्यर्थ नहीं बहाने के लिए प्रेरित करेंगे

**- गौतम बुद्ध नगर में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से "जल ज्ञान यात्रा" का हुआ आयोजन**

**- छात्र-छात्राओं ने पानी की गुणवत्ता की जांच को अपने सामने देखा, जल जांच से जुड़े सवाल भी किये**

**- स्कूली बच्चों ने पानी की हर एक बूंद का संचयन करने की शपथ ली**

**- ,जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत निर्मित पानी टंकी-पम्प हाउस भी देखने पहुंचे छात्र-छात्राएं**

**- भूजल उपचार, ग्रे वाटर का उपचार और अन्य संबंधित मुद्दों की भी स्कूली बच्चों की जानकारी दी गई**

गौतम बुद्ध नगर। 13 अक्टूबर राज्य सरकार की अनूठी पहल "जल ज्ञान यात्रा' शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर में आयोजित की गई। विभिन्न सरकारी स्कूलों के 75 छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। यहां पहली बार छात्र-छात्राओं ने पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच अपनी आंखों के सामने होती हुई देखी। गांव-गांव में पानी सप्लाई के लिए बनाई गई पानी टंकी का भ्रमण किया। पानी सप्लाई की



प्रक्रिया को पम्प हाउस में जाकर समझा। उनको जल बचाने की शपथ दिलाई गई। जिसमें बच्चों ने पानी की हर एक बूंद का संचयन करने और परिवारजनों, मित्रों से पानी को व्यर्थ नहीं बहाने की शपथ ली। पहली बार स्कूली छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने के लिए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से चलाए गये इस अभियान का उद्देश्य भावी पीढ़ी को जल संचयन, जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है।

गौतम बुद्ध नगर में जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता रामदत्त ने किया। स्कूली छात्र-छात्राओं को सबसे पहले बादलपुर जल जांच प्रयोगशाला ले जाया गया। जहां उनको पानी गुणवत्ता की जांच करके दिखाई गई। जल जांच को कुछ छात्रों ने अपने हाथों से करके देखा। वह जल जांच कर काफी उत्साहित भी हुए। उनको फील्ड टेस्ट किट से की जाने वाली पानी की गुणवत्ता जांचों की भी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने यहां कई तरह के सवाल जल निगम के अधिकारियों से किये। उन्होंने पूछा कि, कौन-कौन से पानी श्रोतों की जांच गांव-गांव में की जा रही है? जिसके जवाब में उनको बताया गया कि, गांवों में नल, कुएं, हैंडपम्प और ट्यूबवेल के पानी की गुणवत्ता परखी जा रही है। बच्चों ने इस तरह के और भी सवाल पूछे जिसके उत्तर जल निगम के अधिकारियों ने उनको दिये। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत बनाई गई सिदिपुर विलेज वॉटर सप्लाई स्कीम ले जाया गया। यहां छात्र-छात्राओं को निर्मित पानी टंकी की क्षमता, कितने गांव और आबादी को दी जा रही पानी सप्लाई आदि की जानकारी दी गई। उनको पम्प हाउस भी ले जाया गया। यहां उनको भूजल उपचार, ग्रे वाटर का उपचार और अन्य संबंधित मुद्दों की भी जानकारी दी गई। स्कूली छात्र-छात्राएं जल संचयन और जल संरक्षण की जानकारी पाकर काफी खुश हुए। उन्होंने यहां जल बचाने की शपथ भी ली।

# ग्राम अदालत लगा एक माह में निपटाये चार हजार चकबंदी के लंबित मामले

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी विभाग ने 51 जनपदों में लगायी ग्राम अदालतें**

**- पूरे प्रदेश में सितंबर माह से अभियान चलाकर ग्राम अदालत के जरिये निपटाये जा रहे चकबंदी के मामले**

लखनऊ, 13 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में हमेशा अवैध कब्जे और भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई, परिवारिक भूमि विवाद, चकबंदी समेत अन्य भूमि के विवादों का निपटारा शामिल रहा है। सीएम योगी द्वारा इन मामलों के निपटारे में लापरवाही एवं हीलाहवाली करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई भी की जाती है। कुछ माह पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकबंदी संबंधी मामलों के निटारने में तेजी लाने के निर्देश दिये थे। इस पर चकबंदी विभाग की ओर से लंबित वादों के निपटारे के लिए प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्राम अदालत आयोजित की जा रही है। ग्राम अदालत के जरिये 51 जनपदों के 118 गांव में सितंबर से अब तक कुल 6485 वादों को चिन्हित कर 3850 वादों को निस्तारित किया गया है। ग्राम अदालत में चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, उप संचालक चकबंदी और बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी आदि उपस्थित रहते हैं, जो मौके पर वादों को निस्तारण करते हैं। ग्राम अदालत में 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित हजार की संख्या में मामलों को निपटाया गया।

### सबसे अधिक बलिया में 409 वाद किए गए चिन्हित

चकबंदी आयुक्त जीएन नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के विभिन्न शहरों में अभियान चलाकर ग्राम अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अवैध कब्जे, परिवारिक और व्यवसायिक विवादों का निस्तारण मौके पर ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर से अभियान की शुरूआत की गई, जो लगातार चल रहा है। अपर चकबंदी आयुक्त अनुराग पटेल ने बताया कि ग्राम अदालत के तहत बलिया में सबसे ज्यादा 409 वादों को चिन्हित किया गया। यह मामले बलिया के तीन गांव फरसाटार, चंदाडीह और पिपरौली से संबंधित रहे है। ग्राम अदालत में एक दिन में 126 मामलों को निपटारा किया गया जबकि 283 मामलों को निपटाया जाना है। इसी तरह अयोध्या के चार गांव मलेथूबुजुर्ग, लक्ष्मनपुरगंट, कोटिया और सडरी से 407 वादों को चिन्हित किया गया। इनमें से 235 वादों को निस्तारित किया गया। वहीं शेष 172 वादों का निस्तारण अभी बाकी है। बांदा के पांच गांव अरसौडा, सिलेहटा, खप्टिहाखुर्द बांगर, भदावल और मडौलीकला बागर में 374 वाद चिन्हित किए गए, जिसमें से 263 वादों को निस्तारित किया गया जबकि 111 वादों को निस्तारित किया जाना है।

### 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित सबसे अधिक हरदोई के 60 वाद निपटाये गए

ग्राम अदालत में पिछले एक माह में 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों के निपटारों पर विशेष फोकस किया गया। इस दौरान सबसे अधिक हरदोई के 60 वाद निपटाये गए जबकि दूसरे नंबर पर जौनपुर के 54, तीसरे नंबर पर आजमगढ़ के 53, चौथे नंबर पर बदायूं के 42 और पांचवे नंबर पर औरैया के 33 वादों को निपटाया गया। चकबंदी आयुक्त ने बताया कि ग्राम अदालत में 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित 358 से अधिक वादों को निपटाया गया।

# जनपद में मनाया गया विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस।

**जनपद के समस्त विद्यालयों व जिला ग्रामीण एवं विकास संस्थान में संवाद पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रैली का किया गया आयोजन।**

**संवाद पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में की गई जनजागरूकता।**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी में बताया कि प्रत्येक वर्ष दिनांक 13.10.2023 को विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। जनपद मे मुख्यतः बाढ, अग्निकांड, वज्रपात, अतिवृष्टि, नदी में डूबना, सर्पदंश आदि आपदाओं से प्रायः प्रभावित रहता है। आपदा प्रबंधन नीति



2009 सतत विकास लक्ष्य 2015-2030 जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता, सेण्डई फ्रेमवर्क फार एक्शन 2015-2030, आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर मा0 प्रधानमंत्री जी के 10 सूत्रीय एजेण्डा में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय में जागरूकता / प्रशिक्षण किया जाना अति आवश्यक है। इसी श्रृंखला में आज जनपद के समस्त विद्यालयों व जिला ग्रामीण एवं विकास संस्थान गौतम बुद्ध नगर में पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। राकेश चौहान जिला सूचना

# सीएम योगी आज करेंगे मिशन शक्ति 4.0 का आगाज, रैली का करेंगे फ्लैग ऑफ

**- सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण रैली को करेंगे रवाना**

**- रैली 6 पड़ाव से होते हुए 1090 चौराहे पर होगी समाप्त**

**- सीएम योगी लोकभवन में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में तीन विशिष्ट महिला अतिथियों संग 25 अन्य महिलाओं को करेंगे सम्मानित**

लखनऊ, 13 अक्टूबरः शारदीय नवरात्र से पहले मातृ शक्ति को वंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सुबह अपने सरकारी आवास से मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्लैग ऑफ कर महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना करेंगे, जो लखनऊ के विभिन्न चौराहों से होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में शिकरत करेंगे, जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद तीन महिला विभूतियों संग 25 अन्य महिलाओं को सम्मानित करेंगे। इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 5 केडी से रवाना होकर 1090 चौराहे पर समाप्त होगी महिला सशक्तिकरण रैली

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की पुलिस अधीक्षक रूचिता चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह 10:30 बजे अपने सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण रैली को फ्लैग ऑफ कर रवाना करेंगे। यह रैली 5 कालीदास मार्ग से रवाना होकर उदादेवी चौराहा, क्लार्क अवध, केजीएमयू चौराहा, कोनेश्वर मंदिर, आई चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त होगी। रैली के इन पड़ाव पर संबंधित थाना क्षेत्र की विशिष्ट महिलाएं मौजूद रहेंगी। इस दौरान क्षेत्र की महिलाएं और बेटियां भी मौजूद रहेंगी। सभी को मिशन शक्ति और नारी सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रैली में 80 पिंक स्कूटी, 6 फोर व्हीलर, डायल 112 की 20 गाड़ियां (महिला पीआरवी) और एंबुलेंस मौजूद रहेगी। रैली में पहला वाहन खुली जिप्सी होगी, जिस पर 1090 का मैस्कॉट मौजूद रहेगा। यह वाहन पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) से लैस होगा, जिससे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित जिंगल प्रसारित किए जाएंगे।

# युवा पीढ़ी नशे की लत में गिरफ्त होकर अपना और परिवार का भविष्य गर्त में शिवसेना जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। शुक्रवार को शिवसेना जिला अध्यक्ष संजय राणा ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में मांग की के आगामी नवरात्र के विशेष त्योहार के चलते इस अवसर पर 09 दिन तक मीट- मांस की दुकान बन्द होनी चाहिए साथ ही पूरे जिले के साथ-साथ अफजलगढ़ ब्लाक क्षेत्र में भारी मात्रा में कच्ची शराब का अवैध करोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है जिसके चलते युवा पीढ़ी नशे की लत में गिरफ्त होकर अपना और परिवार का भविष्य गर्त में धकेल रहे है, और गंभीर बीमारीयों के शिकार हो रहे है तथा शराब का सेवन करके छेड़छाड़, मारपीट आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही है इस त्योहार पर अधिकतर महिलाएं रोजाना सुबह शाम मंन्दिर में पूजा अर्चना के लिए आती जाती



है और क्षेत्र में किसी भी महिलाओं के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो। इसी को देखते हुऐ प्रमुख मंन्दिरों पर पुलिस की डयूटी लगाकर सुरक्षा दिलाई जाए साथ ही साथ इन अवैध नशीले पदार्थों की बिकी करने वालो के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहां कि समाज हित में खुले में मीट की दुकान बन्द कराने तथा पूरे के जिले साथ-साथ हमारे यहाँ ब्लाक क्षेत्र में भी कच्ची शराब के अवैध करोबार को पूर्ण रूप से बन्द कराने की मांग की है। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख संजय राणा के साथ रमेश चंद,बदन सिंह, चंद्रपाल सिंह, मानवीर सिंह यादव, महेंद्र सिंह, सर्वेश कुमार, हरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह शर्मा, ओम प्रकाश, बलराम सिंह राठी आदि मौजूद थे

# जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

संभल ।जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कैथल गेट नगर कार्यालय चंदौसी पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर दलित अधिकार मांग पत्र संबंधित आवश्यक निर्देश दलित अधिकार मांग पत्र दलित समाज के डॉक्टर इंजीनियर वकील शिक्षक समाजसेवी प्रधान बीडीसी जिला पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों जैसे गणमान्य लोगों से भरवाने हैं

जिसके अंतर्गत प्रदेश उपाध्यक्ष अपने प्रभार के जनपद से कम से कम पांच मांग पत्र भरेंगे प्रदेश महासचिव अपने प्रभार के प्रत्येक जनपद से कम से कम 15 मांग पत्र भरेंगे प्रदेश सचिव अपने प्रभार के जनपद के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक विधानसभा से पांच मांग पत्र भरेंगे प्रत्येक विधानसभा में 500 दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने हैं इस प्रक्रिया में विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों



नगर अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है प्रत्येक विधानसभा में 10 रात्रि चौपाल का आयोजन करना है प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष को अपने प्रभार क्षेत्र के प्रत्येक जिले में न्यूनतम दो रात्रि चौपाल में शामिल होना है प्रभारी प्रदेश महासचिव को अपने प्रभार क्षेत्र के प्रत्येक जनपद में चार चार रात्रि चौपाल में शामिल होना है प्रदेश सचिव को अपने प्रभार क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक विधानसभा में दो रात्रि चौपाल में शामिल होना है

जिन दलित बस्तियों में रात्रि चौपाल आयोजित होंगे उसे बस्ती के आयोजन गमन को लोकसभा स्टार में और ग्रुप का सदस्य बनना है जैसे ही रात्रि चौपाल पूरे होंगे उसके बाद प्रत्येक लोकसभा पर एक बैठक करनी है एवं कोर ग्रुप का गठन करना है

रात्रि चौपाल की समाप्ति अधिकार मांग पत्र भरवा जाने एवं कोर ग्रुप के गठन के उपरांत प्रदेश के 18 मंडलों में पदयात्रा निकाली जानी है जिसमें उसे मंडल के प्रत्येक कांग्रेस जानकी उपस्थिति अनिवार्य है जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरंभ से ही देश के संविधान और दलितों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है इसी प्रतिबद्धता की कड़ी में हम दलित गौरव संवाद कर रहे हैं प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष सरदार बलवीर सिंह एआईसीसी सदस्य हाजी मरगूव आलम मुनेश कुमार जोशी साहू बृजमोहन अरुण कुमार शर्मा मुस्तफा चौधरी साहू संजीव कुमार

## आवश्यकता है

हिंदी दैनिक समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण जिला बिजनौर की संपूर्ण तहसील एवं क्षेत्र मे संवाददाताओं एवं तहसील प्रभारी की आवश्यकता है पत्रकार बनने हेतु संपर्क करे।



जिला प्रभारी बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी मो07300987906

# वाल्मीकि मंदिर पर भगवान वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक आयोजित

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। भगवान वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक का आयोजन संजय नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर पर किया गया। वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर समिति द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। समिति के महामंत्री विवेक



सिंधवासी ने कहा की आगामी 27 अक्टूबर को भव्य वाल्मीकि प्रभात फेरी नगर में निकाली जाएगी। 28 अक्टूबर को पावन वाल्मीकि सत्संग ओर 29 अक्टूबर को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष लववीर चैहान ने कहा की कार्यक्रमों की तैयारिया शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने समाज के सभी लोगो से अनुरोध किया हैं की सभी बड़ी संख्या मे कार्यक्रमो में उपस्थित हो। उन्होंने आगे बताया की जल्द ही समिति का एक प्रीतिनिधि मंडल शहर विधायक से मिलकर रामपुर में वाल्मीकि चैक स्थापित किया जाने को लेकर मांगपत्र सौपेगा। बैठक मे राकेश सिंधवासी, विनोद एकलव्या, आनंद प्रकाश, सुदेश चैहान, प्रेम प्रकाश, श्यामी वाल्मीकि, शानू कटहरिया, पंकज चंद्रा एडवोकेट, अविनाश, पारस, हिमांशु चैहान, सोनू वाल्मीकि, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

# सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों का कुरुक्षेत्र में 2 दिवसीय सत्संग का आयोजन

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों का दो दिवसीय सत्संग का आयोजन हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किया गया। जिसमें प्रथम दिन सत्संग कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित पृथ्वीश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। सत्संग के दौरान सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने बताया कि हरियाणा की धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से महज 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित पिहोवा में सरस्वती तीर्थ पर स्तिथ हैं। जहां सदियों से महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी है। यह मंदिर भगवान महादेव के पुत्र कुमार कार्तिकेय का हैं महिलाएं मंदिर परिसर में आ तो जाती हैं लेकिन उन्हें मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश की इजाजत नहीं है। मंदिर में बाकायदा



बोर्ड में इस बात का उल्लेख किया गया है। देशभर में सिर्फ पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर स्थित स्वामी कार्तिकेय का मंदिर ही ऐसा है जहां महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसके पीछे मान्यता यह बतायी जाती है कि यदि किसी महिला ने कार्तिकेय महाराज की पिंडी के दर्शन किए तो वह सात जन्मों तक विधवा रहती है। वहीं फुलसन्दे वाले बाबा ने बताया कि युद्ध में चोट लगने के कारण ऋषि मुनियों ने सरसों का तेल उन पर चढ़ाया तो कार्तिकेय इसी स्थान पर पिंडी रूप में विराजित हो गए। तब से आज तक कार्तिक महाराज की पिंडी पर सरसों का तेल चढ़ाने की भी परंपरा चली आ रही है। वहीं बाबा ने बताया कि कल का सत्संग 10 बजे ज्योतिसर में किया जायेगा। इस अवसर पर बबलू देवपुत्र, रिंकी शर्मा, धनकुबेर, राहुल देवता, धनपति देवता, विरेन्द्र शर्मा, अंकित शर्मा, शर्मदा शर्मा, ब्रह्मदत्त शर्मा, शिखा, आकाश देवपुत्र, सिकंदर, शिवकुमार, अर्चना देवी, ओमपाल चौधरी, योगेंद्र धारीवाल, रमेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का होगा दिव्य और भव्य आयोजन

दैनिक समाज जागरण

संभल ।संभल के मां कैला देवी धाम में 10 दिवसीय सतचंडी महायज्ञ का आयोजन होना तय किया गया है। तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति के सभी सदस्यों को कार्यक्रम संबंधी सभी जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी महाराज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम संबंधी विस्तृत जानकारी दी। स्वामी ऋषि राज गिरी ने बताया कि संभल जनपद में प्रथम बार विशाल स्तर पर 10 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें गुजरात से विद्वान धमार्चार्य यज्ञ को संपन्न करने आ रहे हैं। यज्ञशाला बनाने का कार्य पिछले सप्ताह से चल रहा है। वेद और विधि सम्मत शतचंडी महायज्ञ का आयोजन दिव्यता और भव्यता के साथ होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता राजेश सिंघल और प्रबंधक ब्लॉक प्रमुख पति हिरदेश यादव को बनाया गया है। विशेष जिम्मेदारी समाज सेवी जीतपाल सिंह यादव संभालेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह चाहल रिंकू भैया, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री श्रीमती गुलाब देवी तथा अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण और जन सामान्य के सहयोग, उपस्थिति और सानिध्य में महायज्ञ का आयोजन धूमधाम से संपन्न होगा जिसमें प्रतिदिन विश्व कल्याण, समाज कल्याण, राष्ट्र कल्याण, निरोगी समाज बनाने, हिंदू राष्ट्र की स्थापना करने, सुख समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना करने और सनातन धर्म पर कटाक्ष करने वालों को सद्बुद्धि प्रदान करने की विशेष आहुतियां दी जाएगी। इतना ही नहीं कार्यक्रम में संतों का सम्मान, पंडित पुरोहितों का सम्मान, सफाई कर्मियों का सम्मान, नारी शक्ति का सम्मान, बालिका पूजन, दीपोत्सव एवं सामाजिक संगठन संचालकों का विशेष सम्मान किया जाएगा। महंत श्री ऋषि राज गिरी जी महाराज ने बताया



की प्रतिदिन प्रातः काल 8:00 बजे से संध्या 5:30 बजे तक श्री सतचंडी महायज्ञ का आयोजन रहेगा। जिसमें सभी जन सामान्य की सहभागिता रहेगी। प्रतिदिन प्रसाद वितरण, भोजन व्यवस्था, विश्राम, शयन, जल, चिकित्सा, स्वच्छता, आदि सभी व्यवस्थाएं अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के सदस्य गण संभालेंगे। प्रेस वार्ता में महंत श्री ऋषि राज गिरी जी के साथ हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, समाजसेवी जीतपाल सिंह यादव, भाजपा नेता नरेश यादव, ब्लॉक प्रमुख पति हिरदेश यादव तथा भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल एवं भाजपा नेता संतोष गुप्ता मौजूद रहे। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि श्री शतचंडी महायज्ञ प्रेरणादायक, विशेष प्रभाव कारक तथा समाज को संगठित करने वाला विशेष आध्यात्मिक आयोजन रहेगा। जिसमें समस्त संभल जनपद वासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

# सीडीओ की अध्यक्षा में पंचायती राज विभाग की बैठक आयोजित

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। सीडीओ नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ द्वारा समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय नियमित रूप से खुले। पंचायत सहायक उपस्थित रहे तथा नियमित रूप से वहां पर ग्राम वासियों को जन सेवा केंद्र के



रूप में दी जाने वाली सभी सेवायें प्रदान की जाए। समीक्षा में पाया गया की 27 पंचायत सहायक ऐसे हैं जिनके द्वारा अपनी आईडी नहीं बनवाई गई हैं और कोई भी सेवा उनके द्वारा नहीं दी जा रही हैं। ऐसे पंचायत सहायकों की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए गए हैं। ओडीएफ प्लस के अंतर्गत चयनित 505 ग्रामों में कराए गए कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि विकास खंड शाहबाद, सैदनगर की प्रगति खराब पाई गई हैं। जिसके लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं सहायक अधिकारी पंचायत को निर्देश दिए हैं कि कार्य में रुचि न लेने वाले ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करें। ग्राम पंचायतों में निर्मित कराये जा रहे पुस्तकालयों, ग्राम पंचायतों में निर्मित कराए गए कूड़ा कलेक्शन केन्द्रों को नियमित रूप से संचालित करने, घर-घर कूड़ा कलेक्शन कराने तथा लोगों से साफ-सफाई हेतु शुल्क लिया जाए। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, खंड विकास अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त सहायक अधिकारी पंचायत, कंसलटिंग इंजीनियर एवं जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मौजूद थे।

# क्षतिग्रस्त पुल पर से भारी वाहनों के आवागमन पर 14 से लग जायगा प्रतिबंध

## पुल पर से सिर्फ छोटे वाहनों को गुजरने की अनुमति होगी - लोनिवि

बिसौली आई एम खान। शनिवार रात 12 बजे से रानैट चौराहा के नजदीक सोतनदी स्थित क्षतिग्रस्त पुल को अनिश्चित काल तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लग जाएगा। लोनिवि के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर की रात बारह बजे से उक्त पुल पर सिर्फ छोटे वाहनों को गुजरने की अनुमति होगी। बिल्सी और सहसवान जाने वाले भारी वाहन वजीरगंज-बिल्सी मार्ग से तथा बहजोई जाने वाले वाहन ओरछी- इस्लामनगर मार्ग से होकर गुजरेंगे। यहां बता दें कि रानैट पुल में बीते माह दरारें नजर आने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया था। लोनिवि व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया तो पुल से भारी वाहनों को प्रतिबंधित



करने का निर्णय लिया गया। अब भारी वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ेगी।

# वर्क चेरिटेबल ट्रस्ट अपने वर्कर्स के साथ रविवार को पीस वॉक का कर रही आयोजन

रामपुर। वर्क चेरिटेबल ट्रस्ट अपने वर्कर्स के साथ रविवार को एक पीस वॉक का आयोजन कर रही हैं जिसमे शम्स नावेद हाल बाजार नसरुल्लाह खां, मिस्टन गंज, गाँधी समाधी होते हुए पीस वॉक रामलीला मैदान उत्सव पैलेस पर पहुंच कर खत्म की जाएगी। पीस वॉक का आयोजन लोगों में जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा हैं। वर्ल्ड आर्गनाइजेशन रिलीजेस एंड नॉलेज के अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने बताया कि रबी उल अव्वल के इस माह को हम रहमत यानी करुणा माह के रूप में मनाते हैं और पूरे माह कोई न कोई कार्य जो रहमत का होता हैं वकर्स करते हैं और चाहते है आप भी मोहम्मद साहब की पैदाइश के इस माह में उनकी याद में रहमत का कोई भी कार्य पूरे माह करे क्योंकि आपको पूरे जहां के लिए रहमत बनाकर भेजा गया था न कि किसी खास वर्ग या विशेष के लिए। हम यह पीस वॉक रविवार को निकाल रहे हैं जिसमे वर्कर्स हाथो में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर एक लाइन में निकलेंगे और लोगों तक रहमत के कार्यों का सन्देश पहुँचाने की कोशिश केरेंगे। आप भी इस पीस वाक का हिस्सा बन सकते हैं। रविवार सुबह साढे दस बजे शम्स नावेद हॉल पहुंचे। बताते चले कि एचडब्लूपीएल जोकी पूरी दुनिया में विश्व शांति के लिए काम कर रही हैं और एक कोरियन संस्था हैं उसके सदस्य भी उक्त पीस वॉक में शामिल होकर अपना योगदान देंगे।

# पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को 24 घण्टे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

बिसौली आई एम खान। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस व एसओजी टीम ने 08 वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त शाहरुख खान पुत्र सद्दीक निवासी वार्ड 08 कस्वा मुडिया धुरेकी को नारायण भट्ट इण्टर कॉलेज कस्वा मुडिया धुरैकी के सामने से गिरफ्तार किया गया। हांलाकि पुलिस द्वारा कड़ाई बरतने के बाद हत्यारोपी की कहानी परिजनों व लोगों के गले नहीं उतर रही है।

कड़ी पूछताछ में शाहरुख ने बताया कि शारिक पुत्र जुल्फकार निवासी वार्ड 08 कस्वा मुडिया धुरैकी थाना फैजगंज बेहटा अक्सर मेरे पास आता जाता रहता था और वह मेरे ही पडोस का रहने वाला था। जिसे वह कभी-कभी पैसों का लालच




देकर उसके साथ कुकर्म करता रहता था। 12 अक्टूबर को आरोपी शारिक को लालच में लेकर अपनी मोटरसाईकिल पर बैठाकर जंगल में ले गया था जहां उसके साथ कुकर्म किया था। युवक ने बताया कि जब उसकी इच्छा पूर्ण नही हुई तो उसे लेकर जंगल से ही होता हुआ उघैती क्षेत्र के गाँव निभैरा के पास जंगल में ईख के खेत में शारिक को लेकर पहुंच गया। हब्शी युवक ने फिर मासूम के साथ कुकर्म किया। कुकर्मी युवक को डर था कि कहीं शारिक अपने घर वालों को न बता दे इसलिए उसने मोटर साईकिल में बन्धे दुपट्टे को खोलकर शारिक के गले में डालकर उसका गला ताकत से दबा कर उसकी हत्या कर दी। शारिक के शव को गन्ने व घास फूस व गन्ने की पतायी को उसके मृत शरीर के ऊपर डालकर उसे ढक कर अपनी मोटर साईकिल स्प्लेण्डर से अपने घर वापस आ गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर बालक शारिक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मुकदमे में पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर धारा 302,201,377 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा

# नवरात्रि में साफ सफाई व पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सुनिश्चित - अबरार अहमद

बिसौली आई एम खान। नवदुर्गा व दशहरा पर्व को लेकर चेयरमैन अबरार अहमद ने सफाई नायकों व जलकल कर्मियों के साथ एक बैठक ली। बैठक में पालिकाध्यक्ष ने आगामी त्यौहारों पर साफ सफाई व पेयजलापूर्ति व पथप्रकाश व्यवस्था चाक चौबंद रखने के दिशा निर्देश दिए। श्री अहमद ने कहा कि नवरात्रि में प्रत्येक मंदिर के आसपास सफाई अभियान प्रतिदिन चलाया जाए। वहीं



मंदिरों के आने जाने वाले रास्तों पर चूना भी डालें। चेयरमैन ने कहा कि नवरात्रि में पेयजलापूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। लिपिक राजीव कुमार, विकास बाबू, जितेन्द्र, सफाई नायक राजेश बाबू, विक्रम, शिवम, अनमोल आदि मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की टीम के साथ गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने में तीन गिरफ्तार।

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। योगेश कुमार माहौर (अवर अभियन्ता) ने थाना केमरी में एक मुकदमा लिखवाया था जिसमे आरोपियों द्वारा विद्युत विभाग की टीम पर डोर टू डोर बकाया बिल का तकादा करते समय गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में था जिसकी विवेचना के क्रम में थाना केमरी, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा में वांछित अभियुक्त 1.सिराज अहमद 2. मौ0 नावेद 3.करामत अली को कस्बा केमरी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## विद्युत विभाग की टीम के साथ गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने में तीन गिरफ्तार

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण


रामपुर। योगेश कुमार माहौर (अवर अभियन्ता) ने थाना केमरी में एक मुकदमा लिखवाया था जिसमे आरोपियों द्वारा विद्युत विभाग की टीम पर डोर टू डोर बकाया बिल का तकादा करते समय गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के



संबंध में था जिसकी विवेचना के क्रम में थाना केमरी, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा में वांछित अभियुक्त 1.सिराज अहमद 2. मौ0 नावेद 3.करामत अली को कस्बा केमरी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

# कैंपस ड्राइव मे 100 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

13 अक्टूबर 2023 लखनऊ। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना एवं हर हाथ को काम के अन्तर्गत शुक्रवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में फोर्स मोटर लि. के कैम्पस ड्राइव का उद्घाटन प्रधानाचार्य इं0 राज कुमार यादव ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के सफल क्रियांन्वयन हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से प्रतिमाह अधिक से अधिक कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि भारत


श्री नरेन्द्र कश्यप जी, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 का जनपद प्रयागराज भ्रमण का कार्यक्रम।

14-10-2023(शनिवार)

| | |
|---|---|
| 09-00 बजे प्रातः | प्रस्थान चित्रकूट से कार द्वारा प्रयागराज के लिये। |
| 11-30 बजे पूर्वाह्न | आगमन सर्किट हाउस, प्रयागराज। |
| 12-00 बजे मध्याह्न से 13-00 बजे अपराह्न तक। | मा0 जनप्रतिनिधियों/पार्टी पदाधिकारियों/ओ0बी0सी0 मोर्चा एवं संयोजक, दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता। (स्थान-सर्किट हाउस, प्रयागराज) |
| 13-00 बजे ,, से 14-00 बजे ,, तक। | "प्रयागराज मण्डल के दोनों विभागों के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक।" (स्थान-सर्किट हाउस, प्रयागराज) |
| 21-50 बजे रात्रि | प्रस्थान तदैव से कार द्वारा प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन, प्रयागराज के लिये। |
| 22-05 बजे ,, | आगमन प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन, प्रयागराज। |
| 22-10 बजे ,, | प्रस्थान प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या-12417 प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा गाजियाबाद के लिये। |

सरकार द्वारा आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में इस संस्थान की ड्रोन टेक्नीशियन की छात्रा कु0 रागिनी देवी को भारत सरकार से अवार्ड मिलना संस्थान के लिए गौरव की बात है, इसके लिए संस्थान के सभी कर्मचारी धन्यवाद के पात्र है। जिसने संस्थान का ही नही पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी द्वारा बताया गया कि फोर्स मोटर्स लि. मे जॉब लिए 153 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 100 अभ्यर्थियों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब आफर दिये गये।

# उत्तर प्रदेश के रामपुर के कारतूस कांड में CRPF/PAC के 20 जवानों सहित 24 दोषियों को आज कोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुनाई है,

साल-2010 में दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में उप्ढऋजवान शहीद हुए थे। जांच में पता चला कि हमले में इस्तेमाल कारतूस रामपुर की आर्मरी से गए थे। खाकी की आड़ में छिपे ये लोग नक्सलियों को सरकारी कारतूस बेचते थे, यशोदानंद सिंह, विनोद पासवान, विनेश, नाथीराम, रामकृष्ण शुक्ला, रामकृपाल, शंकर, दिलीप राय, सुशील मिश्रा, जितेंद्र सिंह, रााजेश शाही, अमर सिंह, वंश लाल, अखिलेश



पांडेय, अमरेश यादव, दिनेश द्विवेदी, राजेश सिंह, मनीष राय, मुरलीधर शर्मा, आकाश गुड्डू, विनोद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अजयपाल सिंह, लोकनाथ और बनवारीलाल को सजा हुई है।

# पुलिस ने लगातार तीसरे दिन एक और गैंगस्टर की 5 लाख की संपत्ति की जब्त

बिसौली आई एम खान। वजीरगंज पुलिस ने लगातार तीसरे दिन एक और गैंगस्टर की पांच लाख की सम्पत्ति जब्त करने की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष धनंजय पांडे के मुताबिक गांव हतरा निवासी नईम पुत्र मेंहदी हसन व उसके साथियों पर वर्ष 2021 में गोवंश की हत्या कर मांस की बिक्री के आरोप में गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी। शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार व सीओ व इंस्पेक्टर धनंजय पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने उसकी पांच लाख से अधिक की सम्पत्ति सरकार के पक्ष में कुर्क कर ली।

# ट्रान्सपोर्ट नगर मे किसानो पर हुये बर्बर लाठीचार्ज

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष सहित 11 नामजद अधिकारियो सहित 550 अज्ञात पुलिस कर्मियो पर परिवाद (मुकदमा) दर्ज न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी ने किया आदेश

वाराणसी : ट्रान्सपोर्ट नगर लाठीचार्ज प्रकरण मे संलिप्त अधिकारियो सहित पुलिस कर्मियो पर परिवाद (मुकदमा) दर्ज कर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी ने बयान हेतु किसानो को 2 नवम्बर 2023 को तिथि मुकर्रर किया

ट्रान्सपोर्ट नगर किसानो पर हुये लाठीचार्ज मे परिवाद ( मुकदमा) दर्ज करने के न्यायालय के आदेश को किसानो ने न्याय की जीत बताया , खुशी मे निकाला जुलूस

रोहनिया।ट्रान्सपोर्ट नगर जमीन कब्जा प्रकरण मे हुये 16 मई 2023 को बर्बर लाठीचार्ज मे संलिप्त 11अधिकारियो सहित 550 पुलिस कर्मियो पर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी के न्यायालय से परिवाद ( मुकदमा) दर्ज करने के आदेश के बाद ट्रान्सपोर्ट नगर के किसानो ने किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक विनय शंकर राय "मुन्ना" के नेतृत्व मे बैरवन - करनाडाड़ी मे जुलूस निकालकर खुशी मनाया , इस आदेश को श्री विनय राय ने न्याय की जीत बताया। लाठीचार्ज मे घायल मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद उर्फ छेदी पटेल ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी के यहा 16 मई 2023 को किसानो पर हुये बर्बर लाठीचार्ज मे संलिप्त विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव सुनील वर्मा , तहसीलदार , जे ई , एडीसीपी वरूणा जोन, एसीपी रोहनिया सहित कुल 11नामजद अधिकारियो सहित 550 पुलिस कर्मियो के खिलाफ साक्ष्य सहित मुकदमा पंजीकृत करने हेतु याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के माध्यम से दायर कराया, जिसमे दर्जनो घायल किसानो का मेडिकल रिपोर्ट, दमनात्मक कार्यवाई की फोटो विडियो सहित अनेको साक्ष्य और सबूत के साथ विस्तृत बहस अधिवक्ता गोपाल कृष्ण , पंकज राय, अजय कुमार एवं अरविंद यादव ने किया और मांग किये कि न्यायालय सीधे परिवाद दर्ज कर पीड़ित किसानो का साक्ष्य और सबूत और बयान लेकर सुनवाई करेगा तभी न्याय होगा अन्यथा पुलिस मुकदमा दर्ज करके विवेचना करेगी तो निष्पक्ष विवेचना नही करेगी क्योकि पुलिस स्वतः उत्पीड़न की है इसलिए लीपा पोती करेगी, जिससे निरीह किसानो के साथ न्याय नही हो पायेगा। किसानो के मजबूत आधार को देखते हुये न्यायालय ने परिवाद (मुकदमा) दर्ज कर बयान हेतु 02 नवम्बर 2023 को तिथि मुकर्रर की है। किसानो ने कहा कि बर्बर लाठीचार्ज मे संलिप्त अधिकारियो के कठोर सजा तक संघर्ष किया जायेगा। जुलूस एवं खुशी मनाने मे प्रमुख रूप से विजय वर्मा, उदय प्रताप पटेल, मेवा पटेल, छेदी पटेल, प्रेम शाह, दिनेश तिवारी, अमलेश पटेल, हृदय नारायण उपाध्याय, बच्चा गुरू, जगमनी देवी, राधा देव, सुनीता पटेल, उर्मिला पटेल, बिटना देवी, अवधेश प्रताप , राहुल पटेल, शीला देवी, लालमनी पटेल, कलावती देवी ,राजपति देवी , बबलू पटेल, राम नारायण पटेल, रमेश पटेल, नीरज पटेल, रोहित पटेल, अजय पटेल, आनंद पटेल, विजय पटेल, सुरेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, कल्लू पटेल, कमलेश पटेल, बहादुर पटेल एवं रामलाल पटेल सहित सैकड़ो किसान शामिल थे।

# कचहरिया में एंट्रोप्रेन्योरशिप वर्कशाप में छात्रों को आत्मनिर्भर बनने हेतु दी गयी जानकारी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/रोहनियाः आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के कचहरिया स्थित के वी एन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अवादा फाउंडेशन द्वारा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास हेतु एंटरप्रेन्योरशिप वर्कशाप का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चे बिजनेस स्किल्स को सीखें और खुद को आत्मनिर्भर बनाएं रहा।वर्कशाप में उपस्थित एंटरप्रेन्यर विशेषज्ञ शिवराम ने विद्यार्थियों को अपना व्यवसाय खोलने के महत्व के बारे में जागरूक कर बिजनेस के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए ग्रोथ फैक्टर्स, एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट, क्रिएटिव, इनोवेटिव स्किल्स, लीडरशिप क्वालिटीज के बारे में भी जानकारी दी।नमन सैनी ने विभिन्न एक्टिविटीज एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक सफल बिजनेस मैन बनने के लिए आवश्यक माइंडसेट कर तैयारी करने के बारे में विस्तार से चर्चा की।

वर्कशाप का शुभारंभ अवादा फाउंडेशन के प्रबंधक दीपक जेना, कालेज के प्रिंसिपल सुजीत सिंह ने किया। अवादा फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने कहा कि यह वर्कशाप युवाओं के करियर को निर्धारित करने और उन्हें सफलता की ओर मार्गदर्शित करने का महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।यह विद्यार्थियों को मोटिवेट कर उन्हें उनके सपनों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास दिलाने में मदद करेगा।अवादा फाउंडेशन पिछले सात वर्षों से जयापुर एवं नागेपुर के ग्रामीणों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा हैं।इस अवसर पर राहुल नारायण सिंह, दिनेश कुमार ,चद्रपाल, जयसिंह यादव,नितिन, सुरेन्द्र शर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# जौनपुर ब्रेकिंग न्यूज : मडियाहूं गोली कांड में मृतक जयप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू का शव पहुंचा बारीगांव नेवादा न० २ परिजनों के मचा कोहराम

**समाज जागरण जौनपुर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के मडियाहू थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीगांव नेवादा में दिनांक १२/१०/२०२३ को गोली कांड में मृतक जय प्रकाश सिंह का शव आज दिनांक १३/१०/२०२३ को पोस्ट मार्टम के बाद उनके आवास बरिगांव नेवादा न २ पर शाम 5 बजे पहुंचा ।शव के आवास पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।हजारों की संख्या में मडियाहूं के स्थानीय नागरिक पहुंचे। परिजनों ने शव को कब्जे में पाते ही अंतिम संस्कार के लिए शव देने से किया इनकार उनकी मांग है की जिले के जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉक्टर अजय पाल शर्मा मौके पर आए और हमारे पूरे परिवार की सुरक्षा का भरोसा दिलाए और उत्तर प्रदेश में जो अपराधियों के साथ योगी सरकार करती आ रही है वह कब तक आरोपियों के साथ होगा जैसे बाबा का बुलडोजर उनके घर पर कब चलेगा और उनका एनकाउंटर कब किया जाएगा जब तक हम इसे आस्वस्त नहीं होंगे तब तक शव को अंतिम संस्कार के लिए नहीं देंगे तो यह ब्रेकिंग न्यूज आ रही है उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के बारी गांव नवादा से सुनिए परिजनों की मांग

# लकड़ी व्यवसायी की हत्या को अंजाम देने वाले हत्यारे को महज 6 घंटे के भीतर पुलिस ने गोली मारकर किया गिरफ्तार

*गुड्डू सिंह को गोली मारकर मौत की नींद सुलाने वाले बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़*

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के नेवादा में गुरुवार की शाम में पहुचे पल्सर बाइक सवार तीन हमलावरों ने आरा मशीन संचालक के सीने में गोली मार दी। फिल्मी अंदाज में असलहा लहराते हुए भाग रहे हमलावरों में से एक को ग्रामीणों ने दिलेरी दिखाते हुए पकड़ लिया। जिसे खंभे में बांधकर पिटाई करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हिरासत में लेकर उससे गहन पूछताछ कर रही है।

वही घायल आरा मशीन संचालक को स्वजन उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर ले गए थे। जहां रात में मौत हो गई। उधर इस वारदात से हरकत में आयी जिला पुलिस और हत्या में शामिल एक बदमाश को मुठभेड़ के दरम्यान गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि मुठभेड़ के दौरान बदमाश को पैर में दो गोलियां भी लगी है।

बताते चलें कि नेवादा निवासी जय प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह घर के बगल में ही आरा मशीन चलाते थे। गुरुवार की शाम लगभग 5.30 बजे जय प्रकाश आरा मशीन के बाहर सड़क पर खड़े थे। उसी समय बगल के गांव महमूदपुर के तीन युवक पल्सर बाइक से पहुंचकर किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगे। इसी दौरान उनमें से एक ने जय प्रकाश सिंह के सीने में गोली मार दी। वह लहूलुहान होकर वह जमीन पर गिरते ही छटपटाने लगे। हमलावर असलहा लहराते हुए भागने लगे। उनमें से एक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर धर दबोचा। उसके अन्य दोनों साथी भाग गए।

ग्रामीणों की मदद से स्वजन घायल जय प्रकाश को उपचार के लिए वाराणसी भेजा गया जहां रात में ही उनकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार घटना स्थल से एक अभियुक्त गोलू यादव पुत्र सभाजीत यादव ग्राम महमदपुर थाना मड़ियाहूँ को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था तथा शेष दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा 10 टीमों का गठन कर लगाया गया। दबिश के दौरान थाना मड़ियाहूँ अन्तर्गत रामनगर ब्लाक मोड़ के पास मुख्य अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र अच्छेलाल यादव ग्राम महमुदपुर के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें अभियुक्त को दो गोली लगी है। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु हायर सेंटर रवाना किया गया है।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक युवक को चितईपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल भी बरामद

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। चितईपुर चौकी प्रभारी अजय कुमार यादव चितईपुर चौराहे पर बीते कल गुरुवार रात चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर खास ने आकर उनको सूचना दिया कि चितईपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में बिना नंबर प्लेट की बाइक से एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा हैं मुखबिर खास की बातों पर विश्वास करते हुए चौकी प्रभारी चितईपुर अजय यादव ने देर न करते हुए अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा लेकिन कुछ दूर पर ही उन्हें पकड़ लिया गया पकड़ा गया। पकड़ा गया युवक मिथिलेश कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी कांधारपुर दिघवट नई बाजार थाना सैयद राजा जनपद चंदौली उम्र 20 वर्ष चौकी इंचार्ज चितईपुर अजय यादव ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को यह मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर चितईपुर सेंट्रल बैंक से चोरी की गई थी जो मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास करते हुए हम लोगों ने आज बरामद किया है। और पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एसटीएफ के हत्थे लगा इनामी गो तस्कर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

**-25 हजार का था इनाम, मुहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन से दबोचा गया**

**-घर में गोवंशों को काटता था और फिर तय कीमत पर डिलेवरी देता**

वाराणसी। एसटीएफ वाराणसी इकाई ने शातिर गो तस्कर मोहम्मद उमर निवासी गालिबपुर मऊ को मुहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन के पास से दबोचा। उमर के ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित था और एसटीएफ को इसकी तलाश थी।एडिशनल एसपी एसटीएफ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि टीम को ये सूचना मिली थी की उमर का गिरोह है और गोवंशों की तस्करी कर अपने घर में काटता था और मांस को तय सौदे के अनुसार सप्लाई देता। ऐसे में उसकी गिरफ़्तारी के लिया निरीक्षक पुनीत परिहार एसटीएफ फील्ड इकाई, वाराणसी के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ़्तारी के लिए लगाया गया था। इस बीच विश्वस्त सूत्र के मोहम्मद उमर की लोकेशन मुहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन के पास मिली। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे मौके से दबोचा।

# थाना चौक के हड़ाहा सराय निवासी मोहम्मद साजिद खान उर्फ गुड्डू मुर्मुर पर हुई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**समाज जागरण वाराणसी**

पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन काशी श्री राम सेवक गौतम महोदय के आदेश के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त श्री चंद्रकांत मीना जोन काशी महोदय व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध श्री अवधेश कुमार पाण्डेय महोदय के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक चौक शिवाकांत मिश्र द्वारा थाना क्षेत्र में आम जन मानस को पीड़ित करने वाले तथा जनता में भय व्याप्त करने वाले शातिर अपराधी मोहम्मद साजिद खान उर्फ गुड्डू मुर्मुर र/ड मोहम्मद असलम निवासी उङ 47/14 सराय हडहा थाना चौक वाराणसी के विरूद्ध धारा -3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा एक्ट नियंत्रण अधिनियम 1970 के अधीन कार्यवाही की गयी।

**अपराधी का अपराधिक इतिहास -**

1- मु0अ0स0 09/2020 धारा 114,120बी,147,148,149,332,336,353 भादवि व 3 सार्वजनिक सम्पत्ति अधिनियम भादवि थाना चौक वाराणसी

2- मु0अ0स0 424/2020 धारा 3,4,6 सार्वजनिक जुआ अधि0 थाना चौक

3-मु0अ0स0 425/2020 धारा 269,270,271 भादवि थाना कैण्ट

4- मु0अ0स0 181/2020 घारा 406,506 भादवि थाना चेतगंज

5- मु0अ0स0 05/2022 धारा 269,270 भादवि व 3 महामारी अधि0 थाना चेतगंज

6- मु0अ0स0 72/2023 धारा 147, 323, 324, 504, 506 भादवि थाना चौक

# महिला महाविद्यालय की फ्रेशर पार्टी में छात्राओं का धमाल, मिस फ्रेशर बनी अराधना सिंह





कछवांरोडः- मिजार्मुराद गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी 'उमंग' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व उनकी पुत्री शौम्या सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जलन कर किया।

बीएससी, बी.ए एवं बीकाम की छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी में खूब धूम मचायी।झुमका गिरा बरेली के बाजार में..., लौंग इलाइची..., निबुड़ा निबुड़ा... और घर आया परदेसिया... गाने पर छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाएं।फ्रेशर पार्टी में मौजूद छात्राओं ने सिटी और तालियों से सभागार को गूंजा दिया।मिस फ्रेशर का किताब बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अराधना सिंह को मिला।वही मिस इवनिंग का किताब बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना पांडेय, बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा सेजल जायसवाल व बीएससी की प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी सिंह को मिला।प्राचार्या डॉ. रिंकी सिंह ने कहां की छात्राओं को केवल किताबों तक ही सिमट कर नहीं रह जाना चाहिए।व्यवहारिक गुण भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अपनी संस्कृति एवं सभ्यता पर हमेशा गर्व करें। मंच संचालन छात्रा रेशमा विश्वकर्मा व जोया खान ने किया।प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. रीना गुप्ता, गौरव उपाध्याय, जितेंद्र नाथ सिंह, योगेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मुकेश यादव, अमृता सिंह, सपना पांडेय, वीरेंद्र, राज कुमार, राजेश, राकेश, रामजी सहित अन्य प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रही।

# कार्यालय में घुस कर टेंट व्यवसायी ने अभिलेखों में लगायी आग

*बकाया भुगतान न होने नाराज था टेंट व्यवसायी*

*चिरईगांव विकास खण्ड कार्यालय में दिन दहाड़े हुई घटना से हड़कम्प*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
**चिरईगांव/वाराणसी**

सरकारी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के बाद समय से भुगतान न होने का परिणाम व आक्रोश क्या होता है इसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार को चिरईगांव ब्लाक मुख्यालय पर स्पष्ट तौर पर देखने को मिला। जानकारी के अनुसार टेंट व्यवसायी बीते दिनों ब्लाक मुख्यालय पर एक कार्यक्रम सम्पन्न कराया था जिसका बकाया भुगतान नहीं होने से नाराज वह शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय में पहुंच कर पटल पर रखे भ्रमण पंजिका पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया जिससे पटल पर रखे सरकारी अभिलेख जलने लगे।

घटना के सम्बंध में ब्लाक कार्यालय के कर्मियों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि बीते 15 सितंबर को ब्लाक परिसर में "मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम" आयोजित था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने भी प्रतिभाग किया था ।उक्त कार्यक्रम में टेन्ट, मैट,कुर्सी आदि को पड़ोस के एक टेन्ट व्यवसायी ने लगाया था। कार्यक्रम समाप्त हो जाने के बाद उसका अभी तक भुगतान नहीं होने की बात कही जा रही है। बकाया भुगतान न होने से नाराज टेंट व्यवसायी ने भुगतान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के यहां कई बार गुहार लगायी लेकिन भुगतान में हीलाहवाली की जाती रही जिससे नाराज टेंट व्यवसायी ने शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय में पेट्रोल लेकर पहुँचा और कार्यालय के पटल पर रखे भ्रमण पंजिका पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। अभिलेखों को जलता देख अन्य पटलों पर बैठे कर्मचारी भाग खड़े हुए। ब्लाक मुख्यालय के मुख्य गेट पर खड़े गार्ड जब तक कुछ समझ पाते तब तक टेन्ट व्यवसायी मौका पाकर फरार हो गया।आगजनी की घटना को लेकर ब्लॉक में हड़कंप मच गया।

इस बाबत खण्ड विकास अधिकारी राजबहादुर सिंह ने बताया कि टेन्ट व्यवसायी अपना भुगतान नहीं होने से नाराज था।मामले के त्वरित निस्तारण के लिए एडीओ पंचायत कमलेश सिंह को बोला गया है जल्द ही भुगतान करना दिया जायेगा।

# पुलिस के जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवायी गयी दौड़

*एसपी द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण*

**समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैन्टीन, मेस इत्यादि का निरीक्षण कर आवश्यक आदेश निर्देश दिया गया तथा कंट्रोल रुम में डायल 112 की पीआरबी से बात कर रिस्पांस टाइम की जानकारी ली गयी। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# मां दुर्गा की भव्य मूर्तियां बनाने में जुटे कलाकार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**



मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड श्री दुर्गा पूजा की नवरात्रि की लगभग तैयारी पूरी हो गई है मूर्तिकार देवी मां की भव्य मूर्तियां को अंतिम रूप देने में जुटे हैं कछवांरोड के मूर्तिकार दो माह से मूर्तियां बना रहे हैं दिन-रात जुटे कारीगर अपनी मेहनत से मूर्ति में अपनी कला से जान डालने की कोशिश कर रहे हैं मूर्ति के हर हिस्से पर बारकी-बारकी की से काम किया जा रहा है कछवांरोड के कलाकार उन मंदिरों के लिए खास तौर से मूर्तियां बनाई जा रही है मां दुर्गा की बड़ी मूर्तियां बनाई जा रही हैं विधि विधान से स्थापित होगी मां दुर्गा की मूर्ति नवरात्र महोत्सव के लिए के लिए तैयार की जा रही मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना विधि विधान से साथ पहले नवरात्र पर पंडाल में की जाएगी इसके लिए कारीगर ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है कलाकार मूर्ति को सच्चा देवी का रूप देने में जुटे हैं मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है 14 साल से बना रहे मूर्ति पिछले दो माह से वाराणसी जिले कछवांरोड के मूर्तिकार शनि राजभर अंकित राजभर देवी मां की मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं उन्होंने बताया कि मां का पूरा मूर्तियां कच्ची मिट्टी से ही सजाया जाता है तालाब की कच्ची मिट्टी से मूर्तियां बनाई जाती है इसके अलावा भुसा पुवाल बास काटी और विभिन्न तरह के पेट का प्रयोग किया जाता है वह पिछले 14 साल से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं महोत्सव के लिए छोटी बड़ी मिलाकर करीब दर्जनों मूर्तियां तैयार होंगे जिसमें मां दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती भगवान गणेश कार्तिकेय आदि शामिल है।

# घर का ताला तोड़कर सामान ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के मानस नगर कॉलोनी में रहने वाले चंद्रभूषण सिंह अपने प्लाट का देखरेख करने के लिए संजय कुमार सिंह लक्ष्मणपुर शिवपुर के रहने वाले दिया था। चंद्रभूषण सिंह कारोबार के सिलसिले में जयपुर राजस्थान चले गए।इधर मौका देख संजय सिंह उनके प्लांट में लगा समरसेबल पंप लोहे के गेट के साथ ही अन्य कीमती सामान उठा ले गए। उन्होंने अपने एक परिचित माया नाथ मौर्या को अपने प्लाट पर भेजा। इसके बाद वहां से सारा सामान गायब दिखाई पड़ा।माया ने चंद्रभूषण को पूरे मामले की जानकारी फोन कर दी ।चंद्रभूषण की शिकायत पर शिवपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर के रहने वाले संजय कुमार सिंह सीतांशु कुमार सिंह उर्फ शिवम सिंह बृजेश सिंह और चंदौली के चहानिया के गुरेरा के रहने वाले धर्म देव सिंह के खिलाफ पुलिस ने चोरी धोखाधड़ी करने के मामले में शुक्रवार देर शाम को मुकदमा दर्ज किया गया।

# काशी सांसद खेल प्रतियोगिता को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर हुई बैठक

**समाज जागरण वाराणसी**

रोहनिया।काशी सांसद खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम को लेकर आराजी लाइन ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को काशी सांसद खेल प्रतियोगिता




के आराजी लाइन के प्रभारी राम सकल पटेल के उपस्थिति में प्रतियोगिता के जिला प्रभारी अश्वनी त्यागी ने पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं तथा अन्य गणमान्य लोगों के बीच बैठक किया। बैठक के दौरान प्रभारी अश्वनी त्यागी ने आगामी काशी सांसद खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र के अधिक से अधिक खिलाड़ियों को भाग लेने का आवाहन करते हुए खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अपील किया। जिसके दौरान खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल ने होने वाले खेल प्रतियोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया ।बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ,खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल,खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह गौतम, सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि वंशराज पटेल इत्यादि लोग शामिल रहे।

# जहर खुरानी के दो अलग अलग मामले में ढ़ाई वर्ष की सजा।

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी : ट्रेन में नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने के अलग अलग दो मामले के साथ गिरफ्तार अभियुक्त मुमताजको विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अभय कृष्ण तिवारी ने दो साल की सजा भुगतने का आदेश दिया है। अभियोजन का पक्ष सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौगदारी)रोहित मौर्य ने रखा।

अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा 2016 में ट्रेन से मऊ जा रहा था रास्ते में उससे अभियुक्त मिला जिसने ट्रेन में चूड़ा नमकीन खिलाया और चाय लाने को कहा जब वह लौटा तो देखा की उसका सामान गायब था ,वह बेहोश हो गया,होश आया तो वो अस्पताल में था। इस मामले में जीआरपी मऊ में 25 जुलाई को तहरीर दी गई।

गोरखपुर जी आर पी पुलिस ने अभियुक्त मुमताज को गिरफ्तार किया जिसमे उसने घटना में शामिल होना और चोरी करना स्वीकार किया।अदालत ने लोहता निवासी अभियुक्त को दो वर्ष की सजा और छब्बीस हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है ।

# पति के मौत के मामले में पत्नी ने सास ससुर दो देवर के खिलाफ पति के हत्या का मुकदमा कराई दर्ज

मिजार्मुराद। क्षेत्र के छतेरी गांव स्थित पांच महीने पूर्व 22 मई को सुबह गांव में अर्ध निर्मित मकान में राजगीर मिस्त्री राम लखन गौड़ का शरीर मृत हालत में मिला था उस दौरान आस पास एवं गांव में चर्चा रहा कि पति-पत्नी में विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई जिससे नाराज होकर राजगीर मिस्त्री ने आत्महत्या कर लिया घटना की सूचना पर पहुंची मिर्जा मुराद पुलिस ने मृतक के शरीर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जिसमें पत्नी को जानकारी होने पर मायके से आई पत्नी ने मेरी जान रात पुलिस को को पति के मौत का कारण बंटवारे को लेकर सास ससुर व दो देवर द्वारा मारने पीटने के चलते पति की मौत होने की बात बताते हुए शिकायत किया था इस मामले में सुमन देवी ने पति के हत्या का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए कोर्ट का सहारा लिया जिस पर न्यायालय के निर्देश पर मिजार्मुराद पुलिस ने छतेरी गांव निवासी पुनवासी शकुंतला चंद्रभूषण श्याम सुंदर के खिलाफ 323 504 302 201 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच जुटी हुई है

# तीन वर्ष से बन्द सीवर लाइन को ठीक करने का निर्देश

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चिरईगांव/वाराणसी स्थानीय विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय कर्मचारियों की टीम के साथ शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरायनपुर में स्वच्छता कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण किया। चौहान बस्ती में पहुंचने पर ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती के सीवर व जल निकासी के लिए पूर्व में सीवर लाइन लगायी गयी थी जो तीन वर्ष से जाम होकर बंद पड़ी है। नाली पर अतिक्रमण कर पशु बांधे जाने से सीवर में मिट्टी भर गयी है जिससे रास्ते सहित बस्ती में भी गन्दा पानी जमा रहता है। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला शोध प्रमुख गौरव सिंह ने बीडीओ को बताया कि गन्दे जलजमाव के कारण बहुत से लोग मलेरिया व डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। बीडीओ ने जेई को तत्काल ब्यय का आंकलन करने का निर्देश देते हुए ग्राम पंचायत सचिव से तुरन्त सीवर की मरम्मत कर ठीक कराने का निर्देश दिया।

# अवैध अतिक्रमण को नगर निगम के दस्ता ने ढहाया

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। भिखारीपुर तिराहा से सुंदरपुर नरिया से होकर लंका जाने वाले मार्ग पर अवैध निर्माण को नगर निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से तोड़कर हटवाया।अवैध निमार्णों को हटाने के दौरान चितईपुर लंका और भेलूपुर थाने के पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे हैं।कार्रवाई के दौरान सबसे पहले भिखारीपुर तिहारी के समीप सुंदरपुर पुलिस चौकी के बगल में स्थित सुलभ शौचालय को दस्ता ने पहले तोड़कर हटवाया।इसके बाद सुंदरपुर पुलिस चौकी परिसर में बने शौचालय को तोड़ा गया। इसको तोड़ते हुए टीम आगे सुंदरपुर चौराहे के समीप अतिक्रमण करने वालों को तोड़कर हटवाया। साथ ठेला खुमचा को नगर निगम भिजवाए। दोनों शौचालय टूटने के बाद पुलिसकर्मियों के साथ ही स्थानी दुकानदारों को भी परेशानी होगी।

# खोया पर्स पाकर खुशी से गदगद हुई एलिना

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी रामनगर किला घूमने आई पोलैंड की महिला पर्यटक एलिना दानुता सपाला उस समय खुशी से झूम उठी जब उनका खोया पर्स दुर्ग के सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने लौटाया। हुआ यूं कि शुक्रवार को दुर्ग स्थित म्यूजियम देखने पहुंची पोलैंड की महिला पर्यटक एलिना दानुता सपाला का पर्स गिर गया। विदेशी महिला को पर्स खोने की जानकारी हुई तो उसने काफी देर तक दुर्ग के बाहर व अंदर पर्स की खोजबीन की।परेशान विदेशी पर्यटक का पर्स खोने की जानकारी जब दुर्ग के सुरक्षा अधिकारी को हुई तो उन्होंने कर्मचारी लगाकर पर्स की तलाश कराया। सौभाग्य से किले के अंदर ही पर्स मिल गया। उन्होंने एलिना को पर्स सौंप दिया। एलिना ने उनका आभार जताते हुए थैंक यू कहा। सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि पर्स में विदेशी महिला का पासपोर्ट, आधार कार्ड व एटीएम सहित अन्य जरूरी कागजात थे।

# शा. उच्चतर मा. विद्यालय बिरसा के छात्र-ाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 14 अक्टूबर ) जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही हैं वैसे वैसे ही चुनावी सरगर्मी तेज हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्त्ता से लेकर छात्र छात्राओं के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान भी जोर पकड़ लिया हैं इसी को लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसा की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया व आने वाले 17 नवम्बर को मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता अभियान निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। कही विद्यार्थी रैलियां निकाल रहे है तो कहीं रंगोली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जिले में नरेगा में लगे मजदूरों के द्वारा भी 17 नवम्बर को मतदान करने की अपील जारी की गई है। साथ ही सामूहिक रूप से शपथ दिलाई जा रही है। वारासिवनी नगर पालिका के महिला समूहों और सफाई कर्मियों के माध्यम से सामूहिक शपथ लेकर जागरूक किया गया है। इसके अलावा मुल्ना स्टेडियम में भी खिलाड़ियों ने सामूहिक शपथ ली। इसी तरह बिरसा में रैली,ग्राम पंचायत चिकामारा में दीवार लेखन, बैहर में युवकों ने रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश तो लालबर्रा में मनरेगा के मजदूरों ने शपथ लेकर मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही ऑगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा हाथों में मेहंदी बनाकर भी मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

# रमेश भटेरे ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल पर जमकर बोला हमला,19 अक्टूबर को लेंगे निर्णायक फैसला

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 14 अक्टूबर )लाँजी विधानसभा हमेशा सुर्खियों में रहती हैं, कभी डबल मनी को लेकर तो कभी भ्रस्टाचार को लेकर लेकिन इस समय राजनीति से जुड़े भाजपा नेताओं की तू तू मैं मैं की वजह से सुर्खियों में हैं। जिस दिन से लाँजी विधानसभा के उम्मीदवार के रूप में आप नेता राजकुमार कराहे को भाजपा ने टिकट दिया उसी दिन से पूर्व विधायक रमेश भटेरे भगावत पर उतर आये हैं जो कई बार सभी के सामने आ चुका हैं। लेकिन 12 अक्टूबर को तो अति ही हो गयी जब अपने निज निवास पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित समर्थकों के बीच केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के ऊपर तीखे शब्दों की बौछार शुरू कर दी। उन्होंने आगामी 19 अक्टूबर को स्वयं का भविष्य तय करने की भी घोषणा कर दी।

**प्रहलाद पटेल को अपना नेता मानने से इंकार**

सैकड़ो की संख्या में उपस्थित समर्थकों के बीच उन्होंने कहा कि उन्हें चाहे पार्टी निकाल दें लेकिन वे प्रहलाद पटेल को अपना नेता नहीं मानते हैं। रमेश भटेरे के अनुसार जब मैं प्रहलाद पटेल से मुलाकात करने उनके दिल्ली स्थित निवास पर गया तो उन्होंने मेरा अपमान तो किया ही साथ ही हमारे पूज्यनीय गौरी भाऊ को भी अपशब्द कहे जिसे मैं भुला नहीं सकता, अब सवाल यह उठता हैं कि क्या रमेश भटेरे अपने स्वाभिमान के चलते यह सब बता रहें हैं या टिकट नहीं मिलने से बौखलाने की वजह से ऊंट पटांग बयां बाजी कर रहें हैं। बहरहाल जो भी हो आने वाले समय में इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता हैं क्यों कि रमेश भटेरे के तेवर से साफ हैं कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे?

# स्वीप प्लान के तहत आयोजित की जा रही हैं विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन, 13 अक्टूबर 2023**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप प्लान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्रामों तथा नगरों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही मतदान विषय पर मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। इन मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को मताधिकार का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




# एकल अभियान संच बिरसा के द्वारा खेल कूद का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।( 14 अक्टूबर )एकल अभियान द्वारा संचालित एकल विद्यालय के तहत पंचमुखी शिक्षा को लेकर जिसमे प्राथमिक शिक्षा,आरोग्य शिक्षा,.ग्राम विकास शिक्षा,.जागरण शिक्षा,संस्कार शिक्षा पर संचालित है संच स्तरीय खेल कुद कार्यक्रम समारोह एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग सतपुड़ा के अंतर्गत बालाघाट संच बिरसा समिति के द्वारा बिरसा मॉडल स्कूल के मैदान में एक दिवसीय खेलकूद आयोजन किया गया कार्यक्रम का सुभारंभ करते हुए सबसे पहले मां सरस्वती और मां भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को सुभारम्भ किया गया जिसमें सभी विद्या ग्राम से आठ से सोलह वर्ष के बच्चों ने हिस्सा लिया,जिसमें कब्बड़ी, दौड़, लंबी कूद व ऊंची कूद खेल संपन्न हुआ ग्राम समिति के सहयोग से आयोजक समिति का पुरा- सहयोग रहा और इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज बिसेन, मुख्य अतिथि चित्र कुमार ठाकरे, विशेष अतिथि मेहताब भागचंद ठाकरे, सचिव मामराज शरणागत,




संच प्रमुख सहदेव मरकाम अंचल शिक्षा प्रमुख संजय धारवैया, सोहन रावतकर,कमलेश ठाकरे गणेश रहँगडाले एवं सभी विद्या ग्राम से आचार्य दीदी, भईया एवं ग्रामवासियों की उपस्तिथि में यह अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। एकल अभियान में बच्चे का भविष्य एक अच्छे समाज की ओर अग्रसर हो इसी माध्यम से एकल में पंचमुखी शिक्षा देकर उनके भविष्य को एक अच्छे जीवन व्यवहार ,संस्कार सभ्यता, आदि आचरणों को बच्चे के ऊपर अनुकरण किया जाता है। इस खेलकूद समारोह में भाग लिए इस खेला प्रतियोगिता का आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है की ग्रामीण क्षेत्र में पल बड़ रहे छोटेझ छोटे बच्चो को अच्छी शिक्षा,स्वस्थ,वा संस्कार में जोड़ने के साथझसाथ उनके अंदर छिपे प्रतिभा को बाहर गांव और देशझ दुनिया को दिखाना चाहते है कि गांव के बच्चे आज देश के लिए सब कुछ कर सकते है, हम गांव के बच्चों को एकल विद्यालय के माध्यम से आगे लाना चाहते है।

# 11वीं की छात्रा की अचानक बिगड़ी तबियत, अस्पताल में किया गया भर्ती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 14अक्टूबर )लांजी नगर के एक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 11वीं की छात्रा की अचानक तबियत बिगड गयी जिससे बिद्यालय में अफरा तफरी मच गयी, लेकिन तातपर्यता दिखाते हुए शिक्षकों ने छात्रा को बिना समय गवाएं लाँजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया जहाँ छात्रा की हालत में सुधार हैं। कालीमाटी निवासी छात्रा रोजाना की तरह शुक्रवार को समयानुसार शाला पहुंची थी, कि इसी दौरान चलते क्लास में ही छात्रा का स्वास्थ्य बिगड़ गया, जिसे तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए छात्रा की मां ने बताया कि इसके पूर्व भी बेटी की तबीयत स्कूल में ही खराब हुई थी और आज भी इस




प्रकार की घटना घटी है।

**श्वास की समस्या से ग्रसित हैं छात्रा**

विद्यालय प्रभारी के अनुसार छात्रा श्वास की समस्या से ग्रसित हैं जिसका इलाज परिजनों के द्वारा कराया गया हैं। वहीं स्कूल के शिक्षक अमित आसटकर का कहना है कि इसके पूर्व भी छात्रा की तीन से चार बार तबीयत खराब हो चुकी हैं।छात्रा को स्वास्थ्य संबंधी क्या समस्या है यह तो चिकित्सक व परिजन ही बता सकते हैं,लेकिन स्कूल से इसका कोई लेना देना नहीं है। दूसरी ओर छात्रा को अस्पताल लाने वाली अन्य छात्राओं ने बताया कि आसटकर सर का कालखंड चल रहा था,तभी अचानक छात्रा बेहोश होने लगी, जिसे तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया।

# विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार की की जा रही हैं जांच की कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण, रायसेन, 13 अक्टूबर 2023**

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के सुल्तानगंज थाना अंतर्गत एफएसटी टीम द्वारा चेक प्वाइंट पर वाहन चैकिंग के दौरान सागर निवासी श्री मनीष जैन के पास से तीन लाख 26 हजार रू नगदी जप्त की गई। इसी प्रकार मण्डीदीप में बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर भी जांच के दौरान एक लाख रू की नगदी जप्त की गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई हैं, जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।



# लीवर की गंभीर बीमारी को मात देकर कई बार प्रधान आ-रक्षक अतुल दुबे ने कर्तव्य के आगे लगाई जान की बाजी

**दैनिक समाज जागरण देवव्रत राय ब्यूरो चीफ बलरामपुर(छत्तीसगढ़)**

13अक्टूबर2023:-रामानुजगंज थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अतुल दुबे कर्तव्य प्रणेता एवं जीती जगता मिसाल है १ वर्ष पूर्व लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे जिसके बाद अतुल दुबे की पत्नी के द्वारा अपना लिवर दिया तो २०२२ में अतुल दुबे गंभीर रूप से बीमार होने के बाद लिवर ट्रांसप्लांट हुआ ।

**अतुल दुबे की पत्नी लिवर देने को तैयार हुई**

अतुल दुबे की पत्नी का लिवर ट्रांसप्लांट के बाद भी स्थिति काफी क्रिटिकलरहा परंतु विपरीत से विपरीत स्थिति में भी अतुल दुबे के हिम्मत हौसला एवं जज्बा ने उसे हर विपरीत परिस्थिति से बाहर निकाला।स्थिति निर्मित हुई की अकेले उसने मोर्चा को बखूबी संभाला अतुल ने कहा कि धैर्य एवं हिम्मत से आदमी काम ले तो किसी भी स्थिति से उभर सकता है । जब स्वजनों को पता चला कि लिवर पूर्णतः डैमेज है । इसके बाद सभी स्वजन काफी चिंतित हो गए एवं कुछ समझ में नहीं आने लगा ऐसी



स्थिति में भी अतुल ने हिम्मत नहीं हारी एवं लिवर ट्रांसप्लांट के लिए तैयार हुए ।

**ऐसी विपरीत स्थिति में अतुल दुबे की अपनी पत्नी ममता दुबे अतुल ने हिम्मत नही हारने दी**

दुबे कहा कि मैं ठीक हो जाऊंगा मुझे आप लोग हैदराबाद ले चलिए हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में अतुल दुबे का लिवर ट्रांसप्लांट हुआ है।

**छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सभी डॉक्टरों ने दे दिया था जवाब**

अतुल दुबे को लीवर की बीमारी शुरू हुई तो छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सभी प्रमुख डॉक्टर ने जवाब दे दिया था, ऐसी स्थिति में भी कई बार अकेले मोर्चा संभाला लिवर ट्रांसप्लांट के बाद ड्यूटी में पास्को एक्ट के मामले में दौड़कर आरोपी को पकड़ा ,हो गया छाती में दर्द पास्को एक्ट के मामले में आरोपी को अतुल दुबे के द्वारा दौड़ा कर पकड़ा था । जिसके बाद छाती में दर्द हो गया था । ट्रांसप्लांट के बाद कई प्रकार की सावधानियां बरतनी पड़ती है परंतु कर्व्यय के आगे अतुल ने अपनी जान की बाजी लगा दी । ट्रांसप्लांट के कुछ माह बात ही अतुल दुबे पुनः काम में लौट आए एवं आज समाज में मिसाल पेस कर रहे हैं ।

# रेत माफिया के खिलाफ पुलिस की तापड़तोड़ कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण, उमरिया**

विधानसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के बाद से अवैध कामों में लगे लोगों और नशे सहित रेत माफिया पर बीते दिनों से लगातार पुलिस की कार्यवाही जारी है। कोतवाली पुलिस ने जहां सेमरिया गांव से बड़ी मात्रा में गांजे के पेड़ बरामद किये वहीं गत रात्रि एसडीओपी स्क्वाड ने चंदिया थाना क्षेत्र में दबिश देते हुए रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली जप्त की है, मामले को लेकर एसडीओपी उमरिया नागेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध रेत के खिलाफ अभियान चल रहा है, जिसके तहत मुखबिर की सूचना पर गत रात्रि खैरभार और फौजी चौराहे पर रेत लोड ट्रेक्टर वाहन जप्त किया गया है, वहीं कोतवाली पुलिस ने बड़ेरी स्थित रोड से रेत से भरे दो वाहनों पर कार्यवाही की है। चंदिया थाना क्षेत्र में हुई कार्यवाही में विजय बघेल, अजय तिवारी, सुरेश कुलस्ते, रेवा शंकर सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। कार्यालय के बाद वाहनों को चंदिया पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

# जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग बलरामपुर ने खाद्य पदार्थो के पैकेजिंग के लिए अखबार का उपयोग नहीं करने की अपील की

## , अखबार पेपर में प्रयोग होने वाला स्याही स्वास्थ्य के लिए है

**दैनिक समाज जागरण, देवव्रत राय,ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 13अक्टूबर 2023:-जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग बलरामपुर ने खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग के अखबार का उपयोग नहीं करने की अपील की है । खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दुकानदार व होटल संचालक खाद्य पदार्थ देने के लिए आमतौर पर अखबार का उपयोग करते हैं , साथ ही भोजन पैक करने के लिए तथा तले हुए भोजन से अतिरिक्त तेल निकालने के लिए अक्सर अखबार कागज का प्रयोग करते हैं जो की स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । उन्होंने बताया कि अखबार की छपाई में प्रयोग होने वाला स्याही खाद्य सामग्री लपेटने पर खाद्य पदार्थ में चला जाता है । अखबार की छपाई में प्रयुक्त स्याही मेंडाईआईसोब्यूटाईलफटाइलेड , डाईएनआईसोब्यूटाइलेट , बेंजोफिनोन , बेंजिटाईल जैसे खतरनाक रासायन होते हैं । साथ ही इसमें लेड तथा अन्य हानिकारक धातु होते हैं , जो मुंह के रास्ते से फेफड़ों और मस्तिष्क में प्रवेश करके उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं । इसके अलावा छपाई वाली स्याही में नेप्थीलमिन पाया जाता है , शरीर में इसकी मात्रा बढ़ जाने से मौत भी हो सकता है । छपाई वाली स्याही में पाये जाने वाले रंजक भी हानिकारक होते हैं , जो खाद्य पदार्थ तेल में मिल जाते हैं जिनको खाने से पाचन संबंधित विभिन्न प्रकार के कैंसर , महत्वपूर्ण अंगों की विफलता , प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना जैसे कई बीमारियां हो सकती है । सुरक्षा अधिकारी ने दुकानदारों तथा होटल संचालकों से अपील करते हुए कहा कि अखबारी कागज का प्रयोग खाद्य सामग्री लपेटने आदि में न करें । बार-बार समझानें के बाद भी यदि कोई दुकानदार व होटल संचालक न माने तो उसकी शिकायत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में की जा सकती है ।शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार एवं होटल संचालक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कायवार्ही भी की जाएगी ।

# चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग की कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण, उमरिया**

रात्रिकालीन दबिश दौरान होटल व ढाबों की चेकिंग की गई । कार्यवाही दौरान वृत्त नॉरोजाबाद में अजमेरी होटल से 05 पांव देशी मदिरा प्लेन व 01 पांव टऊव्हिस्की जप्त किया, राजा ढाबा से 06 पांव देशी मदिरा प्लेन जप्त किया। साथ ही वृत्त उमरिया में दिनेश वाधवानी के कब्जे से 15 पांव



देशी मदिरा प्लेन जब्त किया गया। बाबू लाल यादव, भरौला के कब्जे से 09 पांव देशी मदिरा प्लेन व 02 पांव गोवा जप्त किया गया।

बद्री साहू के कब्जे से 09 पांव देशी मदिरा प्लेन जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध के विरूद्ध म.प्र. आबकरी अधिनियम 1915 के तहत कार्यवाही कर कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध किया। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक हनुमान सिंह चौहान एवं दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई। साथ ही सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती कीर्ति दुबे द्वारा मय आबकारी दल निर्धारित दर पर मदिरा विक्रय की जांच हेतु कंपोजिट मदिरा दुकान करकेली का औचक निरीक्षण किया गया। पाई गई अनियमितताओं के लिए विधिवत कार्यवाही कर आरोप पत्र दिया गया जिस पर आगामी दिनों में शस्ति अधिरोपित की जाएगी।

# एसईसीएल सोहागपुर एरिया में हर महीने लाखों का परचेज घोटाला

## स्तरहीन मशीनरी – पाट्र्स की खरीदी से आए दिन वाहन हो रहें ब्रेकडाउन

शहडोल। एसईसीएल सोहागपुर एरिया की कोयला खदानों से भले ही सिर्फ कोयला निकलता है लेकिन कंपनी को संचालित करने वाले कई घटक विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी तरह तरह के हथकंडे अपनाकर आमदनी के नए स्त्रोत खोज ही लेते हैं। ऐसा ही एक जरिया है एरिया सहित कालरी के विभिन्न यूनिट में लोकल परचेज के नाम पर ब्रांडेड कंपनी की जगह नॉन ब्रांडेड कलपुर्जों की खरीदीकर अंधाधुंध अवैध कमाई जिसके चलते आए दिन मशीनें ब्रेक डाउन होती रहती है।

**अनजान बना प्रबंधन...?**

लोकल परचेज से सोहागपुर एरिया के विभिन्न माइंस के इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल विभागों में हर महीने लाखों का वारा न्यारा होने की जन चर्चा हमेशा हो सुर्खियों में रही है, लेकिन पता नहीं क्यों प्रबंधन के कानो तक ऐसी संवेदनशील बातें नहीं पहुंचती हैं। जानकार सूत्रों की मानें तो लोकल परचेज के नाम पर उक्त तकनीकी विभागों के साथ ही सिविल विभाग मे हर महीने लाखों रुपए की फर्जी खरीद फरोख्त होती है।

**हर विभाग में अलग-अलग खेल**

बताया जाता है कि कोयला खदानों में हालपैक, डोजर जैसे कई तरह के बड़े मशीनोके समान जो अधिकृत एजेंसी से ही खरीदे जाने चाहिए, जानबूझ कर तत्कालिक आवश्यकता या अर्जेंट के नाम पर नोटशीट सप्लायरों को चलाकर लोकल एजेंसी के जरिए सस्ते में प्रबंधन को खरीद फरोख्त कर ली जाती है जिसमें किया जाता कमीशन बाजी और सौगातों की जन चर्चा सप्लायरों द्वारा इतनी आम है कि सहसा विश्वास ही नहीं फर्मों के तीन होता है। सूत्रों की मानें तो लोकल परचेज औपचारिकता एरिया माइंस की असली कामधेनु है। लिफाफा ईएण्डएम विभाग, वर्कशॉप के इंजीनियरो प्राप्त कर लेते की पांचों उंगलिया घी में होती है। सप्लायरों से से सप्लाई सामान मंगाकर बिल देने में आना कानी की वाला कोई जाती है, कमीशन बाजी के चलते सप्लायर ब्रेक डाउन धीरे-धीरे कालरी का काम करना बंद कर रहे इंजीनियर हैं। बिल के लिए कई चक्कर इंजीनियर कंपनी को मैनेजर सवेरिया मैनेजर कार्यालय का चक्कर जिसको काटने को मजबूर हो जाते हैं।

टेंडर पाने व बिल पास के लिए चढोत्तरी देने के लिए विवश है, तभी बिल पास होता है। फर्जी तरीके से अलग अलग लिफाफे एक ही व्यक्ति के द्वारा पूरा करने के लिए तीन अलग-अलग रेट डालकर टेंडर हैं और मनमानी तरीके से वर्षों कर बिल लेरहे हैं जिसे देखने नहीं है इससे आए दिन मशीनों में बना रहता है इस कार्य में मैनेजर अहम भूमिका मानी जाती है। इससे दोहरा नुकसान उठाने पड़ते हैं निष्पक्ष जांच पूर्व विलो की कराई जाए तो तो भ्रष्टाचार में कितने लोग फंसगे।

श्रमिक संगठनों से जुड़े सूत्रों ने नाम की गोपनीयता की शर्त पर बताया कि लोकल परचेज और फर्जी बिलिंग के साथ ही सामान की आपूर्ति करने वाले सप्लायर बिल को लेकर परेशान रहते हैं कोई सुनने वाला नहीं खदानों के अंदर बड़े-बड़े मशीनों में जरूरत पड़ने पर पाट्र्स की सप्लाई होती है। मशीनरी पाट्र्स मशीनों में लगाए तो जाते हैं लेकिन घटिया लोकल पाट्र्स होने के चलते मशीनें ब्रेकडाउन होती हैं और कंपनी को भारी छति उठानी पड़ती है। कंपनी हित में अपेक्षा है की लोकल परचेस की प्रक्रिया को पारदर्शी और अचूक बनाएं ताकि तात्कालिक जरूरतों के निपटने के लिए बेहतर होता कि एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की जाती जो पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर रखकर आपूर्ति किए गए सामानों को भौतिक सत्यापन कराएं और मांग के अनुसार ब्रांडेड कंपनी का सामान ही आपूर्ति करें ताकि कोयला उत्पादन में बाधा उत्पन्न न हो सके।

# बाल श्रम बाल तस्करी बाल विवाह जैसे कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया

**दैनिक समाज जागरण, ओंकार नाथ चौधरी**

बलरामपुर विकास खंड गैड़ास बुजुर्ग पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में थाना थानाध्यक्ष श्री पवन कुमार कनौजिया के नेतृत्व में शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत कांस्टेबल ऋषि कुमार मिश्रा तथा महिला आरक्षी गीतू सिंह द्वारा ग्राम बेलाई बुजुर्ग के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं से उनकी समस्याएं सुनी गई और सभी को बाल श्रम बाल तस्करी बाल विवाह जैसी कुरीतियों के बारे में बताया गया तथा साथ ही सभी को वूमेन पावर लाइन 1090 आपातकालीन सेवा 112 एंबुलेंस सेवा 102/108 महिला हेल्पलाइन



181 साइबर हेल्पलाइन 1930/155260 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क इत्यादि के बारे में बताया गया साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं जैसे सुकन्या सुमंगला योजना इत्यादि के बारे में बताया गया तथा बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया

# इजराइल युद्ध को ।लेकर पुलिस एलर्ट

**समाज जागरण**

---------------------------------

पाली,हरदोई। इजराइल व हमास के बीच छिड़े युद्ध के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए पाली पुलिस अलर्ट मोड़ में नजर आई। शुक्रवार की नमाज के दौरान कस्बा की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। एडिशनल एसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने पाली पहुंचकर मस्जिदों का जायजा लिया और मौलवियों से मुलाकात की। उन्होंने जामा मस्जिद के पेश इमाम असलम कादरी से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहियोग प्रदान करने की भी अपील की। पेश इमाम ने भी पुलिस को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। एसएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया जुमे की नमाज के दौरान फिलिस्तीन के पक्ष



में प्रदर्शन की आंशका के चलते हाई अलर्ट जारी किया गया है। किसी प्रकार का माहौल न बिगड़े उसको लेकर खुरापाती तत्वों पर नजर रखते हुए पुलिस अलर्ट है। हालांकि पाली में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा हुई।

# सामूहिक प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**दैनिक समाज जागरण, ओंकार नाथ चौधरी**

बलरामपुर जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को स्वरोजगार प्रदान करने एवं उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सामूहिक प्रशिक्षण योजना जिसमें चार माह का निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान है का प्रारंभ किया जाना है। इस योजना के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु दो ट्रेड बिजली मोटर रिपेयरिंग एवं साड़ियों की कढ़ाई छपाई में ट्रेड का चयन किया गया है। इस प्रशिक्षण योजना में जनपद के पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति ही प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हो गए जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता जूनियर हाई स्कूल एवं आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होगी। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार की तिथि दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र उतरौला रोड धरमपुर बलरामपुर में निर्धारित किया गया है। निर्धारित साक्षात्कार में अभ्यर्थी द्वारा अपने मूल दस्तावेज सहित प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

## मध्य विद्यालय सिंहपुर में हाथ धुलाई जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2023 :- ग्राम पंचायत कर्मा बसंतपुर अंतर्गत मध्य विद्यालय सिंहपुर में शुक्रवार को हाथ धुलाई की विधि पर चर्चा की गई और प्रयोग के तौर पर बच्चों से हाथ धुलाई कराया गया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति तथा स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन में स्थायित्व सहित अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। 15 अक्टूबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया जाता है। हाथ धुलाई के प्रति स्कूली बच्चों एवं समुदाय को जागृत करने हेतु 12 से 15 अक्टूबर तक विशेष जन-जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान में साबुन पानी से हाथ धुलाई की विधि हाथ धुलाई के फायदे हाथ धुलाई के क्रिटिकल समय (यथा शौच के बाद, खाना खाने से पहले खाना पकाने से पहले) के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, पंचायत सचिव दीपक कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक भरत कुमार सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।



## गोह में सेविका व सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर निकाला आक्रोश मार्च

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)सेविका व सहायिकाओं के द्वारा बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति पटना के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर शुक्रवार को प्रखंड के चारो दिशाओं में भ्रमण करते हुए आक्रोश मार्च निकाला है। इस दौरान सेविका व सहायिकाओं ने गोह प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संगीता कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि सेविका व सहायिकाओं को हड़ताल पर जाने से केंद्र में एक लाख बच्चों का भविष्य भुखमरी के कागार पर पहुंच गया है।राज्य सरकार हमलोगों के साथ दोहरी नीति कर रही है। वहीं उपमुख्यमंत्री ने कहा था कि जब हमारी सरकार बनेगी तो आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को मानदेय में बढ़ोतरी करेंगे ।लेकिन अभी तक नहीं हुआ है इसलिए 29 सितंबर से हम सभी सेविका व सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।आज तक केंद्र सरकार व राज्य सरकार आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं को मानदेय में बढ़ोत्तरी नहीं की और नहीं सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया है। इसलिए हम सभी सेविकाओं व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। अगर सरकार सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है तो सेविकाओं को मानदेय के रूप में 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए मिलना चाहिए।जब तक सरकार हमलोगों की मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ही रहेंगे।

"हम ईंट से ईंट बजा देंगे, निकम्मी सरकार को गद्दी से उतार देंगे , कहते हुए गोह जगतपति चौक को घंटों जाम कर नारेबाजी करते रहे। जिससे आने जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार महिलाओं को आरक्षण के नाम पर दिग्भ्रमित कर रही है ।एक तरफ पंचायत में टोला सेवक व मकरज तालिब को मानदेय बढ़ाया है। तो फिर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी की दर्जा क्यों नहीं दे रही है। हमलोगों को भी सरकारी कर्मी घोषित करे। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ग्रेच्युट लागू , अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दिया जाए । जब सरकार के सभी योजनाओं का कार्य सेविका व सहायिकाओं से कराई जाती है। तो फिर हमलोगों के साथ सरकार सौतेलापन वाली व्यवहार क्यों कर रही है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती। तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे।इस मौके पर कुमकुम कुमारी , निर्मला कुंवर,मनोरमा माला , सरस्वती देवी, नीलम कुमारी , इन्दु कुमारी , रेणु कुमारी , शकुंतला देवी , अनुपम कुमारी , अर्चना कुमारी , प्रतिमा देवी , कविता कुमारी , मंजू देवी प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## बाइकर्स सीआरपीएफ की महिला टीम को गया जी पहुंचने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने जोरदार तरीके से किया स्वागत.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- बाइकर्स सीआरपीएफ की महिला बटालियन टीम को गया पहुंचने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया. बताते चलें कि सीआरपीएफ की महिला बटालियन बाइकर्स टीम को गया पहुंचने पर सम्मान करने के लिए सीआरपीएफ 159 बटालियन, कोबरा 205 व जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित कई स्कूलों के शिक्षकों व बच्चे शामिल थे.सीआरपीएफ के अधिकारियों ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन वर्ष पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से यशस्विनी सीआरपीएफ महिला मोटरसाइकिल अभियान का आयोजन किया गया. वहीं दूसरी तरफ देश में नारी शक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा सके, इस अभियान में सीआरपीएफ की तीन महिला बाइकर की टीमों को गठन किया गया, इस टीम को शिलांग श्रीनगर व कन्याकुमारी से रवाना किया गया है . उन्होंने आगे कहा कि 75 बाइकर्स है ,जो 15 राज्यों दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 10 हजार किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता नगर गुजरात में एकत्रित होगी, इस मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी विमल कुमार बिष्ट, एसएसबी के डीआईजी छेरिंग दोरजे, सीआरपीएफ कमांडेंट कुमार मयंक सहित काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे.



## भाजपा गया जिला के तत्वाधान में विश्वकर्म योजना के तहत गोष्ठी का आयोजन महेश सिंह बी एड कॉलेज केंदुआ में संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- भारतीय जनता पार्टी गया जिला के तत्वाधान में विश्वकर्मा योजना के तहत गोष्ठी का आयोजन महेश सिंह बीएड कॉलेज केंदुआ में आहूत किया गया. बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेंद्र पासवान व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार, पूर्व सांसद हरि मांझी सहित प्रदेश महामंत्री संजय राम,प्रदेश प्रभारी प्रवीण ताती जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू उपस्थित होकर अपने - अपने विचार व्यक्त किया . बैठक को संबोधित करते हुए देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी विश्वकर्मा योजना के तहत देश के जो कमजोर वर्ग से आते हैं, उन्हें विश्वकर्मा योजना के तहत छोटे-छोटे उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कम ब्याज पर ऋण की व्यवस्था किया है .जो कई पूर्व की सरकार ठगने का काम किया. भगवान विश्वकर्मा पूजा के दिन समाज के वंचितों को उठाने के लिए सर्वोच्च कदम है ,जो जितना भी प्रशंसा की जाय कम है. इस बैठक को पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार बना है, गरीब को आवास ,शौचालय,मुफ्त अनाज,हर घर नल का जल के साथ- साथ महिलाओं को 33% आरक्षण की व्यवस्था किया गया है .आज विश्वकर्मा योजना के तहत जो परिवार रोजगार कर रहे हैं, उस परिवार को कम ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है. उस ऋण से अपने व्यवसाय को बढ़ाकर आत्म निर्भर बन सकते हैं.इस बैठक को पूर्व सांसद हरि मांझी ने कहा कि हमलोग लगातार जनसमस्या को ध्यान आकृष्ट कराते रहते हैं. आज उसी का नतीजा है ,देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ मिल रहा है. इस बैठक को जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू ने कहा कि विश्वकर्मा योजना का आरंभ होना हमलोग भाजपा परिवार के लिए सुखद दिन है . उन्होंने आए हुए अतिथियों को स्वागत किया . कार्यक्रम का अध्यक्षता देवानंद पासवान ने किया.इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे .



## सिमरी जैतिया से कुर्की वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 13 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के सिमरी जैतिया गांव से पुलिस ने कुर्की वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के अधार पर पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल ने कुर्की के नामजद अभियुक्त पिंटू सिंह पिता कृष्णा सिंह को घर से गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति पर कुर्की वारंट निर्गत था पुलिस को सूचना मिली कि वह घर आया हुआ है तत्काल पुलिस बल गठित कर अभियुक्त को घर से दबोच लिया गया इवॉम न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया

## शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2023 :- नेशनल हाईवे 139 पर गश्ती के दौरान अंबा थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात्रि एक बजे अंबा चौक के समीप लग्जरी कार के अंदर से शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान सीतामढ़ी जिला के रिगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगरा गांव निवासी स्व. रघुनाथ सिंह के 40 वर्षीय पुत्र जवाहर सिंह तथा स्व. किशोरी सिंह के 31 वर्षीय पुत्र महेश कुमार के रूप में हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई सुमित सुमन ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर निशान कार में सवार होकर हरिहरगंज की तरफ से आ रहे थे पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर उन्होंने चकमा देकर भागने का प्रयास किया। परंतु ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें दबोच लिया। जांच के क्रम में गाड़ी के अंदर छुपा कर रखी गई 750 एमएल की 94 बोतल इंपिरियल ब्लू, 375 एमएल की 149 बोतल इंपीरियल ब्लू तथा 180 एमएल की 143 बोतल इंपीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गाड़ी के अंदर से बरामद अंग्रेजी शराब की कुल मात्रा 152.115 लीटर है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के तत्वाधान में चांद चौराहा स्थित सेवा शिविर के समापन के पूर्व संध्या पर खिचड़ी प्रसाद का किया गया वितरण.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के तत्वाधान में चंद चौराहा स्थित सेवा शिविर के समापन के पूर्व संध्या पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह सुनैना देवी गौरी शंकर शर्मा संजय यादव राजू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि मानवाधिकार संगठन द्वारा सेवा शिविर में लाखों यात्रियों को सेवा देने का काम किया है. उन्होंने आगे कहा कि जिसने कार्य बेहतर किया है संस्था उसे सम्मानित किया. उन्होंने आगे कहा कि गया जी में सफाई व्यवस्था देख रहे डी-ई-एस,-पी-एल के अरविंद कुमार को सम्मानित किया गया.इस सेवा शिविर में चाय, बिस्कुट, शीतल जल के साथ साथ हलुआ, खिचड़ी एवं अन्य व्यंजन वितरित किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल होने वालों में प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, कुंदन सिंह, सुनील बम्बई, पिंटु सिंह,कारु सिह, संजय यादव,राजु कुमार, हिरा यादव, गौरीशंकर शर्मा, टुटु कुमार सतीश सिन्हा,इन्दु प्रजापत, सुनैना देवी ,निशा नंदन का नाम शामिल है.



## आटा गिला- दाल हुई पतली, आमजनों के बजट की हवा निकली- कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)-त्यौहारों के ठीक पहले महंगाई ने आमजनों की जेब ढीली कर दी है. आटा, दाल, चावल, चीनी के साथ साबुन और सर्फ के कीमतों में भी काफी बढ़ोतरी हुईं है. उक्त बातें बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू , पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, अभिषेक , कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, उदय शंकर पालित, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जमाखोरी कर खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ाने वाले चंद पूंजीपतियों के चलते ही आज देश मे महँगाई चरम सीमा पर है. महँगाई का आलम यह है कि एक माह मे अरहर दाल की कीमत मे 50 ₹, चीनी के दाम मे 5 से 7 ₹, आटा, सूजी, मैदा की कीमत मे 4₹ की बढ़ोतरी हो गई. नेताओं ने कहा आज सत्ता मे बैठे लोग दूसरे की सरकारों मे महँगाई डायन खाय जात के नारों को बुलंद करने वाले आज महँगाई को डार्लिंग बनाएं हुए है.नेताओं ने बढ़ती हुईं महँगाई के खिलाफ राहुल गांधी के नेतृत्व मे सम्पूर्ण देश मे आंदोलन और तीव्र करेगी.



## जीबीएम कॉलेज में "मेरी माटी, मेरा देश" कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा व पंच प्रण शपथ समारोह संपन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )-गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भारत सरकार एवं एमयू, बोधगया से प्राप्त निर्देशानुसार "मेरी माटी, मेरा देश" कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा एवं पंच प्रण शपथ समारोह का आयोजन किया गया. अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत छात्राओं ने अपने-अपने घरों से लायी मिट्टी को महाविद्यालय परिसर में स्थापित अमृत कलश में एकत्र किया. छात्राओं के उत्साहवर्द्धन हेतु प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ, एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय, डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता घोष, डॉ अनामिका कुमारी, कृति सिंह आनंद, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा ने भी अमृत कलश में श्रद्धासहित माटी डाली. तदोपरांत, सभी छात्राएँ महाविद्यालय परिसर के भीतर आयोजित अमृत कलश यात्रा में शामिल हुईं.पंच प्रण शपथ समारोह में प्रधानाचार्य प्रो अशरफ के नेतृत्व में सभी फैकल्टीज एवं छात्राओं ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में अपनी ओर से यथासंभव योगदान देने हेतु सामूहिक शपथ ली. समस्त महाविद्यालय परिवार ने गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने तथा भारत की एकता सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा भारतीय नागरिक होने के दायित्वों को पूर्ण करने हेतु प्रण लिया. अमृत कलश यात्रा एवं शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रा निकिता केसरी, हर्षिता मिश्रा, संध्या, मुस्कान, शिल्पा साहनी, प्रगति मिश्रा, रिशू, अंजली, जूही, तान्या, अवनि, अनू, रिशिका आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही. माटी एकत्रीकरण तथा शपथ ग्रहण समारोह का समन्वयन तथा संयोजन कॉलेज की एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी ने किया. कॉलेज पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि देश के विभिन्न घरों से एकत्रित यह मिट्टी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली अमृत कलश यात्रा में शामिल होगी. तथा इन मिट्टियों से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा.ज्ञातव्य है कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत "मेरी माटी, मेरा देश" कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में स्कूल, कॉलेज, ब्लॉक, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है.



## देव पुलिस ने NBW के दो वारंटी सहित तीन शराबी को किया गिरफ्तार भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने शुक्रवार को ठइह मामले में फरार चल रहे दो वारंटी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि कई सालों से फरार चल रहे। कोशियारी गांव के गोपाल यादव, सरदार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । वही बिशुनपुर गांव में शराब के नशे में हल्ला हगामा करते हुए तीन शराबी को गिरफ्तार किया गया। जिसका पहचान, नबाब आलम, मोहम्मद जलील, विनोद राम, शराब के नशे गिरफ्तार कर जेल भेज गया है।



## रालोजद ने दो दिवसीय अतिपिछड़ा स्वाभिमान सम्मेलन का किया आह्वान

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)राष्ट्रीय लोक जनता दल के आह्वान पर 30 अक्टूबर को गोह विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें गोह प्रखंड के विनोबा बिगहा स्थित लोहिया हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।इसी की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय लोक जनता दल बिहार अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी ने कहा कि गोह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डिहुरी , खैरा मोहन , झिकटीया , भुरकुंडा , गम्हारी , उदयपुरा तथा इटवां में आयोज़ितनुक्कड़ सभा के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी , प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा ,पार्टी के वरिष्ठ साथी दंत चिकित्सक डॉ सुमन कुशवाहा,अमित चंद्रवंशी , शैलेश चंद्रवंशी , अजीत चंद्रवंशी , अमरेन्द्र चंद्रवंशी , रवींद्र चंद्रवंशी , चालक संतोष कुशवाहा आदि शामिल होंगे। इस सम्मेलन में रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा भी उपस्थित होंगे।

## अपहरण और पोक्सो एक्ट मामले में दो नामजद आरोपित गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 51/23 के नामजद अभियुक्त देवन चौधरी व सत्यनारायण चौधरी को गुरुवार की संध्या गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज कराया गया था। दोनों आरोपितों को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

वहीं गोह पुलिस ने गुरुवार की देर शाम नगाइन गांव में छापेमारी कर बहुत दिनों से फरार चल रहे एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार वांरटी विष्णुपत पासवान पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और यह बहुत दिनों से फरार चल रहा था।



## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह सांसद भोला सिंह गया जी धाम पहुंचकर अपने पूर्वजों को शांति प्रदान करने को लेकर किया पिंडदान व तर्पण

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह सांसद भोला सिंह गयाजी धाम पहुंचकर अपने पूर्वजों का आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए पिंडदान व तर्पण किया . उक्त जानकारी भाजपा अनुसूचित जाति बिहार के मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे . उन्होंने आगे कहा कि पूर्वजों को मोक्ष प्राप्ति हेतु फल्गु विषुपद ,सीताकुंड,बैतरणी अक्षयवट सहित विष्णु चरण का दर्शन किया एवं माननीय पुरोहित के द्वारा पिंडदान कराया. इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ,मण्डल महामंत्री कमल बारीक उपस्थित थे.



## बिजली चोरी करने वालो पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2023 :- अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर बिजली विभाग पैनी नजर बनाए हुए हैं। जिसे लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जेई प्रिय कंचन कुमार निराला ने ग्राम पंचायत डुमरी के दरियापुर और कर्मडीह गांव में छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान आठ लोग अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए। इन लोगों पर जुमार्ना लगाते हुए बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दरियापुर गांव के मधु यादव कौशल्या देवी और केदु यादव बिजली विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन काटे जाने के बावजूद अवैध कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग कर रहे थे। वहीं कर्मडीह निवासी रामचंद्र यादव, रागिनी बैठा , रामप्रवेश पांडेय, अरुण पांडेय, रामाधार यादव मीटर बायपास कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। विद्युत विभाग द्वारा मधु यादव पर 22025 रुपया, कौशल्या देवी पर 21728 रूपया, केदु यादव पर 15611 रुपया, रामचंद्र यादव पर 28058 रूपया, रागिनी बैठा पर 12392 रूपया, रामप्रवेश पांडेय पर 7284 रूपया, अरुण पांडेय पर 23609 रूपया तथा रामाधार यादव पर 27092 रुपया जुमार्ना लगाया गया है।

प्रिय कंचन कुमार निराला ने बताया कि बिजली बिल सुधार हेतु 14 अक्टूबर को बिजली ऑफिस कार्यालय में कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अपील किया है कि जिन उपभोक्ताओं को बिजली बिल से संबंधित समस्या है वे कैंप में उपस्थित होकर बिजली बिल का सुधार करा सकते हैं।

## नबीनगर से चार शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 13 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर क्षेत्र के अलग अलग जगहों से चार शराबी को गिरफ्तार किया गया है। गश्ती के दौरान ए एस आई तारकेश्वर तिवारी की पुलिस टीम ने रेफरल अस्पताल नबीनगर के समीप से नशे की हालत में उदय सिंह चंद्रवंशी पिता जगदीश सिंह ग्राम इटवा थाना टंडवा को गिरफ्तार किया । इधर पुलिस गश्ती के दौरान नबीनगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप से पी एस आई अनित कुमार की टीम ने नशे की हालत में कमलेश सिंह पिता अर्जुन सिंह नयकाबीघा निवासी को गिरफ्तार किए।

दूसरी ओर नियमित गश्ती के दौरान एस आई पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल ने बस स्टैंड से नगर पंचायत के शनीचर बाजार निवासी अजीत कुमार सोनी को और भवानोंखाप से सुधीर चौधरी पिता मुनी चौधरी को भवानोखाप को शराब पीकर सड़क पर हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि रेफरल अस्पताल मे गिरफ्तार किए गए चारो पर शराब पीने की पुष्टि हुई है ।मद्यनिषेध अधिनियम के तहत चारो शराबियों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि आनेवाले त्योहार को देखते हुए पुलिस गश्त तेज कर दिया गया है।किसी भी हालत मे शराबियों को बख्सा नही जायेगा।



# पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी सोनी को दी जमानत

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा वर्ष चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबर : पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश सोनी को जमानत पर रिहा कर दिया है। यह जमानत लगभग 3 महीने के लिए ही दी गई है।

ज्ञातव्य है कि विधायक ओम प्रकाश सोनी को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में गिरफ्तार किया गया था। वो अमृतसर जेल में थे। इससे पूर्व ओम प्रकाश सोनी ने अमृतसर जिला न्यायालय में में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। सोनी ने वहाँ बेल रद्द होने के बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर रुख किया था। विधायक ओम प्रकाश सोनी ने उच्च न्यायालय में अपनी मेडिकल स्टेट्स रिपोर्ट पर यह याचिका लगाते हुए जमानत की माँग की थी।



ज्ञातव्य है कि मंत्री ओम प्रकाश सोनी को तीन महीने पहले आय से अधिक सम्पत्ति मामले में गिरफ्तार किया गया था। अपने वकील के साथ ओम प्रकाश सोनी भी कोर्ट में हाज़िर बताए गए हैं।

यह भी बताया गया है कि इस मामले को लेकर ओम प्रकाश सोनी और सरकारी वकील के बीच इस मामले को लेकर आज बृहस्पतिवार को 2 घंटे बहस चली। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद एकल जज ने ओपी सोनी के मामले को लगभग 3 महीने के लिए मुलतवी करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है।

# ट्राइसिटी चण्डीगढ़ में नियो मेट्रो रेल परियोजना के मुद्दे पर रेल इंडिया टेक्निकल एण्ड इकोनॉमिक सर्विसेज को फिजिबिलिटी रिपोर्ट की तैयारी के आदेश हुए जारी

## ट्राइसिटी के मेट्रो रेल परियोजना की वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट करनी होगी तैयार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः चंडीगढ़ प्रशासन ने नियो मेट्रो की संभावना को लेकर राइटस (रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनोमिक सर्विसेस) को फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं। ताकि कंप्रीहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) में एक बेहतर विकल्प जोड़ा जा सके। हालांकि अभी तक यह तय नहीं कि नियो मेट्रो को मेट्रो की जगह विकल्प के तौर पर चलाया जाएगा अथवा इसे मेट्रो के अलावा सीएमपपी में जोड़ा जाएगा।

### दिल्ली और नासिक में नियो मैट्रो का सफल परीक्षण

देश के बहुत से बड़े शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी बीच महाराष्ट्र के नासिक और दिल्ली में नियो मेट्रो का सफलता पूर्वक प्रयोग/ परीक्षण भी कर लिया गया है। इस परियोजना पर कुल लागत मेट्रो से अमूमन 40 फीसदी कम ही रहती है।

### दिल्ली के कीर्तिनगर से बमनोली तक

दिल्ली के कीर्तिनगर से बमनोली तक 19.09 किलामीटर तक नियो मेट्रो चलाई जा रही है, जिसमें कुल 21 स्टेशन हैं। वहीं, नासिक में पहले नियो मेट्रो प्रोजेक्ट शुरू किया गया है जो 32 किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है। यह एक तरह का इन्नोवेटिव ट्रांसपोर्ट सीस्टम है, जो सड़क नेटवर्क को सपोर्ट करता है।

### ट्राइसिटी चण्डीगढ़ में मेट्रो रेल परियोजना

केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार ट्राइसिटी




को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की डीपीआर पर आगे बढ़ने से पहले एएआर (अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट) यानी वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश हैं। इसी के तहत यूटी प्रशासन की ओर से शुक्रवार को राइट्स और पंजाब-हरियाणा सहित अन्य हितधारकों के साथ हुई बैठक में इसकी संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए गए। लिहाजा राइट्स मैट्रो रेल की डीपीआर बनाने से पहले एएआर पर काम करेगी, जिसके तहत शहर में नियो मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट की संभावना तलाशी जाएगी।

जानकारी के अनुसार इसमें एजेंसी को यह देखना होगा कि इस प्रोजेक्ट पर लागत कितनी आएगी, क्या इसे मौजूदा रोड नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है या फिर इसके लिए अलग से रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा।

# हरियाणा में सरकारी स्कूलों से गायब रहने वाले शिक्षकों को शिक्षा निदेशालय का झटका

## कार्यालयों में इ. बायोमेट्रिक हाज़िरी सिस्टम किया जा रहा लागू

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के सरकारी स्कूलों से गायब रहने वाले टीचरों को सरकार ने बड़ा झटका दिया है। सरकार ने अब ऑफिसों में आधार इन्बिल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी नहीं लगाने वाले कर्मचारी एब्सेंट पाए जाएंगे।

एलिमेंट्री एजुकेशन के डायरेक्टर की ओर से जारी ऑर्डर में लिखा गया है कि यदि स्कूल या ऑफिस में बायोमेट्रिक मशीन खराब हो जाती



है तो तुरंत ही संबंधित इंचार्ज को इसकी सूचना मुख्यालय में देनी होगी, जिसके बाद मशीन को सही कराया जाएगा।

### जारी आदेशों पर एक नजर

30 जनवरी को ये हुआ था ऑर्डर

दरअसल, यह नया आदेश पहले 30 जनवरी 2023 में अंडर सेक्रेटरी एडमिस्ट्रेटिव रिफॉम्स के मुख्य सचिव के द्वारा जारी किए गए ऑर्डर के सापेक्ष में किए गए हैं। इस साल 30 जनवरी को अंडर सेक्रेटरी एडमिस्ट्रेटिव रिफार्म की ओर से ऑर्डर जारी किया गया था कि सरकार को कर्मचारियों की नदारद होने को लेकर कई सूचनाएं मिल रही हैं। इसलिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से आदेश हैं कि सभी सरकारी अफसर, बोर्ड, निगम के कर्मचारी बायोमेट्रिक मशीन से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोहाली के जीरकपुर में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़

## पकड़ में आए एक बदमाश के पास से असला बरामद व अन्य की खोज जारी

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः पंजाब के मोहाली के जीरकपुर में बलटाना के नजदीक पुलिस और बदमाशों के बीच में मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि, सूचना के आधार पर पुलिस इन बदमाशों को पकड़ने गई थी। जहाँ खुद को घिरता देख बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी क्रॉस गोलीबारी की। जानकारी मिल रही है कि, इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई है और उसे पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है और उसके पास से एक पिस्टल भी बरामद की गई है। बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं करीब दो-तीन बदमाशों के भागने की खबर है। बताया जा रहा है कि, बदमाश भागकर जंगल एरिया में जा छुपे हैं। इनकी तलाश में पुलिस का



सर्च अभियान जारी है। इस पूरी कार्रवाई करने के बीच पुलिस के आलाधिकारी भी पहुंचे हुए हैं। बदमाशों की धरपकड़ के लिए भारी संख्या में फोर्स तैनात हैं।

**2 दिन पहले बलटाना में चलीं थीं गोलियां**

ध्यान रहे कि, 2 दिन पहले ही बलटाना हरमिलाप नगर में आए बदमाशों ने कबाड़ी की दुकान पर आकर गोलियां चलाईं थीं और तीन लोगों को गोली और चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल किया था। इसके बाद बदमाश फरार हो गए थे। वहीं इस वारदात के बाद से पुलिस लगातार बदमाशों को ट्रेस कर रही थी। बताया जाता है कि, जिन बदमाशों के साथ आज पुलिस की मुठभेड़ हुई है। वही बदमाश इस वारदात में शामिल रहे हैं। इनकी सूचना मिलने पर पुलिस इनके ठिकाने पर पहुंची थी। बदमाश यहां छिपे हुए बैठे थे और गोलीबारी कर दी।

# गुरुग्राम पुलिस ने 6 साल पुराने हत्याकांड में आरोपी को झारखंड से किया गिरफ्तार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः गुरुग्राम पुलिस ने एक 6 साल पुराने हत्याकांड में आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 फरवरी 2017 को

सदर थाना गुरुग्राम को एक सूचना गांव घसोला में झुग्गियों के पास एक गन्दे नाले में एक महिला का शव मिलने की प्राप्त हुई थी। जिसपर पुलिस थाना सदर की टीम बताए गए स्थान पर पहुंची जहां पर एक महिला का शव मिला। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए पुलिस की एफ एस एल, सीन ऑफ क्राईम व फिंगरप्रिंट की टीमों को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया व मृतका



की पहचान के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया गया, परन्तु मृतिका की पहचान नहीं हो सकी। मृतिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु गला-दबाकर होना पाया जाने पर थाना सदर, गुरुग्राम में अज्ञात के खिलाफ हत्या की सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया।

वहीं विकास अरोड़ा आईपीएस, पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम के आदेशानुसार थानों में की जाने वाली जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने उपरोक्त अभियोग में मृतका के संबंध में कुछ सूचनाएं निरीक्षक सुभाष चंद, प्रबंधक थाना सदर, गुरुग्राम को उपलब्ध करवाई। जिस पर निरीक्षक सुभाष चंद, प्रबंधक थाना सदर, गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग की वारदात से सम्बंधित सभी सूचनाएं/जानकारी एकत्रित की गई जिनको आधार बनाकर पुलिस टीम ने मृतका व आरोपी की पहचान के प्रयास किए। पुलिस टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति को दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को झारखंड से काबू करके इस ब्लाईंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान रंग बहादुर यादव के रूप में हुई।

# मोहाली के खरड़ क्षेत्र में रिश्तो का कत्ल

## छोटे भाई ने बड़े भाई और उसके परिवार को उतारा मौत के घाट

## 2 साल के भतीजे को जिंदा ही फेंका नहर में

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः पंजाब प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ के पास स्थित मोहाली जिले के खरड़ क्षेत्र से दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ एक व्यक्ति कुछ इस कदर शैतान बन गया कि उसने अपने सगे बड़े भाई और भाभी की बेरहमी से हत्या कर दी और उनके शवों को रोपड़ भाखड़ा नहर में फेंक कर भी आ गया।

हैरान करने वाली बात ये है कि इस पूरे हत्याकांड प्रकरण में इस शख्स ने भाई-भाभी के 2 साल के बच्चे को भी नहीं बख्शा । बल्कि उसे तो और बेरहमी के साथ मौत के घाट उतारा है । बताया जा रहा है कि, शख्स ने इस बच्चे यानि अपने भतीजे को जिंदा ही नहर में फेंक दिया। बता दें कि, यह पूरा मामला चण्डीगढ़ के साथ सटे मोहाली में खरड़ का है। वारदात का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है और नहर में शवों को तलाश कर रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपी शख्स की पहचान लखबीर सिंह के रूप में हुई है। वहीं मारे गए भाई और भाभी की पहचान सतबीर सिंह (35) और उनकी पत्नी अमनदीप कौर (33) के रूप में की गई है। जबकि दोनों के बच्चे यानि आरोपी के भतीजे की पहचान अनहद के रूप में हुई है।



### सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे दोनों भाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार ताया जाता है कि, सतबीर सिंह और अमनदीप कौर दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। कहा जा रहा है कि, आरोपी शख्स और इनके बीच अक्सर घरेलू कलह होती रहती थी। घर में लड़ाई झगड़े होते थे। आरोपी इन दोनों पर खुन्नस खाता था। कहा यह भी जा रहा है कि, आरोपी बड़े भाई की तरक्की देख खुश नहीं था। इसके अलावा आरोपी नशे का आदी भी बताया जा रहा है। बहराल, पुलिस अभी घरेलू कलह को हत्या का कारण मान रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खबर यह भी है कि, आरोपी ने इस हत्याकांड में अपने एक दोस्त की भी मदद ली। दोस्त अभी फरार बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### भारतीय संस्कृति में है परोपकार का संदेश,जिसका किया जाने लगा है कत्ल

विश्वभर में भारतीय संस्कृति की परोपकार की रीति का गान किया जाता है। दूसरों की भलाई का संदेश देने वाले इस राष्ट्र में ऐसी घटनाएँ अब आम बात मानकर लोग स्वयं हितों को महत्व देते हैं और ये वारदात हर दिनदिल दहला रही हैं। ये कैसी क्रूरता हमारे समाज में पनप रही है। हम इतनी क्रूरता कहाँ से ला रहे हैं और क्यों? आए दिन हम एक-दूसरे का बेरहमी से खून क्यों बहा रहे हैं? हैरानी तो तब और है जब अपने ही अपनों के खून के प्यासे हैं। मोहाली के इस मामले में आरोपी ने अपने सगे भतीजे को जिंदा ही जिस तरह से नहर में फेंका। उस बच्चे पर क्या बीती होगी? दो साल के उस बच्चे का क्या गुनाह था? यह अकल्पनीय क्रूरता है।

# चण्डीगढ़ भाजपा के प्रधान अरुण सूद से पार्टी ने लिया पद वापस

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जतिन्दर पाल मल्होत्रा कोर्ट बनाया नया प्रधान

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने चण्डीगढ़ में नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस पद पर



पहले श्री अरुण सूद तैनात थे, जिनसे पदभार वापस ले कर जतिंदर पाल मल्होत्रा के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व कार्यालय इंचार्ज श्री अरुण सिंह ने आज यहाँ दी।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 2 दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम

## 15 अक्टूबर को जिला पंचकूला के विभिन्न क्षेत्रों और 16 अक्टूबर को जिला कैथल में चलेगा कार्यक्रम

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का दो दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम 15 व 16 अक्तूबर को होगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पंचकुला जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरवाला में जनसंवाद के दौरान लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही



उपस्थित अधिकारियों को निवारण के निर्देश देंगे। इसके बाद, उसी दिन अम्बाला जिला के शहजादपुर में दोपहर साढ़े 12 बजे जनसंवाद में भागीदारी करके सायं 4 बजे अंबाला एयरपोर्ट का भूमि पूजन तथा शिलान्यास करेंगे। प्रवक्ता के अनुसार 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कैथल शहर के महाराजा सूरजमल जाट कॉलेज स्टेडियम में लोगों से जनसंवाद करेंगे। इसके बाद, सुबह 10.40 बजे कैथल जिला के गांव सांपन खेड़ी में भगवान परशुराम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन तथा 11 बजे इसी गांव में जनसंवाद के दौरान लोगों से रुबरू होंगे।

# हरियाणा राज्य चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन

## नगर परिषद चुनाव के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को गुरुग्राम जिला के विभिन्न क्षेत्रों में शराबबंदी का आदेश किया जारी

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 13 अक्टूबरः हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को जिला गुरुग्राम नगर परिषद सोहना के वार्ड संख्या-15, नगर परिषद कैथल के वार्ड संख्या -1, जिला महेंद्रगढ़, नगर परिषद नारनौल के वार्ड संख्या-16, जिला कैथल नगर पालिका राजौंद का वार्ड नंबर-5 तथा जिला रेवाड़ी नगर पालिका, बावल के वार्ड नंबर-11 में 4 व 5 नवम्बर, 2023 को होने वाले उप चुनावों हेतु नगर पालिका वार्डों के अधिकार क्षेत्र में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देश दिये हैं। आयोग ने आबकारी विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने/परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को उपरोक्त तिथियों पर किसी भी व्यक्ति को शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




इसके अलावा, किसी भी मालिकाना क्लब, स्टार होटल, रेस्तरां आदि और किसी के द्वारा संचालित होटलों को, भले ही उन्हें शराब रखने और आपूर्ति के लिए विभिन्न श्रेणियों के लाइसेंस जारी किए गए हों, इन दिनों शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उपरोक्त अवधि के दौरान व्यक्तियों द्वारा शराब के भंडारण पर अंकुश लगाया जाएगा और बिना लाइसेंस वाले परिसरों में भंडारण पर उत्पाद शुल्क कानूनों में दिए गए प्रतिबंधों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

## पंजाब में भाजपा को लगा जोर का झटका

# पंजाब में गत वर्ष के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजकुमार वेरका कर रहे हैं घर वापसी

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः पंजाब में बीजेपी को बड़ा झटका लगने जा रहा है। पिछले साल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार और पार्टी में अंतर्कलह के चलते बीजेपी में शामिल हुए पूर्व मंत्री राज कुमार वेरका घर वापसी कर रहे हैं। राज कुमार वेरका वापस कांग्रेस में आ रहे हैं। वेरका दिल्ली जाकर कांग्रेस जॉइन करेंगे। बताया जा रहा है कि, राज कुमार वेरका के साथ-साथ बीजेपी में शामिल हुए और नेता भी कांग्रेस में घर वापसी करने वाले हैं। ये नेता वेरका के साथ या फिर बाद में कांग्रेस में शामिल होते हुए देखे जा सकते हैं।

### राज कुमार वेरका बोले- गलती सुधार रहा

रिपोर्ट्स के अनुसार, राज कुमार वेरका बीजेपी से इस्तीफा दे चुके हैं और उनका कहना है कि वह दिल्ली जा रहे हैं। जहां वह कांग्रेस में घरवापसी करेंगे। वेरका का कहना है कि, उनकी घरवापसी को गलती सुधारना भी कह सकते हैं। वह अपनी




गलती सुधारने के लिए वापस कांग्रेस में आ रहे हैं और उनके साथ-साथ कई और लोगों के भी वापस आने की संभावना है। फिलहाल, वेरका घर वापसी करने वाले पहले नेता बन गए हैं।

बता दें कि, राज कुमार वेरका की गिनती कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में होती रही है। साथ ही वे पंजाब के भी बड़े नेता माने जाते हैं। राज कुमार वेरका पहली बार 2002झ2007 तक पंजाब के वेरका विधानसभा से विधायक बने थे। इसके बाद 2012 से 2022 तक वह अमृतसर पश्चिमी विधानसभा से विधायक रहे। इस बीच उन्हें मंत्री भी बनाया गया।

### 4 जून 2022 को कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए

पिछले साल 4 जून 2022 को चंडीगढ़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के दौरान राजकुमार वेरका कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। राजकुमार वेरका के अलावा इस दौरान कांग्रेस नेता शाम सुंदर अरोड़ा, गुरप्रीत कांगड़ और बलबीर सिद्धू और केवल ढिल्लों ने भी बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की थी। वहीं साथ ही नेता भी बीजेपी में शामिल हुए थे।

# खरड़ थाना क्षेत्र के सन्नी एंक्लेव पुलिस चौंकी में लगी आग

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबर; पंजाब के मोहाली में खरड़ थाना के अंतर्गत आने वाली सन्नी एनक्लेव पुलिस चौकी में दोपहर अचानक आग लग गई। चौकी और आसपास आग तेजी से फैलती जा रही थी। साथ ही धुएं का तेज गुबार भी उठ रहा था। इस बीच मौके पर हड़कंप मचा रहा और सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई. जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने जल्द से जल्द से मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की जद्दोजहद की। खबर आ रही है कि, आग पर करीब-करीब काबू पा लिया गया है। हालांकि अभी रह-रहकर धुआं उठ रहा है।

### बिजली का तार टूटने से लगी आग

वहीं आग लगने के कारणों की अगर बात की जाए तो जानकारी मिल रही है कि बिजली का तार टूटने के चलते आग लगी है। बिजली का तार टूटकर नीचे गिरा और उसी से आग लग गई। इसके बाद आग तेजी से फैलती चली गई। आग की इस घटना में पुलिस चौकी को कितना नुकसान हुआ है? इसका आकलन अभी नहीं हो पाया है। घटना के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है

# पहाड़ी क्षेत्र से सटे विधानसभा के गांवों में बंदरों की वजह से ग्रामीण परेशान है-प्रदीप चौधरी

**गांव मीरपुर में पशुपालक पिरदिया के दो पशुओं की मौत हो गई और एक युवती घायल हो गई। बंदर ने तार पर मारी छलांग से शेड से तार हुई टच से आया करंट**

कालका(संदीप शर्मा) कालका विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की पहाड़ी क्षेत्र से सटे विधानसभा के गांवों में



बंदरों की वजह से ग्रामीण परेशान है और बंदरों को वजह से बुधवार देर शाम को रायपुररानी के गांव मीरपुर में पशुपालक पिरदिया के दो पशुओं की मौत हो गई और एक युवती घायल हो गई। ग्रामीणों से मिलने पहुंचे विधायक प्रदीप चौधरी को लोगों ने बताया की गांव पहाड़ से सटा हुआ है। यहां खासकर बंदरों की वजह से बहुत परेशानी है। जिसकी वजह से ये हादसा हुआ। क्योंकि बंदर ने बिजली की तार पर छलांग लगाई टूटी तार लोहे के शेड से टच होने के बाद शेड में करंट आ गया। जिसके बाद एक भैंस और एक गाय की करंट से मौत हो गई। जबकि एक युवती को भी करंट का झटका लगा। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की पीड़ितों को प्रशासन मुआवजा देने का काम करे।

विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की इन दिनों विधानसभा के कई गांवों में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। बंदर सुबह व शाम लोगों के घरों में घुस जाते है और खाने-पीने के सामान को बिखरने के साथ-साथ कई बार बच्चों पर हमला भी कर देते है। हालात यह भी है कि लोग अब गांव में बंदर से बचाव के लिए नए-नए नुस्खे अपना रहे हैं। लेकिन बंदर से पार पाना उनके बस से बाहर है। कई ग्रामीणों को बंदर काट भी चुका है। बंदर के कारण ग्रामीण छतों पर कपड़े भी नहीं सुखाते क्योंकि बंदर उन कपड़ों का फाड़ देते हैं या लेकर भाग जाता हैं। इसलिए प्रशासन बंदरों को रिहायशी इलाकों से दूर छोड़ने का काम करें ताकि लोगों की परेशानी का समाधान हो सके। इसके अलावा सरकार को चाहिए कि वो पहाड़ी क्षेत्रों से सटे गांवों के पास सोलर फेंसिंग लगाने का काम करे। ताकि जंगली जानवर गांवों एम ल्ल न घुस सके। इस मौके पर उनके साथ जिला परिषद मेंबर के प्रतिनिधि एवम पूर्व सरपंच शरणजीत काका, गोबिंदपुर के सरपंच मुखराम गुर्जर, दीपू मीरपुर और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला सभी स्कूल, कालेज में यातायात नियमों की परिक्षा आयोजित, 53000 विधार्थियो नें दी परिक्षा

**दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला(संदीप शर्मा)पुलिस कमिश्नर सिबास कबिराज के निदेर्शानुसार जिला के ब्लाक स्तर पर 376 स्कूल तथा 8 कालेजों में यातायात नियमों बारे परिक्षा आयोजित की गई थी ।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आज इस यातायात नियमों की परिक्षा में 53000 विधार्थियो नें भाग लेकर परिक्षा दी गई । जिस प्रतियोगिता पर हर स्कूल से प्रथम, द्वितिय तथा तृतीय श्रेणी में आनें वालें विधार्थियो को चुनकर आगे जिला स्तर पर परिक्षा आयोजित करवाई गई । इसके साथ ही बताया कि इस परिक्षा का मुख्य उदेश्य हर विधार्थी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना ।क्योकि विधार्थी ही इस समाज का भविष्य है इसके साथ एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह नें आमजन से अपील करते हुए बताया कि सडक पर चलनें वालें हर व्यक्ति के यातायात नियम बनाए गये है चाहे व्यक्ति पैदल हो, साइकिल पर हो, मोटरसाईकिल या कार इत्यादि में हो ।इस सबंध



में सभी आमजन से अपील है कि यातायात नियमों की पालना करके खुद को व अपनें परिवार को सुरक्षित रखें औड्ट ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें इसके अलावा एसीपी ट्रैफिक नें बताया कि ट्रैफिक पुलिस पंचकूला नें 708-708-4433 जारी किया हुआ है जिस नबंर पर कोई भी आमजन ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनें सुझाव दे सकता है इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति ट्रैफिक नियमों की अवेहलना करता है तो उसकी फोटो तुरन्त उपरोक्त नंबर से शेयर करें यातायात की उल्लंघना करनें वालें व्यकित का चालान काटकर सीधा घर पर भेजा जायेगा ।इसके अलावा पुलिस की निगरानी जिला में लगे सीसीटीवी कैमरो के द्वारा भी की जा रही है जिस कार्रवाई में यातायात पुलिस की लगातार निगरानी की जा रही है जो व्यक्ति सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में बिना हेल्मेट, बिना सीट बैल्ट तथा अन्य ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करता पाया गया तो उस वाहन मालिक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान करके सीधा घर पर या मोबाइल पर भेजा जायेगा । ट्रैफिक पुलिस पंचकूला की आमजन से अपील है कि ट्रैफिक नियमों की पालना करके खुद को सुरक्षित

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15

# नेशनल टेस्ट विद्या मंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट (VIQ) 14 अक्टूबर व 15 अक्टूबर 2023 को कराया जाएगा

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : जेईई मेन, जेईई एडवांस, नीट, ओलंपियाड और बोर्ड समेत तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मशहूर विद्या मंदिर क्लासेस (वीएमसी) ने अपने बहुप्रतीक्षित इवेंट ऑफ द ईयर विद्या मंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट (श्क्द) लॉन्च कर दिया है. क्लास 5 से क्लास 11 के बच्चों को ध्यान में रखकर कराए जाने वाले इस प्रोग्राम का नेशनल टेस्ट 14 अक्टूबर व 15 अक्टूबर 2023 को कराया जाएगा.




वीएमसी का ये वीआईक्यू प्रोग्राम छात्रों को उनकी क्षमताएं बढ़ाने और स्कूल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर प्रदान करता है. वीआईक्यू में हिस्सा लेकर छात्र अपनी परफॉर्मेंस को सुधारते हैं, कहां सुधार करना है उसे पहचानते हैं और अपनी स्ट्रैंथ वीकनेस का पूरा आकलन कर पाते हैं.

इस साल वीआईक्यू में खास है पावर 10. इसमें चार शानदार ऑफर के साथ साल के 6 ज्वाइनिंग बेनिफिट्स हैं जो अकेडमिक और करियर ग्रोथ में शानदार अवसर प्रदान करते हैं. वीआईक्यू में अच्छा परफॉर्म करने वाले छात्रों के पास 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका रहता है और उन्हें वीएमसी के ऑफलाइन व ऑनलाइन प्रोग्राम में पसंदीदा प्रोग्राम में एडमिशन मिलता है.

क्लास 10 के वो छात्र जो 11वीं में जाने वाले हैं उनमें से तीन टॉप परफॉर्मर बच्चों को वीएमसी के प्रसिद्ध स्टडी सेंटर सिटाडेल ऑफ एक्सीलेंस (उडए) में पढ़ाई का मौका मिलेगा. सीओई में बच्चों को एक्सपर्ट फैकल्टी से टॉप टियर एजुकेशन पाने का मौका मिलता है और कोचिंग की एडवांस सुविधाओं को इस्तेमाल करना का भी चांस रहता है जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान बहुत ही अच्छा वातावरण मिलता है. इसके अलावा क्लास 8 से क्लास 11 के 10 टॉप परफॉर्मर्स को इसरो, आईआईसी, आईआईटी जैसे संस्थानों में फ्री एजुकेशनल ट्रिप पर भेजा जाता है. इस ट्रिप से छात्रों को ग्राउंड ब्रेकिंग रिसर्च और वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी मिलती हैं, शानदार एक्सपीरियंस मिलता है जिससे बच्चों को प्रेरणा मिलती है और एक व्यापक दृष्टिकोण उनके अंदर डेवलप होता है.

वीआईक्यू की मदद से हर छात्र का रहडळ एनालिसिस भी होता है जो बच्चों को उनकी स्ट्रेन्थ, वीकनेस, ऑपरच्यूनिटी और मुश्किलों से अवगत कराता है. इससे छात्र खुद का आकलन सही ढंग से कर पाते हैं और सक्सेस के लिए अच्छा प्लान कर पाते हैं.

इसके अलावा वीआईक्यू में कई तरफ से फायदे होते हैं. साल की अकेडमिक फीस सबसे कम होती है, करंट क्लास में पढ़ रहे छात्रों को अतिरिक्त 100 घंटे तक की लाइव ऑनलाइन क्लासेज मिलती हैं, फ्री प्रैक्टिस टेस्ट, और करंट सत्र के लिए ई-मैटेरियल मिलता है. छात्रों का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए उन्हें ई-सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं.

विद्या मंदिर क्लासेज के चीफ बिजनेस ऑफिसर अभिषेक शर्मा ने कहा, "वीएमसी में अपनी तरह की अनूठी शिक्षण पद्धति है और यहां व्यापक स्टडी मैटेरियल मिलता है, बच्चों के शानदार रिजल्ट आते हैं. अब वीएमसी अपने प्रोग्राम वीआईक्यू का इंतजार कर रहा है जिसमें 6 तरह के लाभ हैं. इसमें साल की सबसे कम फीस से लेकर एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा स्कॉलरशिप, 100 घंटे तक की लाइव ऑनलाइन क्लासेज एक्स्ट्रा, फ्री प्रैक्टिस टेस्ट और भरपूर स्टडी मैटेरियल दिया जाता है. इसके अलावा छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए ई-सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं. इन तमाम प्रयासों से वीएमसी लगातार एक्सीलेंस की तरफ अग्रसर है."

विद्या मंदिर क्लासेज के को-फाउंडर बृज मोहन ने कहा, "जेईई और नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए वीआईक्यू कामयाबी के दरवाजे खोलता है. इससे बच्चों की क्षमताओं में इजाफा होता है और अकेडमिक इंटलेक्ट इंप्रूव होता है. विद्या मंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट जेईई और नीट की तैयारी कर रहे बच्चों को इस कट-थ्रोट कम्पटीशन के दौर में एक कदम आगे रखता है. चाहे आपके सपने आईआईटी, एनआईटी, टॉप मेडिकल कॉलेजों तक पहुंचने के हों, एनटीएसई स्कॉलर, बोर्ड टॉपर या ओलंपियाड मेडलिस्ट के हों, वीआईक्यू आपकी सक्सेस प्लानिंग को मजबूत बनाता है. अकेडमिक परफॉर्मेंस सुधारने और स्कॉलरशिप हासिल करने के लिए इस शानदार मौके को मिस न करें. www.vidyamandir.com पर वीआईक्यू के लिए बिल्कुल फ्री में रजिस्ट्रेशन करें और अकेडमिक ब्रिलियैंस व अचीवमेंट की जर्नी शुरू करें.

# स्ट्रोक जागरूकता बढ़ाने के लिए सत्र का आयोजन

## आर्टेमिस अस्पताल को हाल ही में सर्वश्रेष्ठ स्ट्रोक यूनिट के लिए डायमंड स्टेटस अवार्ड से सम्मानित किया गया

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : स्ट्रोक की बढ़ती घटनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए, विशेष रूप से युवा आबादी के बीच, और स्ट्रोक को रोकने के




संभावित उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, आर्टेमिस-एग्रीम इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेस (स्ट्रोक यूनिट) के डॉक्टरों ने एक जन जागरूकता सत्र आयोजित किया.

आर्टेमिस-एग्रिम इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, गुरुग्राम के डॉ. राज श्रीनिवासन पार्थसारथी के साथ न्यूरोइंटरवेंशन एंड स्ट्रोक यूनिट के निदेशक डॉ विपुल गुप्ता की उपस्थिति में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया. इस टीम को हाल ही में विश्व स्ट्रोक संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्ट्रोक इकाई के रूप में डायमंड लेवल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था. यह हरियाणा राज्य की पहली ऐसी समर्पित स्ट्रोक यूनिट है, जिसे इस तरह के उच्च रैंकिंग ईनाम से सम्मानित किया गया है.

डॉक्टरों ने इस तथ्य के बारे में विस्तार से बताया कि 6 में से 1 व्यक्ति को अपने जीवनकाल में स्ट्रोक का सामना करना पड़ेगा और कहा कि अधिकांश एक्यूट स्ट्रोक के मामले रिवर्सिबल होते हैं और यदि मरीज स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के 4-6 घंटे के भीतर सही अस्पताल पहुंच जाते हैं, तो क्लॉट हटाने वाले इंजेक्शन लगाए जाते हैं। एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकांश मामलों में मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी नामक एक प्रक्रिया जीवन रक्षक साबित हुई है जिसे स्ट्रोक के 6-24 घंटों के भीतर करने की आवश्यकता होती है। लेकिन मुख्य चुनौती यह बनी हुई है कि मरीज को शुरूआती लक्षणों को तुरंत पहचानने और समय पर स्ट्रोक के लिए तैयार अस्पताल में पहुंचने की जरूरत है, ताकि संबंधित रोकथाम योग्य मृत्यु दर और रुग्णता को रोका जा सके। सत्र के दौरान, न्यूरोइंटरवेंशन एंड स्ट्रोक यूनिट आर्टेमिस-एग्रिम इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेस, गुरुग्राम में निदेशक डॉ विपुल गुप्ता ने कहा, ह्वउसी के मद्देनजर हमने पूरे हरियाणा में संबद्ध नेटवर्क के साथ एक समर्पित, व्यापक स्ट्रोक यूनिट की स्थापना की है, जो आगे के प्रबंधन (थ्रोम्बेक्टोमी/हस्तक्षेप) के लिए स्ट्रोक रोगियों को हमारी स्ट्रोक यूनिट में ले जाने से पहले आपातकालीन क्लॉट घुलने वाली दवाओं के साथ मदद कर सकती है. इस तरीके को ड्रिप और शिप मॉडल के रूप में जाना जाता है, जहां एक नेटवर्क सेंटर (परिधीय केंद्र-ड्रिप) में आपातकालीन स्थिति में एक स्ट्रोक रोगी को क्लॉट घोलने वाली दवा दी जाती है ताकि रोगी को नेटवर्क सेंटर में ले जाने के बाद समय पर इलाज किया जा सके. इस अवसर के माध्यम से मैं जनता को जागरूक करना चाहूंगा कि स्ट्रोक में समय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इस प्रकार हम इस तरह के उपायों (रोकथाम, नेटवर्क संघों आदि पर जागरूकता) के माध्यम से अधिक से अधिक जीवन बचाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं.ह्व

टीम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर का भी उपयोग करेगी, जिसे सीटी स्कैन और एमआरआई के साथ जोड़ा जा सकता है, और ऑटोमैटिक सही जानकारी प्रदान करता है कि किसी व्यक्ति को स्ट्रोक का दौरा पड़ा था या नहीं और मरीज को मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी से फायदा होगा या नहीं. ये तरीका बहुत समय बचाता है, जिससे जीने की उम्मीद बढ़ती है और न्यूनतम मानव त्रुटि व अधिकतम दक्षता के साथ स्ट्रोक को रिवर्स किए जाने की चांस बढ़ जाते हैं. टीम ने अपने ड्रिप और शिप दृष्टिकोण के माध्यम से जल्द ही हिसार के 3-4 अस्पतालों में नेटवर्क सेंटर में एआई सॉफ्टवेयर लॉन्च करने की योजना बनाई है.

डॉ विपुल ने आगे विस्तार से बताया, "हाल की तकनीकी प्रगति के अलावा, हम इस तथ्य को उजागर करना चाहते हैं कि जीवनशैली में कम से कम बदलाव के साथ स्ट्रोक की वजह के खतरों को बदलना पूरी तरह से संभव है, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर नियंत्रण रखना, धूम्रपान बंद करना, शराब का सेवन न करना और सप्ताह में कम से कम 6 घंटे व्यायाम के साथ स्वस्थ आहार का पालन करना. अपने आहार में अधिक नमक के सेवन से परहेज के साथ-साथ जीवन शैली के ये कारक स्ट्रोक के आजीवन जोखिम को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं. इस प्रकार मैं लोगों से आग्रह करूंगा कि वे नियमित रूप से खुद अपना मूल्यांकन के और अगर जरूरत हो तो नियमित अंतराल पर परीक्षण का विकल्प चुनें.

जागरूकता सत्र के बाद लायंस क्लब हिसार के सहयोग से एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया, जिनका ब्लड प्रैशर, बल्ज शुगर, ऊंचाई, वजन और बीएमआई आदि की जाँच की गई. प्रत्येक पेशेंट को सैल्फ स्ट्रोक रिस्क असेसमेंट फॉर्म भरने को कहा गया और उन जोखिम कारकों के बारे में भी बताया गया था जो स्ट्रोक की वजह बन सकते हैं. तनाव, वायु प्रदूषण, अत्यधिक स्क्रीन टाइम और नींद की कमी जैसे आधुनिक कारक स्ट्रोक की वृद्धि में भूमिका निभा रहे हैं.

# सेक्टर 82 की ब्रम्हचारी कुटी में 15 अक्टूबर से श्री सतचंडी महायज्ञ

नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में श्री सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बोधगया मठ के महंत रमेश गिरी जी महाराज के सानिध्य में 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक यज्ञ होगा एवं 24 अक्टूबर को भंडारा होगा। मंदिर परिसर में महंत ओम भारती महाराज के मार्गदर्शन में आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें सतचंडी महायज्ञ की तैयारियों पर चर्चा हुई। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे ने बताया कि 15 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा । पूजन प्रतिदिन प्रातः7 बजे से 8 बजे तक होगा और यज्ञ का



समय प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक रहेगा। यज्ञाचार्य पंडित सुमित तिवारी की देखरेख में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ किया जाएगा। इस अवसर पर देवेंद्र गुप्ता, बब्लू चौहान, मनोज गोयल, सुशील पाल,रवि राघव, अखिल पांडे, विकास भारती, उपेंद्र तिवारी, पंकज जी, मनोहर शास्त्री, शिववृत तिवारी, संजय पांडे, गोरेलाल, उत्तम चंद्रा, विनोद चौहान, रंजीत पटेल सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।


# नोएडा प्राधिकरण के बदले बदले मिजाज: क्या फरियादियों के लिए दरवाजा बंद है ?

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा ऐसे तो स्मार्ट सिटी मे बेशुमार है वही नोएडा प्राधिकरण भ्रष्टाचार के लिए ख्याति प्राप्त है। लोगों को उम्मीद था कि नोएडा प्राधिकरण मे निजाम बदलने के बाद रुतबा भी बदल जायेगा। लेकिन क्या पता था कि नोएडा प्राधिकरण के निजाम बदलते ही लोगों के फरियाद भी नही सुने जायेंगे।

नोएडा सेक्टर 60 मे चाय की दुकान लगाकर अपने परिवार की भरण पोषण करने वाली एक महिला ने जो प्राधिकरण पर आरोप लगायी है वह नोएडा प्राधिकरण के कार्यशैली के ऊपर सवालिया निशान लगा दिया है। महिला संतोष जो कि एक विधवा है, ने नोएडा प्राधिकरण के विधि सलाहकार को लिखे पत्र मे प्राधिकरण के द्वारा उनके फरियाद नही सुनने की आरोप लगायी है। इस बता की भी जिक्र है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जब महिलाओं को प्राथमिकता दे रहे है तो हमारे साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

श्रीमान जी मै संतोष (विधवा) पत्नी



स्व० श्री ओमपाल, वर्तमान निवासी ग्राम चौड़ा सादतपुर सेक्टर 22 मे रहती हू और नोएडा सेक्टर 60 अकतारा के सामने अपनी चाय की रेहड़ी वर्क सर्किल 5 में लगाती हूँ। वर्ष 2018 में नोएडा प्राधिकरण में वेंडिंग जोन मे दुकान हेतु आवेदन किया जिसका कंट्रोल संख्या 2086 है। मेरे द्वारा पूर्व में कई बार सीईओ महोदया के समक्ष अपनी समस्या रखी गई तथा कई प्रार्थना पत्र प्राधिकरण कार्यालय व वर्क सर्किल कार्यालय में जमा कराए गए। जिसके बाद मेरे दुकान की सत्यापन 4 बार वर्क सर्किल द्वारा किया जा चुका है परंतु अभी तक मुझे व्यवस्थित नहीं किया गया है। वर्क सर्किल सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारी पैसों की मांग करते है । कहा जाता है पैसे दोगी तभी दुकान लगाने देंगे । जिसकी शिकायत सीईओ महोदय लोकेश एम से की गई परंतु मेरा प्रार्थना पत्र ही स्वीकार नहीं किया गया।

यह कहना है नोएडा के एक महिला वेडर की जो एक विधवा है और परिवार के भरण पोषण हेतू चाय की रेहड़ी लगाती है। प्राधिकरण के कर्मचारी के मनमानी तो छोड़िये अब प्राधिकरण मे शिकायत पत्र भी स्वीकार्य नही है। इसिलिए तो कहते है कि नये निजाम भी प्राधिकरण के मिजाज को बदलने मे पूरी तरह से असफल रहे है या लोगों को यह भी कहना है कि बदलना ही नही चाहते है। खैर विधि सलाहकार साहब इस महिला वेंडर के शिकायत पर संज्ञान लेकर महिला को कानूनी सलाह देकर न्याय दिलाते है या नही यह तो आने वाले समय मे ही पता चलेगा। लेकिन नोएडा प्राधिकरण के द्वारा फड्डियादियों के लिए दरवाजा बंद करना भ्रष्टाचार को और बढाना ही होगा।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मोदी सरकार द्वारा सिख पंथ के लिए किये गये अभूतपूर्व कार्यो के लिये आज दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि सिख पंथ के अलावा ऐसा शायद ही कोई दूसरा पंथ होगा जिसमें 10 पीढ़ियों तक आक्रांताओं के अन्याय के खिलाफ संघर्ष और बलिदान की इतनी लंबी परंपरा हो। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता और देश के लिए जो बलिदान दिया है उसकी बराबरी पूरी दुनिया में कोई नहीं कर सकता। श्री शाह ने कहा कि देश नौवें गुरु तेग बहादुर जी के उपकार को कभी नहीं भुला सकता। कश्मीर में सत्ता के नशे में चूर औरंगजेब के अत्याचार के खिलाफ कश्मीरी पंडितों की अर्ज. सुनकर वहाँ पैदल चलकर जाना और अपना सर्वोच्च बलिदान देना, केवल गुरु तेग बहादुर जी ही ये कर सकते थे। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में उत्सव मनाने का निर्णय लिया था तब उसके लिए वही स्थान तय किया गया जहां गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी की घोषणा हुई थी, उसी दीवार पर उनका गुणगान हुआ और लाल किले पर ही समारोह मनाया गया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब दुनिया का हर मजहब अपने-अपने विचारों को लेकर युद्ध लड़ रहा था, उस वक्त गुरु नानक देव जी से लेकर दसवें गुरु तक सभी ने दुनिया को सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया जिस पर आज पूरा विश्व चल रहा है और ये पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय, धर्म और कर्म को समान रूप से लेकर आगे बढ़ा है। जब धर्म के लिए जान देने की बारी आती है तो सच्चा सिख कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता और देश को आजादी दिलाने से लेकर देश की सुरक्षा करने तक सबसे ज्यादा बलिदान भी सिखों ने दिया है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं के उपदेश और उनके बलिदान को देश कभी नहीं भुला सकता।

श्री अमित शाह ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने दुनिया के कई देशों में सर्वधर्म समभाव का संदेश फैलाया। गुरु नानक देव जी ने बिना किसी निजी स्वार्थ के पूरी दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाया। श्री शाह ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में ही सबकी अच्छी बातों को समाहित किया गया है और सर्वधर्म समभाव का इससे बड़ा कोई संदेश नहीं हो सकता।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हङ्गौल्ल-'ी ऊ्रि५ी'ङ्गस्त्रौल्ल३ के लिए राज्यों की विधानसभाओं और संसद में मातृशक्ति को 33% आरक्षण दिया है। श्री शाह ने कहा कि मातृ शक्ति को सशक्त करने की परंपरा सिख पंथ में माता खिवी के लंगर की सीख से वर्षों पहले शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इतिहास में भी ये दर्ज है कि सिख पंथ से निकली मातृशक्ति ने न केवल आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया बल्कि देश को आगे बढ़ाने में भी बहुत बड़ा योग्दान दिया है। श्री शाह ने कहा कि भारत की आजादी के आंदोलन, मुगलों और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई, विभाजन की विभीषिका या आजादी के बाद देश की सीमाओं को सुरक्षित करना हो, सिख कौम हमेशा सबसे आगे रही है। हमारा आजादी के संघर्ष का इतिहास सिख बहादुरों के बलिदान से भरा पड़ा है और देश के आजाद होने के बाद इसकी सुरक्षा के लिए भी सबसे अधिक बलिदान सिख पंथ के अनुयायी ही देते आए हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व, गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व, गुरु गोविंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व, लंगर से ऋळ हटाना, करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण, सुल्तानपुर लोदी को हेरीटेज सिटी बनाना, ब्रिटिश विश्वविद्यालय में गुरु नानक देव जी के नाम पर पीठ स्थापित करना और पाकिस्तान में सिख यात्रियों के जाने के लिए सुविधा उपलब्ध कराना जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण काम हुए हैं।

# प्रमंडल स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता में टुंडी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

जिला संवाददता धनबाद (झारखंड):- 13अक्टूबर2023:जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र /छात्राओं ने 12अक्टूबर को झारखंड सरकार द्वारा नीलांबर पीतांबर चौक न्यू स्टेडियम हजारीबाग में आयोजित प्रमंडल स्तरीय ग्रामीण एवम स्वदेशी जनजातीय खेल कूद प्रतियोगिता जिसमें भारा दौड़ , गेड़ी दौड़ मटका दौड़ , गुलेल प्रतियोगिता तीरंदाजी प्रतियोगिता शानदार प्रदर्शन किया है जो टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- भारा दौड़ में प्रथम मुखरजीत हेमब्रम +2 उच्च विद्यालय टुंडी 12 वी विज्ञान का छात्र, द्वितीय शिबू सोरेन पीके राय कॉलेज कला अंतिम सेमेस्टर का छात्र, छात्र



गेड़ी दौड़ में
प्रथम मिहीलाल हेम्ब्रम टुंडी जाताखुंटी पंचायत
द्वितीय नरेश हेम्ब्रम टुंडी
जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार बीईईओ मूरत महतो, बीपीओ उमेश पासवान एवं गौतम दास, वरिष्ठ बीआरपी मनोज कुम्भकार, पारा शिक्षक संघ के जिला प्रधान सचिव नवीन चन्द्र सिंह, +2 उच्च विद्यालय के टुंडी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिमन्यु कुमार,उप प्रभारी प्रधानाध्यापक मिलन प्रजापति एवं शारीरिक शिक्षक जयकुमार जाताखुंटी पंचायत के मुखिया आशा मुर्मू एवं उनके प्रतिनिधि शक्ति हेम्ब्रम ,, उप मुखिया पुजयन्ती देवी जाताखुंटी विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमसू मुर्मू, बरूण सिंह, अनोज शर्मा एवं पंकज विश्वकर्मा एवं दिलीप मराण्डी ने के साथ - साथ समस्त शिक्षकगण ने बधाई दी है ।

# टुण्डी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिक्रम पाण्डेय का राजगंज मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसमपर्क अभियान तेज।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

जिला संवाददाता धनबाद (झारखंड):-13अक्टूबर2023: जिले के टुंडी विधान सभा के राजगंज मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम पांडे ने निरंतर जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है। इस क्रम में श्री पांडे नेगत वृहस्पतिवार को बगदाहा पंचायत निवासी श्री भुनेश्वर महतो की सुपुत्री कल्पना महतो ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की पी जी की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर उनके आवास जाकर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें कलम ,पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इसके अलावे बगदाहा ग्राम में ही वृद्ध एवम असहाय ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और संबंधित अधिकारियों से मिलकर यथाशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया। उनके साथ सहयोग हेतु हरीलाल महतो,गौतम साव,लखनलाल विश्वकर्मा, हबल महतो, उमेश महतो ,पप्पू महतो के अलावे दर्जनों युवा साथ में थे । तत्पश्चात महेशपुर पंचायत अंतर्गत जरमुनई निवासी मुन्ना विश्वकर्मा के माता के निधन की सूचना पाकर उनके आवास जाकर शौक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और मृत आत्मा को शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की । मौके पर विक्रम पांडे के साथ गौतम साव ,बबलू विश्वकर्मा, पिंकू विश्वकर्मा, डब्लू विश्वकर्मा, के अलावे उनके परिजन उपस्थित थे



भाजपा के पूर्व प्रत्याशी बिक्रम पाण्डेय का टुण्डी विधानसभा के राजगंज मंडल क्षेत्रों में ताबड़-तोड़ जन सम्पर्क के क्रम में आज दिनांक 12/10/2023 दिन वृहस्पतिवार को बगदाहा पंचायत अन्तर्गत निवासी भुनेश्वर महतो की सुपुत्री कल्पना महतो ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल युनिवर्सिटी की पीजी की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन / टोपर रैंक आने पर उनके आवास जाकर उनके परिजनों के साथ मिलकर उन्हें कलम, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं और साथ ही आशीर्वाद प्रदान किया ।। इसके अलावें बगदाहा ग्राम में ही असहाय एवं वृद्ध ग्रामीणों से मिलकर जन समस्याओं से हुए अवगत और विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर यथाशीघ्र समाधान हेतु विश्वास दिलाया ।। साथ में सहयोग हेतु हरीलाल महतो , गौतम साव , लखनलाल विश्वकर्मा , हुबलाल महतो , उमेश महतो , पप्पू महतो के अलावें दर्जनों सहयोगी साथ रहें ।। तत्पश्चात महेशपुर पंचायत अन्तर्गत जरमुनई निवासी मुन्ना विश्वकर्मा के माता के निधन की सूचना पाकर उनके आवास जाकर परिजनों से मिले,, शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया शोक व्यक्त किया । और साथ ही मृत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर किया ।। मौके पर मुख्य रूप से बिक्रम पाण्डेय के साथ गौतम साव , बबलु विश्वकर्मा , पिंकू विश्वकर्मा , डब्ल्यू विश्वकर्मा , के अलावें उनके परिजन उपस्थित रहें ।।

# राजगंज सेवा समिति ने चलाया साफ सफाई अभियान।

**दैनिक समाज जागरण। रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**
राजगंजः सेवा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति के बैठक के बाद 151 वर्षो का उमंग अभी भी सेवा समिति में देखने को मिल रहा है सेवा समिति के द्वारा राजगंज में साफ सफाई का अभियान चलाया, रोड के किनारे स्थित कचरा तथा रोड के बीच में बने डिवाईडर के किनारे एवंबीच के कचरा को समिति के सदस्य एवं जेसीबी मशीन द्वारा साफ करवाया गया, मौके पर सुदाम अड्डी, टिंकू सोनार, निखिल दत्ता, उत्तम गोराई , गणेश पाल, सुदीप अड्डी, सुमित्रो दे, गोतम दे, सुनीता देवी, कोशल्या देवी आदि उपस्थित हुए।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सचिव ने भद्रकाली+2 विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)13अक्टूबर2023:-जिले के इटखोरी प्रखंड भद्रकाली प्लस टू विद्यालय ( भद्रकाली इंटर महाविद्यालय इटखोरी) का जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सचिव दिनेश कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालित कक्षाओं समेत अन्य भौतिक बिंदुओं का भी बारीकी से निरीक्षण कर संतुष्ट हुए। अंत में कॉलेज परिवार द्वारा डीईओ सह सचिव मिश्रा को कॉलेज परिवार ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके प्राचार्य रियाजुद्दीन अहमद, व्याख्याता सुरेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार शर्मा, चंदन कुमार सिंह, लंबोदर कुमार शर्मा, सुशील कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, नीलम राणा, पूर्णिमा कुमारी, विद्या सिन्हा, रितिका शर्मा, प्रधान लिपिक श्याम किशोर प्रसाद, सहायक लिपिक विनोद कुमार ठाकुर, लिपिक संजय कुमार, संजय ठाकुर, सुमंत कुमार सिंह एवं आदेश पाल अशोक सिंह, श्याम कुमार, संजय सिन्हा, ललिता देवी और शकुंतला देवी उपस्थित थे।



# चुनावी घोषणा होने से पहले ही जिला परिषद चुनाव की सुगबुगाहट हुई तेज।

## समाजसेवी अर्जुन पासवान ने अपने समर्थकों के साथ जिला परिषद शीट से चुनाव लड़ने की पेश की दावेदारी

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 13 अक्टूबर 2023:-राज्य निर्वाचन आयोग भले ही अभी तक पंचायती राज व्यवस्था में खाली पड़े सीटो पर चुनाव कराने को लेकर कोई स्पस्ट तिथी घोषित नही की है लेकिन प्रखण्ड में जिला परिषद चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है।ज्ञात हो की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुन्दा जिला परिषद की सीट पर भोक्ता समाज के आलावे अन्य लोगो ने नामांकन नही किया था जबकी कुन्दा जिला परिषद की शीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है वही भोक्ता समाज को अनुसूचित जनजाति में चले जाने के कारण उनका नामंकन आमान्य कर



दिया गया था ऐसे में कुन्दा जिला परिषद की शीट खाली रह गई है।वही खाली पड़े सीटो पर पुनः चुनाव होने की सूचना मिलते ही लम्बे समय से शांत पड़े नेता सक्रिय होने लगे।कुन्दा जिला परिषद शीट से प्रखण्ड क्षेत्र के बौधाडीह निवाशी अर्जुन पासवान ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है।उनका कहना है की यदी जनता का समर्थन मिला तो कुन्दा के समग्र विकाश में योगदान देने में कोई कोर कशर नही छोडेंगे।

# सितु के कुटाम गांव में श्राद्ध कर्म में शामिल आजसू कार्यकर्ता

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत अन्तर्गत कुटाम गांव में शुक्रवार 13 अक्टूबर को आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव श्री हरेलाल महतो के निदेशानुसार पार्टी के वरीय कार्यकर्ता वीरबल गोप,संमबद सिंह मुंडा, नन्दलाल सिंह मुंडा ने शिव प्रसाद गोप के बहन की श्राद्ध कर्म में चावल,आलू सहयोग किया। बीरबल गोप ने कहा गांव में कोई भी व्यक्ति को अगर समस्या हो,मरीज कहीं बाहर ले जाना हो तो ईचागढ़ वासियों के लिए हरेलाल महतो द्वारा हमेशा एम्बुलेंस सेवा के लिए तत्पर हैं। गांव में चाहे शादी विवाह हो, श्राद्ध कर्म हो, कोई सामाजिक अनुष्ठान हो ये सब के लिए हरेलाल महतो सेवा देने के लिए तत्पर रहते हैं,जनता जनार्दन हैं, हरेलाल का एक ही सपना,सेवा ही लक्ष्य है।

# समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर एक महिला मरीज को रांची में तत्काल ए पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराई गई '

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

सामाजिक संस्था समर्पण एक एक पहल को सूचित किया गया कि रांची के हिल व्यू हॉस्पिटल में एक 32 वर्ष की महिला नाम प्रियंका कुमारी ईलाजरत हैं मरीज शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हैं तत्काल ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने रांची के माँ राम प्यारी ब्लड बैंक प्रबंधन से बात कर मरीज प्रियंका कुमारी के लिए यूनिट ए पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसके तुरंत बाद ब्लड बैंक प्रबंधन द्वारा सारी कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर मरीज के के लिए उनके परिजन को ए पॉजिटिव रक्त प्रदान कर दी गई



# दुर्गा पूजा को लेकर रूट चार्ट हुआ जारी

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

दुर्गा पूजा में भक्तों को मंदिर व पंडाल तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसे को लेकर रूट चार्ट जारी कर दिया गया है. 21 से 24 अक्तूबर तक जिले के लगभग सभी पूजा पंडालों में जाने के लिए भक्तों को पैदल ही निकलना पड़ेगा.

यदि वह वाहन से जा रहे हैं, तो उनके लिए कई स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. वहां गाड़ी पार्क करने के बाद पैदल घूम पायेंगे. सवारी वाहनों के कई स्थानों पर नो इंट्री लगायी जा रही है. साथ ही दुर्गा पूजा पंडालों में 300 से ज्यादा पुलिस कर्मी और 100 से ज्यादा पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे. टाइगर जवान व गश्ती दल भी लगातार घूमते रहेंगे.

जिले के कई मार्गों पर ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा एवं सवारी वाहनों की होगी नो एंट्री

राजगंज, बरवाड्डा की ओर से आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से लौटेंगे.

निरसा गोविंदपुर, बलियापुर की ओर आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे.

कतरास, पुटकी, केन्दुआडीह की ओर आने वाले वहन मटकुरिया चेकपोस्ट से वापस पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे.

सिन्दरी, झरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चौक से वापस पुनः इसी रास्ते से वापस अपने गंतव्य की ओर जायेंगे. धनसार चौक से बैंकमोड़ / शक्ति मंदिर की तरफ जाना वर्जित रहेगा.

भूदा, बलियापुर, हीरापुर झारखंड मैदान की तरफ से पुरानी बाजार मनईटांड़ की ओर आने वाले वाहन बरमसिया पुल से वापस पुनः इसी रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे. बरमसिया पुल से मनईटांड़ / पुरानी बाजार एवं हीरापुर की तरफ नो इंट्री रहेगी.

भूली, बिनोद बिहारी चौक के तरफ से आने वाले वाहन बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से अपने गंतव्य की ओर जायेंगे.

धनबाद नगर से भूली की ओर जाने वाली गाड़ी ओवरब्रिज पर सुभाष चौक से होते हुए ओवरब्रिज के नीचे से वासेपुर होते हुए भूली जायेगी.

बिनोद बिहारी चोक से बेकारबांध चौक / पोलिटेक्नीक कॉलेज एवं बेकारबांध (चन्द्रशेखर आजाद चौक) से पॉलिटेकनिक कॉलेज के तरफ जाना वर्जित नो इंट्री रहेगा.

श्रमिक चौक से गया पुल / बैंकमोड़ की तरफ नो इंट्री रहेगी.

सरायढेला थाना मोड से स्टील गेट की तरफ नो इंट्री रहेगी

कोलाकुसमा से स्टील गेट की ओर नो इंट्री रहेगी.

जेसी मल्लिक, पटेल चौक, पानी टंकी, हटिया मोड़, प्रेम नगर गली, रणधीर वर्मा, अनुमंडल कार्यालय रोड़, भोला स्वीटस, रेलवे स्टेशन मजार की ओर से हीरापुर की तरफ नो इंट्री रहेगी.

भारी वाहनों पर 24 घंटे रहेगी पाबंदी

शहरी क्षेत्रों में माल वाहक (407/409/709) एवं अन्य भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर 24 घंटे पाबंदी होगी.


शहरी क्षेत्रों में स्थित प्रतिष्ठानों / दुकानों में माल ढुलाई का समय सुबह चार बजे से दिन के 11 बजे तक होगा.

आवश्यक सेवा अंतर्गत पेट्रोल/डीजल टैंकर एवं एलपीजी वाहक वाहनों को शहरी क्षेत्रों में प्रवेश सुबह चार बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा.

यात्री बसों का बदलेगा मार्ग

शहरी क्षेत्रों में दोपहर एक बजे से सुबह पांच बजे तक यात्री बसों के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी होगी. इस दौरान यात्री बसों के परिचालन के लिए रूट निर्धारित किया गया है.

धनबाद-बोकारो- रांची / रांची-बोकारो-धनबाद मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री वाहन करकेन्द्र मोड़, राजू यादव स्मारक (लोयाबाद बाजार ), सिजुआ



नया मोड़ पांडेयडीह, तेतुलमारी थाना, शहीद शक्तिनाथ चौक, विनोद बिहारी चौक, बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़ होकर चलेंगे.

जमशेदपुर-पुरुलिया-धनबाद/धनबाद-पुरुलिया-जमशेदपुर चलने वाली बस नगिना बाजार (मोहलबनी चेकपोस्ट (सीआइएसएफ), सुदामडीह थाना, जामाडोबा मोड़, पुटकी मोड़, करकेंद्र मोड़, होकर चलेगी.

सभी थाना क्षेत्र के लिए अलग अलग नो एंट्री बनायी गयी है

जोड़ापोखर थानाझ्र सिन्दरी से पुटकी की ओर जाने वाले भारी वाहनों का गोशाला ओपी के पास नो इंट्री रहेगी. बोकारो से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों का मोहलबनी ग्राउंड (सुदामडीह थाना) से आगे नो इंट्री रहेगी. पुटकी से सिन्दरी की ओर जाने वाले भारी वाहन आबो देवी पेट्रोल पम्प (बोरागढ़ ओपी) के बाद नो इंट्री रहेगी.

झरिया थानाझ्र धनसार से कतरास मोड़ (झरिया) तक भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा. केन्दुआडीह से कतरास मोड़ तक भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा.

जिले में 13 थाना क्षेत्र में 82 स्थानों पर लगेंगे ड्रॉप गेट और बैरिकेड

सरायढेला थाना : कोला कुसुमा मोड़, सीसीडब्लयू, स्टील गेट, एसएनएमएमसीएच, न्यू बैंक कॉलोनी, सुभाष चौक, कोचा कुल्ही, न्यू कॉलोनी मोड़ 1 व 2, चुना गोदाम, डॉ केएन मित्तल, दास टोला, साव पाड़ा, सरायढेला थाना मोड़.

धनबाद थाना : रानी तालाब, हटिया मोड़, जिला परिषद गेट, हटिया मोड़, प्रेम नगर ( बिजली चौक), तिवारी होटल ( रणधीर वर्मा चौक), हीरापुर टेलीफोन एक्सचेंज, बिहारी लाल चौधरी, अभय सुंदरी स्कूल, झारखंड मैदान ( पूजा पंडाल के पूर्वी व पश्चिमी प्रवेश द्वार) बिनोद बिहारी चौक तथा मेमको मोड़, बिनोद नगर मोड़ (पानी टंकी) वॉच एंड वार्ड ( शनि मंदिर)

बैंक मोड़ थाना : बिरसा चौक, झरिया पुल, पीएनबी बैंक, हावड़ा मोटर, जोड़ा फाटक, मटकुरिया चेक पोस्ट

धनसार थाना : धनसार चौक पोस्ट, नयी दिल्ली, शक्ति मंदिर के पास, बरमसिया चेक पोस्ट, मनईटांड गोल बिल्डिंग

बरवाअड्डा थाना : मेमको मोड़ चौक

भूली ओपी : बी ब्लॉक टेंपो स्टैंड, बुधनी हटिया, सी ब्लॉक पानी टंकी मोड़, झारखंड मोड़ भूली आने वाला रास्ता ई ब्लॉक.

केंदुआडीह थाना : केंदुआडीह बाजार के पूर्व मोड़, केंदुआडीह थाना दुर्गा मंदिर, लहरा मंदिर, बाजार, केंदुआडीह थाना, पुराना थाना मोड़.

झरिया थाना : कतरास मोड़, लक्ष्मीनिया मोड़, बाटा मोड़, चार नंबर झरिया, इंदिरा चौक.

जोड़ापोखर थाना : फुसबंगला में शिव मंदिर के पास, जोड़ापोखर थाना के पास, शालीमार मछली पट्टी के पास, जामाडोबा चौक तथा बाजार.

कतरास थाना : स्वास्तिक सिनेमा हॉल के बगल, गुहीबांध बस स्टैंड के पास, अंगारपथरा सूर्य मंदिर के पास

सुदामडीह थाना : मोहलबनी चेक पोस्ट

निरसा थाना व कुमारधुबी ओपी : निरसा चौक, पुरानी जीटी रोड में कुमारधुबी चौक स्थित रेलवे ब्रीज

गोविंदपुर थाना : साहेबगंज रोड, महिला प्रशिक्षण विद्यालय गोविंदपुर, मोहन पेट्रोल पंप के पास, पोस्ट ऑफिस के पास, बलियापुर मोड़ एवं सुभाष चौक, बीच बाजार के पास, ऊपर बाजार धनबाद मोड़, ऊपर बाजार दुर्गा पंडाल के पास, वाणी मंदिर के पास, बरियो मोड़ के पास

कई थाना क्षेत्रों में बनेगी पार्किंग

धनबाद थाना : झारखंड मैदान व हरि मंदिर के लिए हटिया चौक से गोल्फ ग्राउंड जाने वाली सड़क, हीरापुर ब्लॉक मैदान, अभय सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल के साथही झाड़ूडीह दुर्गा मंदिर के लिए पॉलिटेकनिक कॉलेज ग्राउंड एवं कार्मेल स्कूल के सामने.

बैंक मोड़ थाना : धनबाद ननि व तेतुलतल्ला पंडाल के लिए रेलवे स्टेशन दक्षिण गेट सड़क के दोनों ओर व मटकुरिया शमशान रोड के दोनों तरफ.

धनबाद थाना : मनईटांड़ पंडाल के लिए प्राणजीवन अकादमी स्कूल ग्राउंड व पुराना स्टेशन दुर्गा मंडप ग्राउंड.

सरायढेला थाना : स्टील गेट पंडाल के लिए सीआइएसएफ परेड ग्राउंड व स्टील गेट सब्जी मंडी मैदान.

कतरास थाना : कतरास पंडाल के लिए सामुदायिक भवन ( स्वास्तिक सिनेमा हॉल के बगल) गुहीबांध बस स्टैंड, अंगारपथरा कतरी नदी किनारे ( टेंपो स्टैंड के पास

# सीपीआईएम प्रतिमंडल एवं अंचल पदाधिकारी के बीच सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

आज दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी झरिया लोकल कमेटी पिछले दिनों 29 सितंबर 2023 को झरिया के जन समस्याओं को लेकर जन आक्रोश रैली झरिया अंचल कार्यालय पर किया था और 26 सूत्री मांग पत्र झरिया अंचल अधिकारी को सौपा गया था उसी के संबंध में सीपीआईएम प्रतिनिधि मंडल के साथ झरिया अंचल पदाधिकारी से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुआ जिसमें झरिया अंचल अधिकारी ने आश्वासन दिया की झरिया अंचल अंतर्गत जितने भी विधवा पेंशन बिरधा पेंशन गोलकडीह लोडिंग पॉइंट कांटा घर से जो रोड जाम हो जाता है और आम जनता को जो कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसे निजात दिलाया जाएगा और रोड जाम करने वाले बीसीसीएल अधिकारी को पत्र लिखकर उसे पर कार्रवाई किया जाएगा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हुए जितने भी सवाल है उसे पर पहल किया जाएगा।



वार्ता में सीपीएम धनबाद जिला सचिव मंडल सदस्य शिवक पासवान लोकल सचिव भगवान दास पासवान रामवृक्ष धारी विनोद पासवान नौशाद अंसारी कुंदन पासवान आदि उपस्थित थे।

# ईचागढ़ पुलिस की बड़ी कामयाबी, 25 बोरी गांजा जप्त, 3 गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता ईचागढ़**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर जिला क्षेत्र में लगातार एक से बढ़कर एक अबैध कारोबार पर ताबड़तोड़ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ पुलिस द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पर नागासोरेन के पास एक 16 चक्का ट्रक से 25 बोरा गांजा जप्त कर लिया। वहीं ट्रक चालक सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हांलांकि पुलिस द्वारा इस संबंध में किसी तरह का अधिकारिक पुष्टि नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की अहले सुबह रात्री गस्ती के दौरान अहले सुबह करीब 2 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौरव मिश्रा पुलिस वल के साथ उत्तर प्रदेश के बरेली जा रहा एक 16 चक्का ट्रक को रोककर पूछताछ किया गया, जिससे कुछ तस्कर ट्रक से छलांग लगाकर भागने लगा। भागने के दौरान पुलिस पिछा करते चालक सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया एवं ट्रक का तलाशी लेने पर 25 बोरा करीब 10 क्विंटल गांजा जप्त किया गया। पुलिस ट्रक को भी जप्त कर मामले की तहकीकात में जुटी है। रात तक पुलिस कप्तान द्वारा मामले की पुष्टि करने का संभावना जताई जा रही है।पुलिस की यह कार्रवाई बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है।



# 5 ग्रामीणों को सियार ने काटा, गांव में दहशत

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चीतरी एवं चीमटीया गांव में दो दिनों से सियार , लोमड़ी का आतंक से ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। सियार के काटने से 5 ग्रामीण घायल है। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ एवं टी एम एच में इलाजरत है। मिली जानकारी के अनुसार चीतरी निवासी 60 वर्षीय पुरन गोप व 30 वर्षीय खगेश गोप , चीमटीया निवासी योगेश्वर महतो सहित 5 ग्रामीणों को काटकर घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि सियार व लोमड़ी जंगल झाड़ियों से निकलकर गांव और घरों में आ जा रहा है। शाम होते ही घर के आंगन में लोगों पर बार कर घायल कर रहा है। उप मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को अहले सुबह तालाब पोखर के लिए घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सियार, लोमड़ी का उत्पात से ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को उचित मुआवजा का भूगतान करे । उन्होंने कहा कि लगता है कुछ सियार, लोमड़ी पागल हो गया है, जिससे वन विभाग को आवस्यक कदम उठाया जाना चाहिए।



# चंद्रमोहन गोराई ने दी सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 13 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय रघुनाथपुर में सूचना अधिकार दिवस के उपलक्ष पर झारखंड मानवाधिकार संघ के सौजन्य से चंद्र मोहन गोराई के अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक व छात्र छात्राओं को चंद्र मोहन गोराई द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को सरकार से किसी भी प्रकार का सूचना प्राप्त करना मौलिक अधिकार है। सूचना प्रौद्योगिकी के युग में इस अधिनियम लागू करने से आम जनता को काफी फायदा पहुंच रहा है। इस अवसर पर झारखंड मानवधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार कीनु, जिला सलाहकार चंद्र मोहन गोराई, प्रखंड अध्यक्ष सुशेन गोप, सचिव भुवन लोहार, संजय कुमार, मनोरमा देवी, बनमाली बनर्जी, पुष्पा कुमारी आदि उपस्थित थे।



# रिफ्लेक्शन नेटवर्क के डांडिया नाइट में झूमा जमशेदपुर

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 13 अक्टूबर 2023:झशुक्रवार की शाम रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट के द्वारा डांडिया नाइट का भव्य आयोजन होटल कैनेलाइट में किया गया ।कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथी भरत सिंह व विशिष्ठ अतिथी पूर्वी घोष,पूनम वर्मा,बिनय सिंह,हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह ने दीप प्रज्योलित कर की ।कार्यक्रम की शुरूवात भजन गायक रोहित गुलाटी के द्वारा माता के भजनों से हुई ।डांडिया नाइट में महिलाएं,कपल और परिवार के साथ आए लोगों ने जमकर डांडिया का लुफ्त उठाया। डांडिया नाइट में ग्रुप डांस,सोलो डांस,सिंगिंग,सर्वश्रेठ डांडिया का प्रतियोगिता रखा गया,जिसके जज के निशान और चंदन सिंह ने विजेताओं के नाम की घोषणा की ।सभी विजेताओं को रिफ्लेक्शन नेटवर्क इवेंट द्वारा पुरस्कृत किया गया ।साथ ही स्टेज प्रोग्राम,लाइव बॉलीवुड और गुजराती डांडिया के धुन पर सभी थिरकते दिखे ।कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार मौजूद रहे,सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान शॉल ओढ़ा कर किया गया ।कार्यक्रम को आयोजन करने वाली आशा सिंह और सोनू तिलावात ने बताया कि इस तरह के आयोजन से शहर के महिलाओं को खुद के लिए समय निकालने और आनंदित होने का मौका मिलता है, नवरात्री शुरू होने वाली है जिस वजह से महिलाएं पूजा पाठ में व्यस्त हो जायेगी इसलिए इसे देखते हुए डांडिया नाइट का आयोजन पहले किया गया,आने वाले साल में और भव्यता के साथ डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा ।